सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-160 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 01 दिसम्बर 2024
28 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




## संभल की शाही जामा मस्जिद मामले में एएसआई की टीम ने कोर्ट को बताया

# संभल जामा मस्जिद में अवैध निर्माण हुआ

**रिपोर्ट**

- असली स्वरूप बदला गया
- पुरातत्व विभाग को सर्वे से रोका जाता था
- मुख्य गुम्बद की छत पर पीछे की ओर से नए निर्माण किए गए
- अगली सुनवाई आठ जनवरी 2025 को



"शाही जामा मस्जिद का सर्वे पूरा हो चुका है। सर्वे की रिपोर्ट तैयार करने में समय लगेगा। जिससे कोर्ट से समय मांगा गया। कोर्ट ने दस दिन का समय दे दिया है। समय अवधि के भीतर रिपोर्ट दाखिल कर दी जाएगी।

**रमेश सिंह राघव**
**कोर्ट कमिश्नर**

**संभल।** संभल की शाही जामा मस्जिद मामले में एएसआई ने अपना जवाब दे दिया है, जिसमें कई बार मस्जिद कमेटी की ओर से एएसआई की टीम को सर्वे से रोकने का जिक्र है। वहीं डीएम की ओर से उपस्थित डीजीसी सिविल प्रिंस शर्मा ने जवाब देने के लिए समय मांगा है। जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में सुनवाई हुई। सुबह से ही पुलिस बल न्यायालय व उसके आसपास के क्षेत्र सक्रिय रहा।

न्यायालय में यूनियन ऑफ इंडिया प्रतिवादी संख्या दो, डायरेक्टर जनरल एएसआई प्रतिवादी संख्या तीन, आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) प्रतिवादी संख्या चार की ओर से अधिवक्ता विष्णु शर्मा द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया। उनके जवाब में समय-समय पर एएसआई द्वारा विवादित स्थल का सर्वे करने का उल्लेख है। वहीं कई बार मस्जिद कमेटी ने एएसआई सर्वे की टीम को सर्वे करने से रोका, उसका जिक्र भी जवाब में शामिल है। इस जवाब में जामा मस्जिद के केंद्रीय संरक्षित स्मारक होने का भी उल्लेख किया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि वर्ष 1920 से विवादित स्थल एएसआई के संरक्षण में था। एएसआई द्वारा कहा गया है कि मस्जिद के संरचना (स्ट्रेक्चर) में फेरबदल किया गया है। एएसआई द्वारा वर्ष 2018 में जामा मस्जिद कमेटी के विरुद्ध पुरातत्व स्थल पर अवैध रूप से स्टील की रेलिंग लगा कर संरचना में परिवर्तन करने की एफआईआर भी कराई गई थी। जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल प्रिंस शर्मा जो जिला मजिस्ट्रेट की ओर से उपरोक्त मुकदमे में पहले दिन ही उपस्थित हो चुके हैं, उन्होंने उक्त मुकदमे में जवाब देने के लिए समय मांगा है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद की ओर से नियुक्त अधिवक्ता शकील अहमद वारसी व कासिम जमाल न्यायालय में उपस्थित हुए तथा उन्होंने दावे की नकल मांगी। न्यायालय ने अगली सुनवाई की तिथि आठ जनवरी 2025 तय कर दी। विष्णु शर्मा, अधिवक्ता यूनियन ऑफ इंडिया ने कहा मैंने यूनियन ऑफ इंडिया, आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। हमने अपनी बात अपने जवाब व फोटो के माध्यम से न्यायालय के समक्ष रखी है। कमिश्नर की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर 10 दिसंबर तक रोक

**प्रभावित इलाकों में पुलिस गश्त तेज**

मुरादाबाद जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा के बीच संभल जिला प्रशासन ने शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। जिला प्रशासन ने शनिवार को आदेश जारी कर 10 दिसंबर तक जिले में बाहरी लोगों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले की सीमा में किसी भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना और किसी भी अप्रिय स्थिति को टालना है।

"हमने न्यायालय से दावे की कॉपी की मांग की है। दावे की कॉपी मिलने पर यदि किसी न्यायालय द्वारा कोई रोक नहीं लगाई जाती है तो जामा मस्जिद की ओर से जवाब दाखिल किया जाएगा।

**शकील अहमद वारसी,**
**अधिवक्ता जामा मस्जिद**

जामा मस्जिद की ओर से जवाब देने के लिए हम सारे सबूत इकट्ठे कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने क्या आदेश दिया है, इसकी हमें अभी कोई जानकारी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति मिलने पर आदेश का पालन किया जाएगा।

**कासिम जमाल,**
**अधिवक्ता जामा मस्जिद**

### केजरीवाल पर हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर हमला हो गया। पदयात्रा के दौरान उन पर एक व्यक्ति ने कोई तरल पदार्थ फेंक दिया। हालांकि वहां तैनात सुरक्षा टीम ने उसे तुरंत पकड़ लिया। वारदात के बाद एकदम से राजधानी में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। दिल्ली में होने वाले विधानसभा के मद्देनजर आप और बीजेपी के बीच आरोपों का दौर शुरू हो गया। घटना के बाद आप इल्जाम लगाते हुए इसके पीछे भाजपा का हाथ बताया। साथ ही उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर सवाल करते हुए कहा कि उनसे दिल्ली में कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। इस हमले के बाद अब ये जग जाहिर हो चुका है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस हमले को लेकर ट्विटर पर लिखा, आज दिन दहाड़े भाजपा के कार्यकर्ता ने अरविंद केजरीवाल पर हमला किया। दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है। भाजपा वालों, दिल्ली के लोग ऐसी घटिया हरकतों का बदला लेंगे।

# बांग्लादेश में बंद हो हिन्दुओं पर अत्याचार: आरएसएस

- आरएसएस की दो टूक
- चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी अन्यायपूर्ण : होसबले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि हिंदुओं पर अत्याचार बंद हों और इस्कॉन भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत जेल से रिहा किया जाए।

आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने एक बयान में भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने के अपने प्रयास जारी रखने और जितनी जल्दी हो सके इसके समर्थन में वैश्विक राय बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। आरएसएस नेता ने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदाय एवं संस्थाएँ बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए तथा अपनी-अपनी सरकारों से इस हेतु हरसंभव प्रयासों की माँग करना विश्व शांति एवं भाईचारे हेतु आवश्यक है। आपको बता दें कि बांग्लादेश पुलिस ने इससे पहले सोमवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे क्षेत्र से गिरफ्तार किया था, जब वह चटगांव की यात्रा कर रहे थे।

### यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें



"होसबले ने एक बयान में साफ तौर पर कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत सरकार से भी यह आवाहन करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखे तथा इस के समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें।

# प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ की लागत से बनेंगे नए हाईवे : सीएम योगी

- सीएम और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक
- सड़कों को त्वरित गति से दी जाएगी जमीन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए हाईवे बनेंगे। इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी। साथ ही महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के काम भी 25 दिसंबर तक पूरे करने होंगे।

ये निर्देश सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए। सीएम के सरकारी आवास पर शनिवार को हुई इस बैठक में प्रयागराज महाकुंभ-2025 से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों और सड़क परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश में नई सड़क परियोजनाओं पर चर्चा हुई। बरेली में एनएच 530बी के सुदृढ़ीकरण, प्रतापगढ़ जिले में एक बाईपास, प्रयागराज-दोहरीघाट मार्ग को दो लेन से चारलेन करने, बाराबंकी-जरवल-बहराइच मार्ग (एनएच 927) के निर्माण, कबरई-कानपुर कॉरिडोर के निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि शामली-गोरखपुर कॉरिडोर और अलीगढ़-मुरादाबाद-बिजनौर कॉरिडोर की बिड आ गई है, जबकि अयोध्या (उतरौला)-प्रयागराज के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए बिड आमंत्रित की गई है। प्रयागराज-वाराणसी-आरा-पटना कॉरीडोर के लिए भी बिड आमंत्रित की गई है। गोरखपुर-जमनिया-सैयदराजा कॉरीडोर और गोरखपुर-किशनगढ़-सिलीगुड़ी कॉरीडोर के लिए डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।

## फेंगल तूफान तमिलनाडु पुडुचेरी तट से टकराया



**चेन्नई।** चक्रवात फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों ने दस्तक दे दी है। फेंगल के कारण कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उधर, चेन्नई हवाई अड्डे पर भी तूफान का असर पड़ा है, जहां उड़ानें प्रभावित हुई हैं। हवाई अड्डे को सात बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेन्नई हवाई अड्डा ने एक्स पर कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है, ताकि मौसम की स्थिति में सुधार के बाद उड़ानों का संचालन जल्द शुरू किया जा सके। 4 बजकर 30 मिनट पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित पक्षों और आईएमडी के अधिकारियों ने भाग लिया।

### चिन्मय दास के बाद बांग्लादेश में एक और हिंदू पुजारी गिरफ्तार

**कोलकाता।** इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद एक और हिंदू पुजारी श्याम दास प्रभु को भी गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक श्याम दास प्रभु, चिन्मय दास से मिलने पहुंचे थे। श्याम दास को बिना किसी आधिकारिक वारंट के गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता राधारमण दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक और ब्रह्मचारी श्याम दास प्रभु को आज चटगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, कुंडलिधाम मठ के प्रवक्ता कुशल बरुण चक्रवर्ती ने भी दावा किया कि हिंदू नेता और कुंडलिधाम मठ के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास के दो सहयोगियों आदिनाथ प्रभु और रंगनाथ दास को चटगांव शहर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों जेल में बंद चिन्मय दास से मिलने पहुंच थे।

## त्रिपुरा में निजी अस्पताल का बड़ा फैसला बांग्लादेशी मरीजों का नहीं करेंगे इलाज

- अस्पताल में हर महीने कैंसर के 100 से अधिक बांग्लादेशी मरीज आते है



**अगरतला।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हो रहे अत्याचार को लेकर भारत में कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। प्रदर्शनकारियों के एक समूह के दबाव के बाद अगरतला स्थित एक मल्टी-स्पेशियलिटी निजी अस्पताल ने शनिवार को बांग्लादेशी नागरिकों का इलाज नहीं करने का फैसला किया।

दरअसल, शनिवार दोपहर को अस्पताल के बाहर एक समूह विरोध प्रदर्शन कर रहा था, जिसके चलते अस्पताल ने यह फैसला लिया। आईएलएस अस्पताल अपनी निकटता और किफायती उपचार लागत के कारण पड़ोसी देश के मरीजों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य रहा है। अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी, गौतम हजारिका ने निर्णय की पुष्टि करते हुए कहा, हम अपने अस्पताल में बांग्लादेश के लोगों का इलाज नहीं करने की मांग का पूरा समर्थन करते हैं। अखौरा चेक पोस्ट और आईएलएस अस्पतालों में हमारे हेल्प डेस्क आज से बंद कर दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक इस अस्पताल में हर महीने कैंसर के सौ से अधिक बांग्लादेशी मरीज आते हैं। हजारिका की टिप्पणी उन लोगों के एक समूह के जवाब में आई है, जिन्होंने अस्पताल में विरोध प्रदर्शन करके मांग की थी कि बांग्लादेशी नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान नहीं की जाएं।

## महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच को



**मुंबई।** एक सप्ताह के लंबे इंतजार के बाद महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान हो गया। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को शाम पांच बजे आजाद मैदान मुंबई में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। हालांकि अभी महायुति ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए एक हफ्ता हो चुका है लेकिन सरकार गठन को लेकर कवायद नहीं हुई है। पिछले दिनों दिल्ली में अमित शाह ने महायुति नेताओं के साथ बैठक की थी। इसके बाद महाराष्ट्र में महायुति के नेताओं की बैठक होनी थी, लेकिन वह टल गई। उधर, विपक्ष लगातार नई सरकार के गठन को लेकर सवाल उठा रहा था। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण समारोह की तारीख का एलान कर दिया।

**तंज** मोदी सरकार पर फिर बरसे राहुल गांधी

# अडानी अमेरिका में अपराधी : राहुल

- पीएम मोदी अडानी को दोषी नहीं ठहराएंगे
- संविधान कहता है सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए



**वायनाड।** लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिकी रिश्वत मामले में अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदानी को बचाने का आरोप लगाया। वायनाड में एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि लोकसभा में हम एक राजनीतिक विचारधारा से लड़ रहे हैं।

हम भावनाओं, प्यार के बारे में बात कर रहे हैं। भाजपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि वे नफरत, विभाजन, हिंसा के बारे में बात करते हैं। संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। राहुल ने दावा किया कि प्रधान मंत्री मोदी का कहना है कि अडानी के साथ हर दूसरे भारतीय की तुलना में अलग व्यवहार किया जाएगा।

पीएम मोदी का कहना है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अडानी को संयुक्त राज्य अमेरिका में दोषी ठहराया गया है, संयुक्त राज्य अमेरिका में अपराधी कहा गया है। भारत में, हम उसे दोषी नहीं ठहराएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उनके पास पूरी सरकार है। उनके पास मीडिया है। पैसा, खुफिया एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आईटी और हमारे पास कुछ भी नहीं है। हमें तो बस जनता की भावना है। मेरे लिए यह आश्चर्य की बात है कि हर बार लोगों की भावना ही जीतती है। मुझे विश्वास है कि हम बीजेपी की विचारधारा को हराएंगे। यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस सांसद ने इस मुद्दे पर पीएम मोदी की आलोचना की है। इससे पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गांधी ने गौतम अडानी की गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि उन्हें उनके किए की सजा मिलनी चाहिए।

### भाजपा लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन नहीं करती : प्रियंका गांधी

"**कोझिकोड।** केरल के वायनाड से उपचुनाव जीतने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को पहली बार राहुल गांधी के साथ अपने संसदीय क्षेत्र पहुंची। प्रियंका गांधी ने यहां भाजपा पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह राजनीतिक लड़ाई में भी सामान्य लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन नहीं करती। प्रियंका ने भाजपा के व्यवहार की तुलना जुलाई में वायनाड में हुए भूस्खलन से की और कहा कि प्राकृतिक आपदा की तरह भाजपा का आचरण किसी नियम और किसी लोकतांत्रिक मानदंड का पालन नहीं करता, जिनका आमतौर पर राजनीतिक लड़ाई में पालन किया जाता है। प्रियंका ने यह भी आरोप लगाया कि संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है, जिससे चुनावी प्रक्रिया और "हमारे देश को एकजुट रखने वाली संस्थाओं" में लोगों का बुनियादी विश्वास डगमगा रहा है।

# संभल हिंसा में मृतकों के परिजन को देंगे पांच-पांच लाख रुपये : अखिलेश

- सपा नेताओं के घर पुलिस का रहा पहरा
- संभल जाना था 15 सदस्यीय डेलिगेशन



**लखनऊ।** यूपी के संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को समाजवादी पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। सांसद रुचि वीरा ने बताया कि मृतकों के परिजन के साथ पार्टी की संवेदनाएं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने परिजन की मदद करने की घोषणा की है। सहायता राशि परिजन को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।

यही नहीं समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करे। आपको बताते चलें कि बीती 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे के दौरान संभल में बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे।

यहां तक कि डिप्टी एसपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। इसके बाद से वहीं पर स्थिति तवनाव पूर्ण है। दूसरी तरफ मामले में राजनीति भी खूब हो रही है। बताते चलें कि शनिवार की सुबह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी गई। साथ ही विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के डालीबाग स्थित आवास के बाहर भी पुलिस तैनात कर दी गई। दरअसल सपा के डेलिगेशन को संभल जाना था। इससे पहले ही नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बन तैनात कर दिया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का 15 सदस्यीय डेलिगेशन संभल जाने वाला था। सपा नेता संभल में पीड़ितों से मिलकर जानकारी जुटाने की बात कह रहे थे। इसके बाद इसकी जानकारी सपा मुखिया के साथ साझा करना था। उनके निकलने से पहले ही पुलिस उनके घरों के बाहर तैनात मिली।

# शिक्षा और सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन को बनाएं खुशहालः नोडल अधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले की नोडल अधिकारी सचिव, वित्त विभाग उत्तर प्रदेश मिनिस्ती एस तहसील पलिया के थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम घुसकिया पहुंची, जहा उनकी अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित हुई। कार्यक्रम का सफल संयोजन एसडीएम कार्तिकेय सिंह और परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने किया नोडल अधिकारी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार संग ग्राम चौपाल का दीप जलाकर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। आज राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की पांच बालिकाओं ने सरस्वती वंदना, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत और मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत किया। थारू महिलाओं के दल ने होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया नोडल अधिकारी ने कहा कि डीएम दुर्गा के नेतृत्व में इस जिले में




बेहतर काम हो रहा है। इसके लिए पूरा प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने मौजूद एसडीएम व सीओ को दफ्तर में प्रेरणा कैंटीन खोलने का सुझाव दिया। कहा कि सशक्तिकरण की घर से शुरुआत होती है, जहां महिलाएं काम कर रही हैं वहां चेंजिंग रूम और महिलाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था हो। व्यवस्थाओं को और सशक्त बनाएं, प्रशासन का काम है सेवा। इसीलिए प्रशासनिक सेवा नाम दिया गया है। थारू समाज से अपील की कि वह बेटियों को स्कूल अवश्य भेजें, विद्या ही धन है। आने वाली पीढ़ी को शिक्षा ग्रहण कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सीख दें और उन्हें मेहनत करना सिखाए। कर्म को भगवान की पूजा मानकर आगे बढ़े। शिक्षा और सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अपने दो दिनों के जनपद भ्रमण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त होने पर पूरा जिला प्रशासन आभारी है। उनके द्वारा दिए गए क्रांतिकारी सुझावों पर अमल करते हुए पूरी टीम के माध्यम से जमीन पर क्रियान्वित करेंगे। आज थारू जनजाति समाज ने अपने संघर्ष और हार्डवर्किंग से अपनी एक अलग पहचान बनाई। इस समाज के बच्चे नौकरी में नाम कमा रहे हैं कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सौनहा की आस्था, रिंकी, सलोनी, नैंसी को नेस्ट्स द्वारा भुवनेश्वर, ओडीशा में आयोजित 5वें राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं कला उत्सव व लिटरेरी फेस्ट में प्रतिभाग कर समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हेतु सम्मानित किया। यह सम्मान बच्चियों ने अपनी म्यूजिक टीचर शिवांगी मिश्रा के नेतृत्व में प्राप्त किया नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने डीएम और सीडीओ के साथ थारू जनजाति क्षेत्र के निराश्रित, जरूरतमंद महिला और पुरुषों को कंबल का वितरण किया। नोडल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर तैयार कराई डिग्निटी किट का वितरण दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं को किया तहसील पलिया के थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम घुसकिया पहुंचकर नोडल अफसर मिनिस्ती एस ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ 24ङ्क7 परिवार कल्याण उपकेंद्र का निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने परिवार कल्याण उपकेंद्र की वर्किंग और एएनएम का अपने काम के प्रति समर्पण को भी रेखांकित किया। एएनएम क्रांति राणा ने नोडल के पूछने पर बताया कि वह स्किल बर्थ अटेंडेंट का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है। केंद्र पर रहकर अप्रैल माह से अबतक 74 सुरक्षित प्रसव कर चुकी है। बताते चलें कि पूरे जिले में रिमोट एरिया में ऐसे 06 उपकेंद्र संचालित है नोडल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग घुसकिया के पंचायत भवन का भी निरीक्षण कर वर्किंग जानते हुए व्यवस्थाओं की पड़ताल की। पंचायत भवन में मौजूद पंचायत सहायक पूजा राणा से उनके कामकाज की जानकारी ली। नोडल के पूछने पर पूजा ने बताया कि जाति आय निवास के अब तक 105 प्रमाण पत्र जारी किए हैं।

# सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सड़क सुरक्षा माह के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल के दिशानिर्देशन में सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कि वाहन चालक सावधानी पूर्वक अपने वाहन का परिचालन एवं यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना है। सड़क दुर्घटना के अधिकतर मामलों में तेज गति से वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी की बात सामने आती है। यातायात नियमों का पालन करते हुए सजगता के साथ वाहन




परिचालन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।इसलिए यदि चालक दोपहिया वाहन चला रहे हैं तो हेलमेट जरूर पहने और यदि कार या भारी वाहन चला रहे तो सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। यातायात संकेतों की अनदेखी न करें तथा तेज गति और नशे की हालत में वाहन न चलाये। इसीक्रम में अंग्रेजी विभाग की प्रो. नीलम त्रिवेदी ने छात्र छात्राओं को बताया कि यातायात नियमों का पालन कर हम अपने और अपने परिजनों का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं।यातायात नियमों के सम्बंध सभी विद्यार्थी एवं विशेष रूप से छात्रायें अपने परिवारीय सदस्यों व सम्बंधियों को जागरूक करें क्योंकि उनके निवेदन पर परिजन अधिक ध्यान देते हैं। संवाद कार्यक्रम के अंत में प्रो. सुभाष चन्द्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों को यातापात नियमों के पालन की शपथ दिलाई तथा सड़?क दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने व उसकी सहायता करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो. नूतन सिंह,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विजय प्रताप सिंह, दीपक बाजपेई,सौरभ वर्मा, मानवेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2024 का नगर पंचायत धौरहरा द्वारा भव्यता के साथ किया शुभारंभ



**लखीमपुर-खीरी।** दिनांक 29 नवंबर 2024 को स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2024 का नगर पंचायत धौरहरा द्वारा भव्यता के साथ शुभारंभ किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रतिभा किया गया उक्त शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह द्वारा स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2024 में वार्ड स्तरीय मूल्यांकन हेतु पैरामीटर के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई तथा मूल्यांकन ससमय पूर्ण किए जाने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 3 वार्ड को जन जागृति दिवस पर सम्मानित किए जाने हेतु अवगत कराया गया साथ ही स्वच्छ शौचालय अभियान के बारे में भी विस्तृत से जानकारी दी गई व स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी थीम के अन्तर्गत नगर के सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचायलयों पर स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों द्वारा बनायी गयी संकेतात्मक वॉल पेंटिंग का जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं नागरिकों को जागरूक करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## सफाई मित्रों एवं केयरटेकरों को सम्मानित किये जाने हेतु सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**लखीमपुर-खीरी।** धौरहर दिनांक 30 नवंबर 2024 को स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ शौचालय अभियान के अन्तर्गत नगर पंचायत धौरहरा जिला खीरी द्वारा निकाय में निर्मित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों एवं केयरटेकरों को सम्मानित किये जाने हेतु कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निकाय समस्त सफाई मित्रों, केयरटेकरों एवं सफाई सुपरवाइजरों का नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खां, अधिशाषी अधिकारी गौरव सिंह व नगर के वार्ड सदस्यों एवं नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

## पसगवां थाने के दरोगा द्वारा ब्राम्हण समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के सम्बन्ध मे पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**लखीमपुर-खीरी।** पसगवां थाने के दरोगा द्वारा ब्राम्हण समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी से आहत ब्राम्हण समाज को एक जुट करके ब्राम्हण परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष अवधेश मिश्रा ,पुत्तन मिश्रा, सौरभ पांडेय के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक 30/11/24 को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लखीमपुर नगर के तमाम ब्राम्हण अधिवक्ता साथियों के साथ तमाम ब्राम्हण संगठनों के पदाधिकारियों और ब्राम्हण साथियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर निलंबन की मांग की।जिसमें तमाम ब्राह्मण भाई मौजूद रहे विजय मिश्र गड्डू तिवारी, प्रभात शुक्ल , आदेश बाजपेई , अतुल शुक्ल,संजय मिश्र आचार्य,मुनेंद्र त्रिपाठी ,अमित दुवेदी आदि अधिवक्ता साथी और तमाम ब्राह्मण साथी मौजूद रहे।

# नोडल ने बाटे आयुष्मान कार्ड, टीवी मरीजों को पोषण पोटली

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जांचने के लिए शनिवार को जिले की नोडल अधिकारी व सचिव वित्त मिनिस्ती एस, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा की उपलब्धता, वार्ड, औषधि भंडार सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पड़ताल की नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में सर्वप्रथम एंटी रेबीज रजिस्टर देखा। एक्सेल शीट पर डाटा अनुरक्षित करने के निर्देश दिए। सीएमओ से जाना कि इंजेक्शन की चार डोज कितने दिनों के अंतराल पर दी जाती है। इंजेक्शन की सभी डोज लग जाए फॉलो करते हुए सुनिश्चित करें। सीएमओ ने बताया कि टीकाकरण और टीबी मरीजों की मॉनिटरिंग के लिए पोर्टल की व्यवस्था है नोडल ने डीएम संग इमरजेंसी वार्ड में भर्ती छोटेलाल 65 वर्ष बल्लीपुर से उनकी कुशलता जानी। परिजनों से 108 एंबुलेंस सेवा जानकारी की। नेत्र रूम में नेत्र चिकित्सक से वार्ता की। चश्मे के नंबर यहां से और चश्मा जिला मुख्यालय से प्राप्त होते



हैं। निर्देश दिए सीडीओ चश्मा वितरण का रिव्यू करते हुए समय उसका से वितरण सुनिश्चित कराए। चश्मा वितरण में अनावश्यक विलंब ना हो। डेंटल कक्ष में सुनीता देवी का चिकित्सक डॉ सुधाकर द्वारा इलाज किया जा रहा था।टीकाकरण कक्ष में लगे व्हाइट बोर्ड पर अपडेटेड फिगर अंकित मिले। विभिन्न पंजिकाए भी देखी। एक्स-रे रूम में पहुंचकर मशीन की क्रियाशीलता देखी नोडल ने सुझाव दिया कि लीडरशिप लेकर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक्स-रे मशीन और टेक्नीशियन के साथ स्थानीय चिकित्सा क्षेत्र के विद्यालयों के पैरामेडिकल ट्रेनी को जोड़े। टेक्नीशियन के सुपरविजन और गाइडेंस में डेडीकेटेड बच्चों को प्रशिक्षित कराए और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करे। इससे जहां एक और एक्स-रे सुविधा में आम जनता को सहूलियत होगी। वही इन्हें भी प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इन ट्रेनी बच्चों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दें। एमओआईसी ने गर्भवती महिलाओं को एसएचजी से प्रदान किए जाने की बात की। मरीजों ने भी भोजन मिलने की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान नोडल ने जरनल वार्ड में भर्ती इटउवा के धीरेंद्र कुमार और बिसेनपुरी निवासी कमली देवी के संबंध में चिकित्सको से मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी ली, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु निर्देश दिए। सरकारी क्षेत्र की पैथोलॉजी सेवा को भी स्थानीय मेडिकल क्षेत्र के विद्यालय से जोड़कर ट्रेनी को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए । नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने डीएम और सीडीओ के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया के निरीक्षण के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया डॉ भरत सिंह की सराहना कर प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश दिए सीएचसी पलिया के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने डीएम, सीडीओ और सीएमओ के साथ 70 प्लस आयु वर्ग वाले पांच आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया।

## पसगवां थाने में तैनात एक दरोगा का जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी करने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**लखीमपुर-खीरी।** पसगवां थाने में तैनात एक दरोगा का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें वह एक जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी करता सुना जा रहा है। एसपी ने सीओ मोहम्मदी से रिपोर्ट मांगी है। जल्द ही दरोगा पर कार्रवाई हो सकती है। रिकार्डिंग में पसगवां थाने में तैनात दरोगा राघवेंद्र सिंह महिला से कह रहा है कि वह पेशे से तो वर्दीधारी है, लेकिन है बहुत ही बदतमीज है। रिकार्डिंग में दरोगा जातिवादी टिप्पणी करते सुनाई दे रहा है। वह आगे कहता है कि रात में दो बजे घर में घुसकर महिलाओं व बच्चों को बेइज्जत करेगा और उठा ले जाएगा। रिकॉर्डिंग से चर्चाओं का बाजार गर्म है। अधिकारियों ने रिकॉर्डिंग का संज्ञान लिया है। उधर दरोगा राघवेंद्र सिंह का कहना है कि वह किसी से अभद्रता कर रहा था और न ही कोई जातिवादी टिप्पणी उसने की। फोन करने वाली महिला प्रधान को वह संतुष्ट कर रहा था और कोई बात नहीं है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीओ मोहम्मदी से दरोगा की रिपोर्ट मांगी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही सीओ मोहम्मदी एसपी को रिपोर्ट देंगे। रिपोर्ट के आधार पर लाइन हाजिरी की कार्रवाई हो सकती है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि सीओ से रिपोर्ट मांगी गई है। वायरल रिकॉर्डिंग की सत्यता जांची जा रही है। अगर रिकॉर्डिंग सही है तो जल्द ही दरोगा पर कार्रवाई होगी।

## वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा कोतवाली सदर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 815/2024 धारा 2 (बी) 1/3 गैंगेस्टर एक्ट के वाँछित अभियुक्त सुरेश पुत्र जुग्गीलाल निवासी खगियापुर गढपुरवा थाना धौरहरा को जटपुरवा परशबेहड़ मोड़ से मय 01 तमंचा नाजायज 315 बोर व 01 मिस कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## धीरेंद्र शास्त्री पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी, कट्टरपंथी संगठन पीएफआई से कर दी तुलना

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के कट्टर वाले बयान पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मौलाना ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री की शिक्षा और भाषण समाज को खोखला करने वाले हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर फिर निशाना साधा है। मौलाना ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री लोगों से कट्टर बनाने की बात कह रहे हैं, ये देश और समाज के लिए नुकसानदायक है। कट्टरपंथी संगठन पीएफआई और धीरेंद्र शास्त्री में क्या फर्क रह जाएगा। शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि कट्टरपंथी से बहुत सारे देश परेशान हैं। हमारा देश भी कट्टरता के खिलाफ हर मंच से आवाज बुलंद करता रहा है। ये मर्ज जिस देश में भी लग गया तो वो देश खोखला हो जाता है। कट्टरता एक बहुत बड़ी बीमारी है। ये नासूर है। इससे बचना बहुत जरूरी है। धीरेंद्र शास्त्री हिंदू जोड़ो यात्रा पर हैं, वो जगह-जगह अपने लोगों से ये कह रहे हैं कि कट्टर बनो। उनकी ये शिक्षा और भाषण समाज को खोखला करने वाले हैं।

मौलाना ने कहा कि देश में कुछ कट्टरपंथी संगठन थे, जिस पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाकर अच्छा कदम उठाया। हमने इसका दिल से स्वागत किया। मौलाना ने धीरेंद्र शास्त्री से गुजारिश करते हुए कहा कि वो खूब यात्राएं निकालें और खूब भाषणबाजी करें। मगर देश की जनता को कट्टरपंथी विचारधारा अपनाने की वकालत न करें। उनके हित में भी होगा और समाज व देश के हित में भी है। बता दें कि बागेश्वर धाम से निकाली गई सनातन हिंदू एकता यात्रा के समापन पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वो गांव-गांव जाकर कट्टर हिंदू बनाएंगे।

# बरेलीः संभल जा रहे सपाइयों की पुलिस से झड़प, जिलाध्यक्ष चकमा देकर निकले तो झुमका पर रोका...

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** एक दिन पहले सीबीगंज में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को संभल जाने से पुलिस ने रोका था। अब शनिवार दोपहर संभल जाने के लिए निकले सपाइयों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उधर संभल जा रहे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप को रोकने पहुंची पुलिस के साथ सपा पदधिकारियो की झड़प हो गई। इससे पहले सपा कार्यालय से बाहर निकल रहे सपा पदाधिकारियों को वहीं रोक दिया गया। वहीं सपा जिलाध्यक्ष कोषाध्यक्ष अशोक यादव के साथ बाइक से निकल गए। हालांकि उन्हें झुमका चौराहे के पास पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने संभल जाने का एलान किया था। उनके नेतृत्व में



प्रतिनिधिमंडल संभल निकलता उससे पहले ही उन्हें लखनऊ में हिरासत में ले लिया गया। इधर बरेली में सपा जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी शनिवार को संभल जाने का निर्णय लिया था।

लिहाजा सभी मिशन कंपाउंड स्थित पार्टी कार्यालय पर जमा हुए। सभी एक साथ संभल जाने के लिए निकले तो पुलिस ने उनको रोक दिया। सपा कार्यकर्ता किसी तरह कार्यालय से बाहर निकले। रोकने को लेकर उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इसी बीच सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप पुलिस को चमका देकर दूसरे गेट से बाइक लेकर निकल गए। पुलिस वाले भी उन्हें पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन जिलाध्यक्ष हाथ नहीं आए। अन्य सपाइयों ने गिरफ्तारी दी। जिन्हें पुलिस लाइन ले जाया गया। इस दौरान आक्रोशित सपाइयों ने नारेबाजी की।

**भारी पुलिस बल रहा मौजूद**

इधर एसपी सिटी मानुष पारीख, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव समेत कई थानों का पुलिस बल सपा कार्यालय पर मौजूद रहा। यहां पर पुलिस ने कई सपा पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस वैन में बैठने के दौरान सपाइयों से जोरदार भिड़ंत हुई। काफी धक्का-मुक्की के बाद सपाइयों को पुलिस लाइन ले जाया गया। इसके अलावा सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप को झुमका चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। वहां से उनको सीबीगंज थाने में लाया गया। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, अरविंद यादव, राजेश अग्रवाल,अशोक यादव, सुल्तान बेग, समर्थ मिश्रा आदि मौजूद है।

## शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण न करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री हैल्पालाइन, जिलाधिकारी संदर्भ, ऑनलाइन संदर्भ, पीजी पोर्टल के डिफाल्टर होने वाले संदर्भों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ करें। सभी प्रकरणों का समयान्तर्गत व डिफाल्टर होने से पूर्व निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आईजीआरएस माध्यम से प्राप्त लम्बित एवं डिफॉल्टर प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। असंतोषजनक निस्तारण एवं फीडबैक के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि असंतोषजनक फीडबैक की संख्या ज्यादा होने से जिले की ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डीएम ने नवम्बर माह की जारी होने वाली रैंकिंग में निर्धारित समय के बाद निस्तारण एवं डिफॉल्टर करने वाले विभागों के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। मनीष बंसल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग का प्रकरण डिफाल्टर न हो। डिफाल्टर होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होने



सभी अधिकारी इस पर ध्यान दें कि शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण में लापरवाही न हो। प्रकरणों में असंतोषजनक फीडबैक की संख्या को कम करें। शासन द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है कि समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जनशिकायतों का असंतोषजनक एवं गलत निस्तारण कतई न किया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत को निस्तारित माना जाए। शिकायतों के निस्तारण की आख्या में जियोटैग फोटो लगाने के भी निर्देश सभी अधिकारियों को कहा कि प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल चौक करें। यदि कोई प्रकरण विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे यथाशीघ्र वापस कर दें। शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही शिकायत को निस्तारित माना जाए। उन्होने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निरंतर अपने अधीनस्थों से भी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी लेते रहें और आवश्यकतानुसार अपने उच्च स्तरीय अधिकारियों से भी मार्गदर्शन प्राप्त करते रहें।

## पार्कों को करें पुनर्जीवित, 01 जनवरी को कराए उद्घाटनः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पार्क आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्कों को पुनर्जीवित कर उसका 01 जनवरी को उद्घाटन करने के लिए भी कहा।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहय निरीक्षण के दौरान बंदोबस्त कार्यालय के बाहर सड़क की ओर बनाए गए शौचालय को जल्द से जल्द संचालित करने के लिए कहा। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न स्थानों पर संचालित पेयजल टंकियो के नीचे स्टील की ट्रे लगाने ताकि उस पर जंग ना लगे व आसपास समुचित सफाई व्यवस्था रखने के लिए कहा। कलेक्ट्रेट में विभिन्न स्थानों पर संचालित पेयजल व शौचालय की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर जगह-जगह संकेतक लगाने के लिए कहा ताकि वहां आमजन सुगमता से पहुंच सके।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कोषागार के सामने आदि स्थानों पर लगे विभिन्न पेड़ों आदि की छटाई कराने के लिए कहा। उन्होंने एनआईसी कार्यालय के पीछे की ओर पड़े कबाड की नीलामी कर कर वहां समुचित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट में बनाए गए पार्कों को पुनर्जीवित करते हुए विभिन्न प्रजातियों के अच्छे फूल वाले पौधों को लगाने तथा बेंच लगाने के लिए कहा ताकि वहां आम लोग बैठ सकें साथ ही पार्क का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराकर एक जनवरी को उसका उद्घाटन करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी रामकिशोर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कार्य प्रगति संतोषजनक न मिलने पर डीएम ने जिम्मेदारों को लगाई फटकार

अवधनामा ब्यूरो



**उद्योग एवं व्यापार बंधुओं की समस्या का तत्काल निस्तारण के दिये निर्देश**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उद्योग एवं व्यापार बंधुओं की समस्या को सुन निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उप्र ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के एमओयू क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग एवं पर्यटन विभाग की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि एक माह में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त निवेश मित्र पोर्टल पर जिले के उद्यमियों/निवेशकों के विभिन्न विभागों से समयबद्ध स्वीकृतियों जारी किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें उप्र पावर कार्पोरेशन लि. कृषि विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लम्बित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिशीघ्र प्रकरण निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया। ऐसे लम्बित प्रकरणों वाले विभागों के शासन स्तर के उच्चाधिकारियों को कार्यवाही हेतु लिखे जाने का निर्देश जिलाधिकारी/ अध्यक्ष द्वारा उपायुक्त उद्योग को दिया गया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी ऋण योजनान्तर्गत प्रगति समीक्षा की गई तथा जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु माह मार्च का इंतजार न किया जाय बल्कि एलडीएम/बैंकर्स के सहयोग से अतिशीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में श्रमिकों द्वारा आवेदन कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त व्यापार बन्धु की बैठक में डिप्टी कमिश्नर, राज्य कर विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि किसी व्यापारी की कोई समस्या प्राप्त नहीं हुई है।

# कपड़े की दुकान में लगी आग, दो लाख की क्षति



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के देवपोखर बाजार में शुक्रवार की रात करीब सात बजे शार्ट सर्किट से रेडिमेड कपड़े की दुकान में आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना के एक घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकी थी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया। दुकानदार के मुताबिक करीब दो लाख की साड़ी और रेडिमेड कपड़े जल गए। बताया जा रहा है कि उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवां खुर्द के कर्मा टोला निवासी नैपाल सिंह कई वर्षों से देवपोखर बाजार में एक पक्के मकान में साड़ी और रेडिमेड कपड़े की दुकान खोल रखे है। शुक्रवार की रात लगभग सात बजे अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया जिससे दुकान में आग लग गई। कपड़े की दुकान होने से आग विकराल रूप ले लिया कुछ ही समय सबकुछ खाक के दिया। आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को भी दी गई लेकिन हमेशा की तरह देरी पहुंचने वाला फायर बिग्रेड यहां भी पहुंचा तब तक आस पास लोग काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दुकानदार द्वारा बताया गया कि इस आग लगी में करीब दो लाख रुपए की क्षति हुई है।

## डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ का दिनांक 30.11.24 को डॉ.वी.के. सिंह आईएएस जिलाधिकारी और आलोक प्रियदर्शी आईपीएस पुलिस अधीक्षक द्वारा कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। जेल बैरकों, अस्पताल बैरक, भोजनालय, कौशल विकास केंद्र का निरीक्षण किया। बैरक संख्या 02 एबीसी के बंदी ने जमानत के लिए अधिवक्ता दिलाए जाने के निर्देश दिए गए। जेल में बंदियों द्वारा बनाए जा रहे काऊ कोट एवं काऊ सेफ्टी रिफ्लेक्टर कॉलर बैंड को भी देखा। कारागार की भोजन व्यवस्था को पुनः स्नस्स्ध्द द्वारा फाइव स्टार रेटिंग प्रदान किए जाने पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के कार्यों की प्रशंसा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद की गौशालाओं में रह रहे गौवंशों के लिए काऊ कोट और काऊ सेफ्टी रिफ्लेक्टर कॉलर बैंड अधिक मात्रा में बनाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जेल की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई।

## जिलाधिकारी बीके सिंह ने औचक निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा संविलियन प्राथमिक विद्यालय ग्वालटोली, नगर क्षेत्र फर्रुखाबाद का औचक निरीक्षण किया, विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता खराब पाई गई इसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई व सुधार के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा गणित से संबंधित सवालों को बच्चों से हल कराया गया, विद्यालय प्रांगण में साफ- सफाई का अभाव पाया गया, इसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई व बेसिक शिक्षा अधिकारी को ईओ नगर पालिका से समन्वय करके साफ सफाई कराने के लिये निर्देशित किया गया, जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से मिल रहे मिड डे मील की क्वालिटी के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## समग्र शिक्षा अंतर्गत कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत कैरियर गाइडेंस व करियर मेले का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को उनके रुचि के अनुसार शिक्षा दिए जाने पर चर्चा कर छात्रों के द्वारा बनाए गए चित्रों को सराहा गया। रामपुरा क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल नरौल में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरौल भानुप्रताप एवं प्रधानाचार्य गोपाल शरण शुक्ला द्वारा फीता काटकर सामग्र समग्र शिक्षा कैरियर गाइडेंस व कैरियर मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समर सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामआसरे , चित्तर सिंह बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनीष मोनस , वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी ने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को उन्हे अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार शिक्षा ग्रहण करने व आत्मविश्वास के साथ कैरियर बनाए जाने पर वल दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भानुप्रताप ने छात्रों को समय की महत्वता बताते हुए रुचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण करने व अपने भविष्य को सुनहरा बनाने की बात कही। विजय द्विवेदी ने छात्र छात्राओं को राष्ट्र का भविष्य बताकर उन्हें स्वस्थ जीवन व संस्कारी जीवन जीते राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वाहन किया । बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर चार्ट भी आकर्षण का केंद्र रहे। प्रधानाचार्य द्वारा छात्र छात्राओं की समस्या हेतु विद्यालय में लगाई गई सुझाव एवं शिकायत पेटिका को समस्त अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों ने सराहा। प्रधानाचार्य गोपाल शरण शुक्ला ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कंचन,अभिषेक मिश्रा, रानी देवी, संदीप कुमार द्विवेदी, मुकेश सविता, रामसजीवन अवस्थी, अरविंद मिश्रा ,नरेंद्र मिश्रा ,भानु प्रताप सिंह सहित अनेक ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## दलित बस्ती में लगी आग से महिला की मौत

**गाजीपुर।** भांवरकोल थाना अंतर्गत शेरपुर गांव के दलित बस्ती में शनिवार की सुबह आग लगने से 14 परिवारों की कुल डेढ़ दर्जन रिहायसी झोपड़ियों में लाखों का सामान जल गया। रामावती देवी पत्नी पहलाद राम 46 वर्ष की जलकर मौत हो गई। वहीं घर गृहस्थी का सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने गामीणों के साथ आग बुझाने में जुटे रहे। पुलिस ने इस घटना में मृत महिला रामावती का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली के अनुसार शनिवार की सुबह बस्ती के लोग खेतों में काम करने गए । इसी बीच बस्ती के रामावती की रिहायशी झोपड़ी में अचानक आग पकड़ लिया। लोग समझते उसकी झोपड़ी में रखा गैस सिलेंडर फट गया। जिसकी चपेट में रामावती की मौत हो गई। आग ने आस - पास की दर्जनों झोपड़ियों को भी अपने चपेट में ले लिया।

# पेनंबरा हाउस ने लहराया जीत का परचम

अवधनामा संवाददाता



**पीलीभीत।** लिटिल एंजेल्स स्कूल द्वारा आयोजित 11वीं इंटर हाउस दो दिवसीय एथलेटिक मीट का आज समापन हुआ। कल कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि ने मशाल प्रज्वलित करके व बच्चों के बीच रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ा कर की। विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई, पहले दिन सभी वर्गों के 400 मीटर, 800 मी चक्का फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद आदि की प्रतियोगिताएं कराई गई। दूसरे दिन का प्रारंभ 1500 मीटर रेस के साथ हुआ एवं समाप्ति 4×100 मी मिक्स रिले के साथ हुआ। बीच-बीच में सभी ग्रुपों की रस्साकसी प्रतियोगिता भी कराई गई। सभी प्रतियोगिताओं के अंकों के आधार पर पेनंबरा हाउस ने 256 अंक,नगरिटा हाउस ने 166, वलिटा हाउस ने 121 एवं मरीना हाउस ने 117 अंक अर्जित किये। इस आधार पर पेनंबरा हाउस ओवरऑल चैंपियन बना। इसी प्रकार सब जूनियर बालिका एवं बालक वर्ग में नव्या गंगवार एवं दक्ष पांडे नें बेस्ट एथलीट का अवार्ड जीता। जूनियर बालक व बालिका वर्ग में रुहान अली एवं श्रेया वैभवी ने बेस्ट एथलीट का अवार्ड जीता। सीनियर बालिका एवं बालक वर्ग में राशि चंद्रा एवं गर्वित गंगवार ने बेस्ट एथलीट अवार्ड जीता। सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर ग्रुप में पेनंबरा हाउस चैंपियन बना। विद्यालय प्रबंध समिति एवं मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने सभी पुरस्कारों की घोषणा करी एवं विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया कार्यक्रम के दौरान उद्घोषणा का कार्य वंशिका गुप्ता, श्रेयसी वर्मा, निष्ठा एवं अग्रिम नें किया, प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में मसूद हसन, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, बीना कुमारी, हरपाल सिंह, असद जका, विशाल सक्सेना, राजेश कुमार, प्रिंसपाल आदि का सहयोग रहा।

## युधिष्ठिर ने जैतपुर में बूथ अध्यक्षों का किया स्वागत



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व 2024 गोरखपुर जिला के अंतर्गत मण्डल पिपरौली के शक्तिकेन्द्र जैतपुर में बूथ अध्यक्षों के गठन के बाद बूथ अध्यक्ष गणों का भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के द्वारा एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष उपेंद्र गोंड़ जी के आवास पर अंग वस्त्र भेंट कर माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। युधिष्ठिर सिंह ने बूथ अध्यक्षगण को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा भाजपा का मूल मन्त्र बूथ जीता तो चुनाव जीता इसी मन्त्र के साथ हम चुनाव में उतरते है, बूथ अध्यक्ष हमारे पार्टी के रीड है। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष धर्मराज गोंड़, शक्तिकेन्द्र चुनाव अधिकारी श्री नन्हें सिंह, शक्तिकेन्द्र प्रभारी सूरज निगम, नरेन्द्र सिंह, संजय शुक्ला, हरिश्चरन कनौजिया, सुमित गोंड़, रंजन मौर्य, दिनेश गोंड़, रमाकांत गुप्ता, राधेश्याम मिश्रा सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## अधेड़ की पोखरे में डूबकर मौत

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मिनवा में बीती रात्रि को दरवाजे के सामने स्थित पोखरे पर लघुशंका करने गए अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से मिनवा निवासी बनारसी प्रजापति पुत्र स्व बहादुर प्रजापति 58 वर्ष के मकान के सामने पोखरा है। बीती रात्रि में अधेड़ को लघुशंका लगा और पोखरे के किनारे गया। पैर फिसलने पर पोखरे में चला गया। और डूबने से मौत हो गई। मृतक के दो पुत्र जो बाहर रहकर मजदूरी करती है। एक पुत्रवधू मायके में है। जबकि दूसरी बिल्डिंग के मकान में थी। मृतक खपरैल के मकान में रहता था। सुबह अधेड़ की लाश पोखरे में इतराते हुए देखकर स्वजन ने शोर मचाया। और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोखरे से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कारवाई की जायेगी।

# एनटीपीसी के 50 वर्ष पूरे होने पर एनटीपीसी टांडा में भव्य कार्यक्रम



दानिश मेहदी

**अम्बेडकरनगर।** आपको बता दे एनटीपीसी एक बहुत बड़ी महारत्न कंपनी है जो अपने बिजली उत्पादन के नाते जानी जाती है एनटीपीसी का लक्ष्य यही रहता है ज्यादा से ज्यादा बिजली उत्पादन कर सके।

बिजली उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी अपने प्लांट के आसपास के ग्रामीणों के बेहतर विकास के बारे में भी सोचती रहती है और कुछ ना कुछ अच्छे कार्य ग्रामीणों के हित में एनटीपीसी के द्वारा किए जाते हैं चाहे वह रोड बनने का हो मेडिकल सेवा हो विकलांगों के लिए ट्राई साइकिल हो हर तरीके से एनटीपीसी ग्रामीणों की मदद करती रहती है एनटीपीसी के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एनटीपीसी टांडा में 50 वां स्थापना दिवस मनाया जाना है जिस उपलक्ष्य में एनटीपीसी द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसमे परियोजना प्रमुख अशेष कुमार चट्टोपाध्याय द्वारा जिले के जिलाधिकारी महोदय पुलिस कप्तान से लेकर सभी अधिकारी पदाधिकारी गणों को निमंत्रण दिया गया है। एनटीपीसी टांडा में इस तरह का कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। कार्यक्रम में बॉलीवुड के गायक कुणाल गांजावाला आ रहे है जो अपने सुरीले गीतो से समां को बाँध कर रखेंगे। सबसे अच्छी और बड़ी बात है की जिनको ग्रामीण टीवी पर सुनते थे उनको अपने सामने से देख सकेंगे यह एक बहुत बड़ा तोहफा एनटीपीसी ने अपने क्षेत्रवासियों को दिया है।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने किया बरी

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** सीजेएम कोर्ट ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी को पुराने मामले में बाइज्जत बारी कर दिया 9 अगस्त 2001 को सपा के प्रदेश बंद कार्यक्रम के दौरान सपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। जिसमें सांसद पर आरोप था कि सपा से मोहम्मदाबाद के तत्कालीन विधायक और वर्तमान गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी ने चार हजार लोगों के साथ मंडी समिति से जुलूस के साथ तहसील पहुंचे। मोहम्मदाबाद एसडीएम के कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की। तत्कालीन सीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्हें रोकने का प्रयास किया था आरोप है कि प्रदर्शनकारी एसडीएम कार्यालय में घुस गए और हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किया। इस मामले में मोहम्मदाबाद कोतवाली में अफजाल अंसारी सहित कुल नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद विवेचना के उपरांत पुलिस ने तत्कालीन विधायक अफजाल अंसारी और समर्थकों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्न आनंद की अदालत में सांसद अफजाल अंसारी पर केस की सुनवाई की। साक्ष्यों का अभाव होने के आधार पर न्यायालय ने सांसद अफजाल अंसारी समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। इस दौरान अफजाल अंसारी अपने वकील नन्द कुमार सिंह, सुनील कुमार और पूर्व ब्लॉक प्रमुख लूटूर राय के साथ फैसला सुनाए जाने तक अदालत में मौजूद रहे। अफजाल अंसारी ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि उनको न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

## जलालपुर पालिका ने सफाई मित्रों का किया सम्मान समारोह का आयोजन



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद जलालपुर में सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नगर को स्वच्छ बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समस्त सफाई कर्मचारियों को अंग वस्त्र एवं प्रशास्त्र पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने कहा कि सफाई कर्मियों का योगदान नगर को स्वच्छ बनाने में सराहनीय है यह अपने पूरे मनोयोग से इस कार्य को करते हैं और सरकार की मंशा के अनुरूप नगर वासियों को स्वच्छता प्रदान करते हैं उन्होंने कहा कि इन कर्मियों को हमें सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए क्योंकि इनके द्वारा ही हम शुद्ध हवा में सांस लेते हैं इसी कड़ी में इन कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अजय सिंह रामकिशोर राजभर भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा वरिष्ठ लिपिक राम प्रकाश पांडे दिलीप यादव रमेश रामफेर कनौजिया आनंद जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खड़ी ट्रक से भिंड़ा बाइक सवार, हालत गंभीर



**फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** पटहेरवा थाने क्षेत्र के अशोगवा गांव के सामने तेज गति से आ रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक से टकरा गया। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। कसया थाना क्षेत्र के बेलवा दुर्गा राय निवासी रामजी गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता उम्र 29 वर्ष शनिवार को शाम सात बजे बिहार से मजदूरी कर अपने घर जा रहे थे। अभी वह अशोगवा गांव के सामने पहुंचे थे कि एक मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर तेज गति से खड़ी ट्रक से टकरा कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहा मौजूद लोगों ने उसे सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## कार्यकारी निदेशक ने कौशल विकास संस्थान रायबरेली का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** भारत सरकार के तेल एवं गैस कंपनियों के निगमित सामाजिक दायित्व निधि से एवं भारत सरकार की महारत्न कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड के नेतृत्व में संचालित कौशल विकास संस्थान रायबरेली का औचक निरीक्षण गेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ष्कौशल प्रशिक्षण आज के युग की आवश्यकता है। यदि आप कोई एक कौशल विकसित कर लेते हैं तो इंडस्ट्री में आपकी उपयोगिता बनी रहेगी और उसे कौशल के माध्यम से आप अपनी आजीविका कमाने के साथ-साथ देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

आप जैसे ही कुशल युवाओं की बदौलत आने वाले समय में अपना भारत एक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकता है इस अवसर पर कौशल विकास संस्थान रायबरेली के मुख्य प्रशिक्षण प्रबंधक संजय वर्मा जी ने यहां प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को संस्थान की विगत 7 वर्षों की विकास यात्रा से अवगत कराया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजेश मणि त्रिपाठी ने गेल और उसके पदाधिकारीयों द्वारा मिल रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन की भूरि भूरि प्रशंसा की और आशा व्यक्त की, कि भविष्य में भी संस्थान को यह सहयोग और मार्गदर्शन यूं ही प्राप्त होता रहेगा जिससे हमारे रायबरेली क्षेत्र के युवा अपने कौशल को निखार कर देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। संस्थान के प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को निरंतर आगे बढाने के लिए प्रेरित किया। संजय अग्रवाल जी कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया और और उनको ड्रेस वितरित करने के साथ-साथ पठन सामग्री भी वितरित की।

# फर्रुखाबाद भाजपा जिला कार्यालय पर संगठन की बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता




**फर्रूखाबाद।** दिनांक 30 नवंबर 2024 दिन शनिवार को आवास विकास कॉलोनी में स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन पर्व अभियान के सहायक सचिव हुए, जिसमें जिला संगठन के प्रभारी शिव महेश कश्यप ने जिले को आवासीय विकास कॉलोनी में स्थापित किया, जिसमें उन्होंने अभियान की समीक्षा भी की। इसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता जिला महासचिव शिव महेश दुबे भाजपा पदाधिकारियो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न के बाद द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी।

प्रथम सत्र की बैठक में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा पूरे जिले में संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत नए संगठन के गठन के लिए सर्वप्रथम बूथ अध्यक्षों एवं समितियां का गठन आवश्यक होता है प्रथम चरण में इस अभियान को पूरे जनपद में चलाया गया जिसके अंतर्गत सभी मंडलों में चुनाव प्रक्रिया द्वारा बूथ अध्यक्षों एवं समितियां का गठन किया गया है जिन भी मंडलों में बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति का गठन नहीं हुआ है वह एक दिसंबर तक सभी कार्य पूर्ण करके बूथ अध्यक्ष के चुनाव वाली फाइल पार्टी को उपलब्ध करा दे। 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के मध्य सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी मंडल अध्यक्षों के चुनाव के लिए पार्टी ने गाइडलाइन दी है जिसके अंतर्गत जो कार्यकर्ता दो बार मंडल अध्यक्ष पद पर रह चुका है वह पुनः मंडल अध्यक्ष पद पर आवेदन नहीं कर सकेगा पार्टी ने तय किया है जिस कार्यकर्ता की आयु 45 वर्ष से ऊपर है वह मंडल अध्यक्ष पद पर नामांकन नहीं कर सकेगा भाजपा के संविधान के तहत किसी भी पद पर कार्य करने वाला व्यक्ति का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। 15 दिसंबर से भाजपा जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया आरंभ होगी 15 दिसंबर से ही भाजपा जिला अध्यक्ष के पद पर इच्छुक कार्यकर्ता अपना आवेदन पार्टी को दे सकते हैं इसके लिए पार्टी ने तय किया है 60 वर्ष से ऊपर का कोई भी कार्यकर्ता भाजपा का जिलाध्यक्ष नहीं बन सकेगा। जिला प्रभारी ने कहा आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए एक मजबूत संगठन चाहिए जो कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है प्रदेश में तीसरी बार सरकार को बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संकल्पित होना है इसके लिए एक मजबूत संगठन के आधार पर भाजपा की नीव रखना आवश्यक है सक्रिय कार्यकर्ता जो कि संगठन के लिए समर्पण मन से कार्य करें ऐसे कार्यकर्ता को नए संगठन में स्थान दिया जाएगा। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर संगठन द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता को गोधरा कांड पर आधारित द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को दिखाने का निर्णय लिया गया है इस फिल्म को प्रदेश सरकार द्वारा कर मुक्त घोषित किया गया है यह फिल्म गोधरा की घटना की सच्चाई को उजागर करती है 22 वर्ष पूर्व गुजरात के गोधरा में घटित हुई घटना की सच्चाई जनता तक लाने के लिए इस फिल्म को बनाया गया है जिसके द्वारा अयोध्या से आ रहे 59 कर सेवकों को यह फिल्म सच्ची श्रद्धांजलि देती है। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया बूथ अध्यक्ष एवं कमेटियों के गठन के बाद उनके सत्यापन कार्य भी किया जाएगा संगठन पर्व के दूसरे चरण में मंडल अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जाएगा।

## क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी ली फिर ओटीपी पूछा और खाते से कट गया 40 हजार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा निवासी एक व्यक्ति जो मेडिकल स्टोर की दुकान चलता है और इसका पंजाब नेशनल बैंक से खाता संचालन होता है। शनिवार को एक व्यक्ति ने बैंक का कर्मचारी बताते फोनकर क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी ली और उसका ओटीपी पूछा। जिसे पीड़ित ने नहीं बताया। कुछ देर बाद उसके खाते से 40 हजार रुपया कट गया। मोबाइल पर रुपया निकलने का मैसेज आने पीड़ित के होश उड़ गए और बैंक पर जाकर खाता का संचालन बंद कराया। पीड़ित राजेश पांडेय पुत्र विनोद पांडे ने साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

अवधनामा



## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट का जनपदीय सम्मेलन, अंकुर तिवारी कार्यकारी जिला मंत्री निर्वाचित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट का जनपदीय सम्मेलन 30 नवंबर को शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस द्वितीय सत्र में शिक्षा के गुणात्मक सुधार पर चर्चा की गई, जिसमें मंडलीय मंत्री उदय नारायण तिवारी, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तहसीलदार सिंह, जिलामंत्री अमरनाथ सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने छात्रों के चारित्रिक विकास और शिक्षा के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने के लिए शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं और उन्हें स्वयं चरित्रवान होना आवश्यक है, क्योंकि छात्र अपने गुरु को माता-पिता से अधिक महत्व देते हैं।सम्मेलन के बाद, वर्ष 2024-25 के लिए जिला कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से पर्यवेक्षक अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मंडलीय मंत्री उदय नारायण तिवारी ने निवार्चित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए माल्यार्पण किया। नये चुने गए पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला मंत्री अमरनाथ सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष तहसीलदार सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. सतीश सिंह, और अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।साथ ही, कार्यकारी जिला मंत्री और मीडिया प्रभारी के रूप में अंकुर तिवारी को भी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर द्वितीय सत्र में पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थिति थे।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को स्वावलंबी की शिक्षा भी दे शिक्षकः रामचंद्र यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** कुमारगंज क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला में शनिवार को विद्यालय के छात्राओं द्वारा बाल उत्सव मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले के मुख्य अतिथि रहे रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया। इस बीच विधायक ने बच्चों द्वारा लगाए गए करीब 75 स्टालों का घूम घूम कर गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए बच्चों द्वारा स्वयं बनाए गए राजस्थानी जलेबी, इडली, डोसा, आदि का स्वाद चखा, उनके द्वारा बनाए गए सामानों के बारे में पूछताछ की इस बीच विधायक ने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें स्वावलंबी बनने की प्रेरणा भी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि विधायक को शाल व राम दरबार स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ- ऐसी शिक्षा दी जाए जिससे बच्चे स्वाल्बी बन सके वैश्विक स्पर्धा के अनुरूप बच्चों में आधुनिक शिक्षा की बहुत ही आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिले के अति पिछड़ा ब्लॉक अमानीगंज जहां शिक्षा के क्षेत्र में पिछले दशकों से काफी पीछे रहा वहीं आज मिल्कीपुर विधानसभा में करीब 100 इंटर कॉलेज व करीब 50 उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय पढ़ाई के क्षेत्र में अग्रसर हैं।उन्होंने कहा कि जब मैं शिक्षा ग्रहण करता था तभी से ही इस विद्यालय से मेरा लगाव रहा है। विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय देव प्रकाश श्रीवास्तव को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने इस विद्यालय की नींव रखकर इसे आगे



बढ़ने का कार्य किया है। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रमेश मिश्र की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि आज इस विद्यालय में विभिन्न पाठ्यकर्मों के बीच करीब हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश मिश्रा , प्रबंध समिति के सद्स्य विजय पाल सिंह,विजय कुमार सिंह, देव दत्त सिंह,भगौती सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया।

## गोसाईगंज वर्मा ट्रांसपोर्ट के सामने खड़े ट्रक का रस्सा काट सामान चोरी

**गोसाईगंज- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ से गोसाईगंज शिव शक्ति ट्रांसपोर्ट डीसीएम ट्रक 30 नवम्वर की सुबह लगभग 3¬40 पर पहुंची। गोसाईगंज तेजापुर वर्मा ट्रांसपोर्ट पर सामान उतरना था। ट्रक ड्राइवर ने वर्मा ट्रांसपोर्ट को मोबाइल फोन कर बताया कि गाड़ी हमारी पहुंच गई है।

## अयोध्या प्रथम आगमन पर नवनिर्वाचित सदस्य नवीन आजाद दुबे का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवीन आज़ाद दुबे के नरेंद्र देव कृषि विश्विद्यालय कुमारगंज अयोध्या प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।नवीन आज़ाद दुबे के गेट नो दो पर पहुंचते ही नरेंद्र देव कृषि विश्विद्यालय कुमारगंज अयोध्या के सैकड़ों छात्रों ने भारत माता की जय के नारों की गूंज के साथ मल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात पैदल मार्च करते हुए आचार्य नरेंद्र देव के मूर्ति पर पुष्पार्पण भी किया ।बता दें विगत दिनों गोरखपुर में सम्पन्न हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के पश्चात् अयोध्या निवासी नवीन आज़ाद दुबे को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी ।

## महिला की चेन छीनकर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ा



**जैदपुर बाराबंकी।** सुरवा कुटी गांव के निकट जैदपुर बाराबंकी मार्ग पर अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ से अन्तिम संस्कार से वापस लौट रही महिला की सोने की चेन खींचकर भाग रहे बाइक सवार शातिर चोर को राहगीरों और ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा, किया पुलिस के हवाले। जानकारी के अनुसार जैदपुर बाराबंकी मार्ग स्थित सुरवा कुटी के पास का है। जहां पर शनिवार करीब 11 बजे पल्हरी से सवारी बैठाकर जैदपुर की ओर जा रहे ई रिक्शा सवार महिला के गले से सोने की चेन को एक बाइक सवार युवक ने चलते ई रिक्शा पर झपट्टा मारकर खींच लिया। इसी दौरान वह युवक बाइक से लड़खड़ाकर वहीं पर गिर पड़ा इतने में महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए जिसके कारण वह चोर खेतों के रास्ते से भागने लगा इसी दौरान स्थानीय व राहगीरों सहित खेतों में काम कर रहे किसानों द्वारा कुछ दूरी पर जाकर उसे पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची 112 पुलिस के हवाले कर दिया। आक्रोशित भेद ने उसे वाहन से बाहर खींचने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस द्वारा उक्त चोर को गाड़ी के अंदर ही रखा। काफी पूछताछ के बावजूद भी उक्त चोर द्वारा गले से खींचे गए वाले को फेंक देने की बात कही। फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे मामले की विधिक कार्यवाही में जुटी।

# स्वच्छ अयोध्या की परिकल्पना बिना सफाई मित्रों की तपस्या के है बेकारः महापौर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या द्वारा सफाई मित्रों की क्षमता संवर्धन हेतु कार्यशाला व सम्मान समारोह रामकथा पार्क में आयोजित किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम की शुरूआत महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सफाई मित्रों के पैर धुल कर किए। महापौर तथा नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था टीईआरआई ग्रुप के डॉ0 सुनील पाण्डेय, चिन्तन इनवायरमेन्टल ग्रुप की भारती चतुर्वेदी, मिशन ग्रीन अयोध्या के धनंजय पाण्डेय एवं आईटीसी टीम को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा में पच्चीस लाख लोग चौदह



कोसी परिक्रमा में 35 लाख परिक्रमार्थी, दस लाख श्रद्धालुओं का कार्तिक पूर्णिमा स्नान इस सब भक्तों को स्वच्छ व सुन्दर अयोध्या की छवि प्रस्तुत करना नगर निगम के 3000 सफाई कर्मियों की बदौलत है। दीपोत्सव में 27 लाख दीपकों को समय के साथ व्यवस्थित करना हो। इन सभी कार्यों के लिए सभी सफाई मित्र अभिनंदन के पात्र हैं। अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनाने की परिकल्पना बिना सफाई मित्रों की अनवरत तपस्या के बेकार है। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार अपने सफाई मित्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाता है। सफाई कार्य को सुगम बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की मशीनें निगम द्वारा ली गई हैं।नगर आयुक्त ने कहा कि अयोध्या धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है। यहाँ पर लाखों की संख्या में दैनिक रूप से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। अयोध्या स्वच्छ एवं सुन्दर नगरी के स्वरूप में प्रदर्शित हो यह हम सभी का प्रयास है। इस महाभियान में आमजन को भी अपनी सहभागिता से अयोध्या को बेहतर स्वरूप प्रदान करना है। स्वच्छता के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली संस्थाओं का प्रयास सराहनीय है। सफाई मित्रगण के क्षमता संवर्धन से इनकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। समारोह में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, वागीश कुमार शुक्ला, शशि भूषण राय, सुमित कुमार, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, गुरू प्रसाद पाण्डेय, सौरभ नाथ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी राममणि शुक्ला, पार्षद जय नारायण, विजेंद्र सिंह, अनुज दास, राजेश गौड़, विनय जायसवाल, अंकित त्रिपाठी, रामशंकर निषाद, रिशु पांडेय, महेंद्र शुक्ला, चंदन सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, सुनील यादव, अनिल सिंह मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा, कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजयेन्द्र वर्मा, देवी प्रसाद शुक्ला, राकेश कुमार मौर्या, गीता मौर्या सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व सफाई मित्रगण उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के ख़िलाफ शिवसेना ने सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शिवसैनिको ने आज प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही की अगुवाई में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार,हत्याएं हमले तथा हिंदू धार्मिक स्थलों, आयोजनों में तोड़फोड़ की घटनाओं को राष्ट्रपति से संज्ञान में लेकर हस्तक्षेप की मांग करते हुए नगर के छाया चौराहे पर बांग्लादेश की अंतरिम मोहम्मद यूनुस सरकार का पुतला फूका और बांग्लादेश के खिलाफ नारे बाजी की तथा कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर शरद सिंह को सौंपा। इस मौके पर शिवसैनिको को संबोधित करते हुए शिवसेना यूबीटी जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के मुद्दे पर रोष जाहिर करते हुए कहा कि देश में हिंदूवादी प्रधानमंत्री भी इस मुद्दे पर खामोश है और मौन धारण किए है आज तक बांग्लादेशी हिंदुओं के पर हमलों हत्याओं के मामले को संयुक्त राष्ट्र संघ में नही उठा सके है ये कैसी हिंदूवादी सरकार और उसके प्रधान मंत्री है और न ही बांग्लादेश सरकार के मुखिया डाक्टर मोहम्मद यूनुस को फटकार लगा सके है।

# राधा कृष्णा मंदिर खरिहानी मे लोकगीतों के रंग भाषाओं के सग, का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हेल्पिंग हैंडस वेलफेयर फाउंडेशन बाराबंकी के तत्वाधान में राधा कृष्णा मंदिर, खारिहानी, बाराबंकी में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज ँके सहयोग से संस्था के सचिव संगीता सिंह ने एक कार्यक्रम लोकगीतों के रंग भाषाओं के सग, का आयोजन किया जिसकी प्रस्तुति मेलोडी मेकर कराओके एंड म्यूजिकल ग्रुप के संयोजक एवं उदघोषक अंकुर गणेश त्रिवेदी एवं उनके साथी कलाकारों ने बड़े ही मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुत की, कार्यक्रम की शुरुआत उदयराज सिंह ग्राम प्रधान खरिहानी के दीप प्रज्वलन के साथ ही शुरू हुआ, कार्यक्रम में तनुज पूनिया ने÷ अइले सियाराम हो, जनकपुर फूल बगिया, एवं गोदना गोदवाई ला हो गोदनवा, की प्रस्तुति दी, कुमारी रितिका श्रीवास्तव लोक गायिका ने पिया सावन में झुमका मंगाई द, मोहे पहराई द बलमा, बड़ा ही मनमोहक गीत प्रस्तुत किया, अमित तूफानी एवं अंकुर गणेश जी ने अपने गीतों से समां बांध दिया कार्यक्रम में गांव के लोगों की उपस्थिति के साथ-साथ मुख्य रूप से उदय प्रताप सिंह, चक्रपाणि सिंह, वीपी सिंह चौहान, के के सिंह तोमर, श्रीमती ज्योति सिंह, राजेशू श्रीवास्तव, हौसला सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम में अंकुर गणेश का गाया हुआ गीत पिया जागे ना भइले भिनसार की प्रस्तुत बहुत ही मनमोहक रही, कार्यक्रम की समाप्ति पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्त पत्र पर वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया, समापन के अवसर पर संस्था सचिव श्रीमती संगीता सिंह ने उपस्थित कलाकारों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## ब्रज लोक गायन एवं लोक नृत्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी।** अरविन्द ग्राम विकास एवं जन सेवा संस्थान है द्वारा ब्रज लोकगायन एवं लोक नृत्य महोत्सव का दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जनपद के ग्राम बरेठी में आयोजित। अरविन्द ग्राम विकास एवं जन सेवा संस्थान है द्वारा 30नवम्बर दिन शनिवार को ग्राम बरेठी जिला बाराबंकी श्री राम जानकी मंदिर के प्रांगढ़ में ब्रज लोक गायन एवं लोक नृत्य महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# एडीएम ने किया कर करेत्तर की मासिक बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व संग्रह एवं प्रर्वतन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। अपर जिलाधिकारी ने आबकारी, व्यापार, विद्युत ,परिवहन, जीएसटी एवं अलौह खनन वसूली में प्रगति की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के सापेक्ष कर एवं राजस्व प्राप्ति को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर सी, डी व ई ग्रेड कदापि स्वीकार्य नहीं है। सभी विभाग आज रात तक प्राप्त होने वाले आवेदनो पर सम्यक कार्यवाही करते हुए निस्तारित करें। विभागाध्यक्ष स्वयं अपनी निगरानी में डाटा फीडिंग का कार्य सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए धारा 24, धारा 34, धारा 116 में 06 माह और 01 वर्ष से अधिक पुराने लंबित वादों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करते हुए शून्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने पोर्टल को आज सतत रूप से देखते रहें, ताकि डाटा फीडिंग में शिथिलता अथवा त्रुटि के कारण जनपद की रैंकिंग विपरीत रूप से प्रभावित न होने पाए। बैठक मे समस्त एसडीएम, जिला आबकारी अधिकारी अतुल द्विवेदी, डीसी उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप शर्मा, सभी तहसीलदार एवं राजस्व कार्मिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हिन्दू महासभा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर 6 दिसम्बर को देहरी पूजन कार्यक्रम, सैकड़ों हिन्दूवादी संगठन लेंगें हिस्सा

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी आगामी 6 दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर देहरी पूजन कर शौर्य दिवस मनायेगी। इस दिवस के मौके पर हिन्दू महासभा त्रिदंडी के अलावा लगभग सैकड़ो हिन्दूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी के शौर्य दिवस के कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में कहा कि 6 दिसंबर को यमुना जी का जल लेकर श्री कृष्ण जन्म भूमि के मुख्य द्वार पर देहरी पूजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गयी है, इस तैयारी के साथ ही अनुमान है कि हजारों की संख्या में अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी के साथ विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंच रहे है।

# 2000 से अधिक लोगों को निशुल्क उपचार और दवा वितरण



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** उत्तम स्वास्थ्य ही सफल जीवन की कुंजी है, नागरिकों का स्वस्थ रहना किसी भी देश के लिए शुभ संकेत और उसके विकास का मार्ग है। उक्त बातें जिलाधिकारी अनुनय झा ने महाराजगंज इंटर कालेज, मऊ पाकड़ में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के सीएसआर सहयोग से माटी न्यास द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य एवं दवा वितरण शिविर के समापन समारोह में कहीं। अनुनय झा ने बॉर्डर जनपद के चलते यहाँ नशे की तस्करी इत्यादि का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि माटी अपने अगले शिविरों में नशा-मुक्ति को भी शामिल करने का सुझाव भी दिया। शनिवार के शिविर में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ संजय राय, नेत्र विशेषज्ञ रवि चौहान, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक बंसल, डॉ नदीम अहमद व अन्य विशेषज्ञ और चिकित्सक शामिल हुए। एम्स दिल्ली में आये डॉ संजय राय ने अपने संबोधन में कहा कि बीमारियों से दूर रहने के लिए दवा उपचार से अधिक भूमिका उचित खान-पान और दिनचर्या की है, लोगों को शारीरिक व्यायाम और हरी सब्जियों के सेवन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में डीआईओएस महाराजगंज प्रदीप कुमार और सीएमओ श्रीकांत शुक्ला को इस शिविर में उत्कृष्ट सहयोग देने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाराजगंज इंटर कालेज के प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार चौधरी ने स्वागत वक्तव्य दिया। ज्ञात हो कि माटी न्यास की ओर से महाराजगंज में पिछले दो दिनों से पनियरा, कुल्हुई, परसा मलिक एवं मऊ पाकड़ में चल रहे स्वास्थ्य शिविर का यह समापन समारोह था। इन शिविरों में दो हजार से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज और दवा वितरित की गई।

## जुताई करते समय ट्रैक्टर मे लगी आग जलकर हुआ राख



**महराजगंज ( मिठौरा)।** सिन्दुरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को सिंदुरिया-सोनवल गांव के सिवान मे गांव के पश्चिम बलिया नाला के पास सिंदुरिया निवासी अनुराग पटेल अपनी निजी ट्रैक्टर से दूसरे आदमी के खेत की जुताई कर रहें थे । खेत की जुताई करते समय अचानक अज्ञात कारणों से ट्रैक्टर में आग लग गयी और ट्रैक्टर धू धू कर जलने लगा। गाड़ी में आग लगने से गाड़ी चालक अनुराग पटेल गाड़ी से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाया। देखते देखते आग इतना तेज पकड़ लिया कि ट्रैक्टर जल कर राख हो गया। शोर मचाने पर आस पास के ग्रामीणों के अथक परिश्रम और प्रयास से ट्रैक्टर में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया गया।

# निरंतर प्रयास से बनेगा बेहतर कैरियरः चौकी प्रभारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरवाराजा में शनिवार को कैरियर एवं गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। अतिथियों ने बच्चों को आगे बढ़कर अपना कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि चौकी प्रभारी अनघ कुमार ने कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। जिस क्षेत्र में रूचि हो, उसी विषय पर फोकस करें सफलता जरूर मिलेगी। बीडीओ राहुल सागर ने कहा कि सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें क्या बनना है और कैसे बनना है इसके लिए लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि महंत दिग्विजयनाथ इंटर कालेज



चौक बाजार के प्रधानाचार्य डा. हरेंद्र यादव ने कहा कि आज के समय में विज्ञान को बढ़ावा देना देश के लिए सबसे बड़ी जरूरत है। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। थोड़ी संजीदगी के साथ उचित मार्गदर्शन मिला तो वे इतिहास रचने की क्षमता रखते हैं। समाजसेवी रवींद्र जैन ने कहा कि छात्रों के भीतर बहुत सारी जिज्ञासाएं हैं। उन्हें अवसर व संसाधन मिले तो बहुत कुछ कर दिखा सकते हैं। कार्यक्रम को डाक्टर विजयश्री मल्ल, मेजर श्रीकांत प्रसाद, सुभाष चंद्र, राधेश्याम ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामभवन गुप्त, देवेंद्र प्रसाद पांडेय, कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा, शेषनाथ, रामजी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# कालानमक धान के कम उपज होने से परेशान हैं किसान, कैसे करें कालानमक धान की खेती

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** कालानमक का गढ़ माना जानें वाला शोहरतगढ विकास क्षेत्र के तराई इलाकों के किसानों का कालानमक धान की कटाई शुरू हो गई है। इस बार कम उपज होंने से किसानों को अपनें धान की फसल का लागत निकलना मुश्किल हो गया है। जिससे क्षेत्र के किसान बहुत दुःखी हैं।

क्षेत्र के कालानमक धान की खेती करनें वाले किसानो ने बताया कि इस बार पी आर डी एफ का कालानमक बीज किरन लगानें से हम लोगो का काफी नुकसान हुआ है। शोहरतगढ क्षेत्र के नडौरा गांव के किसान रमेश पाण्डेय,चोडार के रामचन्द्र चौरसिया, चुन्नू, बसन्त पुर के संतोष,नडौरा के विवेक उपाध्याय, रामलाल, संजय मिश्रा,सिठाई,पलटादेबी के सुधाकर गिरी सहित क्षेत्र के तमाम किसानों का कहना है कि हम लोग किरन प्रजाति के काला नमकधान का बीज 280 रुपये किलो मार्केट से लाकर लगायें थें।फसल काटनें पर पांच बीघा खेत में पांच कुंटल धान निकला अब ऐसे में हम लोगों को लागत निकालना मुश्किल हो गया है।अब कैसे कालानमक का खेती किया जाय। ज्ञातव्य हो कि पहले क्षेत्र के किसान शुद्ध देसी कालानमक धान की खेती करते थे।जिसका भी पैदावार काफी कम होता था लेकिन चावल जब बनता था तो बगल के लोग जान जातें थे कि किसी के घर कालानमक चावल बन रहा है इतना महक था उसमें, लेकिन बहुत ही कम किसान केवल नाम मात्र के लिए कालानमक लगाते थे। लेकिन सरकार ने जब कालानमक लगानें वाले किसानों को प्रोत्साहित करनें लगा कालानमक का प्रचार प्रसार शुरू किया तो कालानमक किसानों को कालानमक धान के खेती में मुनाफा होंने लगा और बड़ी संख्या मे किसान कालानमक की खेती करना शुरू कर दिये।कालानमक धान की खेती करने वाले किसानों की कम उपज के साथ बड़े डीला की समस्या दूर करने को लेकर अधिक उपज वाली बौना कालानमक धान के बीज देने का प्रचार प्रसार कृषि विभाग और कुछ एफ पी ओ व कंपनियों द्वारा किया गया और किसानों को धान का बीज देना शुरू किया गया। इसी में किरन कालानमक भी मार्केट में आया दो साल तक तो किसानों को सही बीज मिला। जिससे किसानों की कालानमक खेती करनें की संख्या बढ़ गयी। किसानों को फायदा भी हुआ। लेकिन पिछले साल से मिलावट वाला धान का बीज मार्केट में आना शुरू हुआ जिससे कालानमक चावल का महक और पैदावार दोनों पर असर हुआ और इस बार तो कालानमक का पैदावार ही चौपट हो गया अब शायद अगले साल किसानो को कालानमक धान की खेती करने के लिए सोचना पड़े। धान की अधिक उपज के वजह से अधिकतर किसान घर का देशी बीज खतम कर दिये और बजार से काला नमक धान का बीज ले आये अब उसका पहचान करना मुश्किल है कि कौन असली है कौन नकली। सिद्धार्थनगर जनपद कलानमक धान के वजह से दुनिया में अपना एक अलग पहचान बनाया है। हर साल सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी द्वारा कलानमक कों बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम किया जाता है। लेकिन कुछ कालानमक धान की बीज देने वाली कम्पनियां अपने निजी लाभ के कारण बीज में मिलावट करके सरकार और किसानों के अरमानों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। धान बीज के हेराफेरी के वजह से किसानों का कालानमक चावल गुणवत्ता विहीन हो जाता जिसके कारण चावल नहीं बिक पा रहा है।अभी भी क्षेत्र में किसानों के पास पिछले साल का कालानमक चावल पड़ा है। अब विभाग को चाहिए कि पहले किसानों को अच्छी किस्म की बीज उपलब्ध करवायें। और यह तय करें कि कौन सा धान बीज सही है साथ ही किसानो को कालानमक धान की खेती करनें की विधि की समय-समय पर जानकारी उपलब्ध करायें। साथ ही सरकार कों चाहिए कि मिलावटी कालानमक धान बीज देने वाली कम्पनियां, संस्थाओं का कार्यवाही करें। जिससे किसानों को सही धान बीज उपलब्ध हों सकें,जब धान बीज सहीं रहेगा तो फसल के साथ चावल भी अच्छा होगा और किसानों को बाजार में चावल धान बेचने में दिक्कत नही आयेंगी।

**पीआरडीएफ का कालानमक प्रजाति किरन रोग गस्त्र होने से कम हुआ पैदावार**

## परिषदीय विद्यालयों में दूसरे दिन भी आयोजित हुई निपुण एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक संसाधन केंद्र अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा का आयोजन दूसरे दिन भी किया गया। शनिवार को सुबह 9-30 से 11 बजे तक कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर एसडीएम डा संजीव कुमार दीक्षित, तहसीलदार रवि कुमार यादव, बीईओ संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण कर परीक्षा के सुचिता की जांच किया। शनिवार को बीईओ संजय कुमार ने कंपोजिट विद्यालय डुमरियागंज, बैदोलागढ, प्राथमिक विद्यालय सेमुवाडीह, जमालजोत, भगवानपुर, जबजौवा, तिलगडिया आदि में परीक्षा का निरीक्षण किया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद बच्चों ने खुशी जताते हुए कहा कि इस बार कापी में गोला कर उत्तर देने में काफी अच्छा लगा है। बीईओ संजय कुमार ने बताया क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 4 से लेकर 8 तक कुल नामांकित संख्या में लगभग 95 प्रतिशत बच्चों ने प्रतिभाग किया है। इस दौरान मलिक नसीम अहमद, धर्मराज दूबे, नफीस हैदर, शजर हैदर, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## इमरान अहमद ने मेडिकल सर्जरी उत्तीर्ण कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा एवं प्रशिक्षण उत्तर



प्रदेश, लखनऊ यूपी नीट पीजी में इमरान अहमद ने उत्तीर्ण कर क्षेत्र सहित जिले का नाम रोशन किया है। इमरान अहमद ने यूपी नीट पीजी में राज्य रैंक 814 व नीट रैंक 13319 है। इमरान अहमद का एडमिशन मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज (सरकार सह शिक्षा) में हुआ है। आपको बता दें कि इमरान अहमद पुत्र इनामुर्हमान छोटे से गांव कटबंध जिला सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। इमरान अहमद को मेडिकल सर्जरी से एडमिशन होने पर क्षेत्र के कहकशां अंसारी, सर्जन डा0 सरफराज अंसारी, सर्जन डा0 रुही परवीन, सर्जन डा0 चन्द्रेश उपाध्याय, डा0 सलोनी उपाध्याय, डा0 रियाज अहमद डा0 शादाब अंसारी, डा0 मेराज अंसारी, डा0 सेराज अंसारी, डा0 नुसरत फातिमा, डा0 अलशिमा हफीज अंसारी, ई0 एजाज अंसारी सहित जनपद सिद्धार्थनगर के तमाम लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## मीट, मुर्गा व मछली की दुकानों को एसडीएम ने अवैध बताते हुए हटवाया



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** एसडीएम बांसी प्रदीप कुमार यादव ने शनिवार को कस्बे में एन एच 233 के निकट स्थित मीट, मुर्गा व मछली की दुकानों अवैध बताते हुए हटवा दिया है। दिन में ढाई बजे मीट मंडी में पुलिस बल के साथ पहुंचे एस डी एम बांसी प्रदीप कुमार यादव ने मीट, मुर्गा व मछली की सभी दुकानों को हटवा दिया। इस दौरान नगर पालिका की जे सी बी से गुमटी व टीन टप्पर को भी हटाया गया। एसडीएम ने कहा कि सभी दुकान अवैध है किसी के पास मीट, मुर्गा व मछली बेचने का लाइसेंस नहीं है। इस लिए अब यहां दुकान नहीं लगेगी। उन्होंने सभी दुकानदारों से कहा कि अब कोई दुकान नहीं लगाएगा। यदि आज के बाद किसी ने मीट व मुर्गा की दुकान लगाएगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। मीट मंडी से दुकानों को बंद किए जाने से सौ से अधिक लोग बेरोजगार हो गए है। प्रशासन की इस कार्यवाही से दुकानदार काफी आहत है। मीट के दुकानदार जब्बार, सलीम, गुड्डु आदि ने कहा कि इस कार्यवाही से उनके सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। इन लोगों ने कहा कि प्रशासन लाइसेंस मांग रहा है और हम सब वर्षो से नगर पालिका सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के पास लाइसेंस के लिए दौड़ रहे हैं लेकिन लाइसेंस नहीं बनाया जा रहा है। मछली बेचने वाले गोजई ने कहा कि वह मंडी में मछली खरीदकर ले आए है अब इसे कहा ले जाए।

## सेवानिवृत्त हुए डीआईओएस शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रांगण में आयोजित समारोह में माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने शनिवार को सेवानिवृत्त हुए जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान को भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर शिक्षकों ने जहां जिविनि के व्यक्तित्व के बारे में चर्चा की, वहीं डीआईओएस ने लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में सभी के सहयोग का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस जनपद में दूसरा कार्यकाल भी सभी के सहयोग से बेहतर रहा।

शासन-प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करते हुए विभाग की छवि बेहतर बनाने में प्रधानाचार्यो, शिक्षकों, कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव, जिला मंत्री हृदय नारायण मिश्र ने कहा कि शिक्षकों, कर्मियों का कभी नुकसान न करते हुए कार्य लेने की असीम क्षमता थी। कार्यक्रम को वित्त एवं लेखाधिकारी निलोत्तम चौबे, जीआईसी इंद्रीग्रांट के समर बहादुर सिंह, नौगढ़ के दयाशंकर यादव, डुमरियागंज के अभिषेक कुमार, पचमोहनी के करूणाकांत, इटवा के रमाकांत द्विवेदी, दुल्हा सुमाली के अजय कुमार श्रीवास्तव, तेतरी बाजार के विनय अनमोल, राजकीय पुस्तकालय के प्रभारी भारद्वाज शुक्ला, शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी ने भी संबोधित किया। अंत में सभी ने अपने-अपने तरीके से उपहार देकर उनके दीर्घायु की कामना की। संचालन सच्चिदानंद शुक्ल ने किया।

इस अवसर पर बृजेश कुमार द्विवेदी, धर्मेन्द्र मिश्रा, नवल किशोर सिंह, कल्पना पांडेय, रजनी पांडेय, लाल आनंद प्रकाश, विजय आंबेडकर, चंद्रभान पहलवान, रत्नेश सिंह, कार्यालय के अबरार अहमद, दीपेंद्र चौधरी, आनंद कुमार श्रीवास्तव, उमाशंकर, मंसब, राम मिलन, भगौती आदि उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ने ग़रीबो को वितरित किया कंबल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** समाजसेवी अनीश खान ने नर्सरी बाजार में शरद मौसम और कंपकंपाती ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को गरीब, असहाय, वृद्ध लोगों के बीच सपा के विधायक त्रिभुवन दत्त की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सपा जिला अध्यक्ष जग बहादुर यादव ने कहा कि गरीब, वृद्ध व असहाय लोगो के बीच ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण किया जा रहा है। यही पुनीत कार्य है गरीब ने असहाय परिवार के पास गम कपड़े व रजाई की व्यवस्था न हो होने के चलते उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे समाजसेवी लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरण का कार्य करना चाहिए। कुल 400 गरीब परिवार के लोगों को कंबल का वितरण किया गया। विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि समाज ऐसे गरीब निर्धन परिवारों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना सबसे सराहनीय कार्य है सभी समर्थ लोगों को इस तरह का कार्य करना चाहिए।

## समर बहादुर बने प्रभारी डीआईओएस

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान के शनिवार को सेवानिवृत्त होने के बाद स्थायी व्यवस्था न होने तक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने सीनियर पीईएस राजकीय इंटर कॉलेज इंद्रीग्रांट के प्रधानाचार्य समर बहादुर सिंह को प्रभारी डीआईओएस के रूप में कार्य दायित्व सौंपा है। इसकी पुष्टि प्रभारी बनाए गए समर बहादुर सिंह ने की है।

## विद्यालय के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनुअल स्पोर्ट मेट 2024 में स्टूडेंट्स ने दिखाया दमखम आसोपुर टांडा में स्थित *कॉस्मोपोलिटन स्कूल* में शुक्रवार 29 /11 /2024 से *दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद* प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष अनूप विजय प्रबंधक पोल जोसेफ वह प्रधानाचार्य वैशाख पी ने संयुक्त रूप से किया जिसमें नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इसके बाद विद्यालय के चारों हाउस रेड, एलो, ग्रीन व ब्लू द्वारा मशाल लेकर मार्चपास्ट किया गया स्कूल के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी अयाज अब्बास द्वारा मशाल से मार्च पास्ट की अगवानी की गई। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिता रेस, लॉन्गजंप हाईजंप, डिस्कस थ्रो ,बॉल थ्रो ,शॉट पुट थ्रो ,जैवलिन थ्रो आदि,का विधिवत् शुभारंभ किया गया। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पीटी अध्यापक अब्दुल बरकत लेनिन व आलीशान सर के देखरेख में प्रारंभ हुआ। इस दौरान सभी अध्यापक ,अध्यापिकाओं व समस्त स्टाफ ने मौजूद रहकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। प्राइमरी विंग के नन्हे बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें रेस - मोहम्मद साजिद महरीन जैनब ,बाल थ्रो - मोहम्मद हिफ्ज़ान जमाल मोहम्मद साजिद, शटल रेस - अब्दुल्ला उमर, हबीबा अंसारी ,स्टैंडिंग ब्रॉड जंप- मोहम्मद अयान शाहिद, आदिना फातिमा .प्री जूनियर वर्ग में रेस - खुई अब्बास, अलीजा। बल थ्रो - मोहम्मद हबीब , शरियत फातिमा, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप- अलीजा साबीह,फ्रॉग जंप - सुहर्ष सोनी ।सब जूनियर वर्ग में रेस- मोहम्मद फारिज ,अंशिका चौधरी ,रिले - रेड हाउस प्रथम , डिस्कस थ्रो - आलिश्बा नूर, मोहम्मद रखशान, लॉन्ग जंप- आरुष यादव, अलीशा राव।

## खंड शिक्षा अधिकारी की गिरफ्तारी को नियम विरुद्ध बताते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ने परिषदीय विद्यालय की किताबों को कबाड़ी से बेचने के मामले में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी बांसी अखिलेश सिंह की गिरफ्तारी को नियम विरुद्ध बताते हुए प्रभारी निरीक्षक व सी ओ बांसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का पत्र पुलिस अधीक्षक को लिखा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है कि पुस्तक को कबाड़ी को बेचने के आरोप में खंड शिक्षा अधिकारी बांसी कार्यालय के अनुचर अभियुक्त सहाबुद्दीन व रामजस के विरुद्ध स्वयं पुलिस द्वारा बिना विभागीय जांच के प्राथमिकी दर्ज किया था। उक्त प्राथमिकी में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह का नाम नहीं था सिर्फ अभियुक्त के बयान को आधार बनाकर अखिलेश कुमार सिंह के नाम को प्रकाश में लाकर गिरफ्तारी किया गया है। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या में यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि यदि किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा बरती कोई अनियमितता प्रकाश में आती है तो उसके विरुद्ध जांचोपरांत अनुशासनिक विभागीय कार्यवाही की जायेगी और यदि अनुशासनिक विभागीय कार्यवाही में यह पाया जाता है कि कर्मचारी अधिकारी की कोई अपराधिक भूमिका रही है तथा उसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर विचार किया जाता है अन्यथा विभागीय कार्यवाही में जांच अधिकारी की आख्या के उपरांत वे दण्ड दिए जाते हैं जो सम्बन्धित नियमावली में परिभाषित है। उन्होंने लिखा है कि उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि प्रभारी निरीक्षक व सीओ बांसी ने शासनादेशों का पालन नहीं किया है। ऐसे में प्रभारी निरीक्षक व सी ओ बांसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना चाहिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्र पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को पत्र लिखा है।

## पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने भाजपाईयों को दिखाया द साबरमती रिपोर्ट फिल्म



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित ज्योति सिनेप्लेक्स सिनेमा हॉल में गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट मूवी को पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में शनिवार को जनपद के भाजपा नेताओं, पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओं को एक सम्पूर्ण शो दिखाया गया। द साबरमती रिपोर्ट एक सत्य घटना पर आधारित एक बॉलीवुड क्राइम ड्रामा फिल्म है, यह फिल्म साल 2002 में हुई साबरमती एक्सप्रेस की दिल दहला देने वाली घटना से प्रेरित है। फिल्म की शुरुआत 27 फरवरी 2002 को गोधरा में हुए साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आगजनी की घटना से होती है। इस घटना में 59 लोग मारे जाते हैं। इस फ़िल्म के माध्यम से कई चौंकाने वाले खुलासे होते हैं और पता चलता है कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश थी और इसमें कई बड़े लोग शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश कार्यक्रम समिति सदस्य राहुल श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, सदर विधायक श्यामधनी राही, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि खुनियांव राजेन्द्र दुबे, ब्लॉक प्रमुख दशरथ चौधरी, वरिष्ठ नेता विष्णु जायसवाल, विपिन सिंह, घनश्याम मिश्र, दीपक मौर्य, कृष्णा मिश्र, दीप नारायण त्रिपाठी, रामसूरत, राजेश पाण्डेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव मिश्र, रामेश्वर पाण्डेय, निशांत पाण्डेय, अमित दुबे, अमय पाण्डेय, पीयूष चौबे, सनी उपाध्याय, सहित सैकड़ों भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विभिन्न स्कूलों में न.पं. द्वारा कराए जा रहे कार्यों का ईओ ने किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा अवर अभियंता रवि प्रताप सिंह के साथ नगर पंचायत डुमरियागंज क्षेत्र स्थित विभिन्न स्कूलों में नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे छत मरम्मत और टाइलिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। कार्य मानक के अनुरूप एवं गुणवत्ता युक्त पाए गए। अधिशासी अधिकारी द्वारा संबंधित ठेकेदार को कई निर्देश दिए गए तथा यह कहा गया कि उनके द्वारा जिस तरह गुणवत्ता एवं मानक के साथ कार्य कराया गया है उसी तरह आगे भी कराएं। आगे यदि गुणवत्ता और मानक में किसी तरह की कमी पाई गई तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कासिम मेहंदी महंत मिश्रा शिवेंद्र गौड़, अब्बास अली आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पालिका प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद टांडा के शमशाद जुबैर कर अधीक्षक, रामबाबू गुप्ता राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार गौरव राजस्व निरीक्षक, निशांत पांडे कार्यालय अधीक्षक,जलील अहमद अरशद जमाल अनुरुद्ध कुमार लिपिक आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता नितेश मौर्य अवर अभियंता सिविल शहदेव हरिश्चंद पाठक मेट राम चंद्र मोहम्मद हुसैन मोहम्मद अहमद सुहेल शकील मंशाराम महेंद्र कुमार परवेज अहमद सफाई नायक जयेंद्र कुमार जुल्फेकार अहमद कंप्यूटर आपरेटर, सम्मानित होने वाले सफाई कर्मचारी मो0 अकरम, मो0 रईस सद्दाम,परवेज अख्तर, मो वाशिम,आफताब, मुतीम ,अरशद, श्रीमती शायर बनो, जमीला ,नूरजहां,राजिया शायर बनो आदि पालिका के अधिकारी एव कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों की सेवा करना पुनीत कार्य : सांसद

## समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के 186 बच्चों में बांटा गया उपकरण व उपस्करण

आफ़ताब हैदर



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग उपकरण व उपसकरण शिविर का आयोजन बीआरसी डुमरियागंज परिसर में शनिवार को किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि दिव्यांगजनो की सहायता व सेवा करना पुनीत कार्य है। उपकरण पाकर इनके जीवन में आत्मिक खुशी का संचार होगा। और स्कूलों में शिक्षा हासिल करने में भी सहायता मिलेगी।

आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर सांसद जगदंबिका पाल व बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र पांण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद जगदंबिका पाल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में रहने वाले लोग के बीच जब किसी परिवार में दिव्यांग बच्चों का जन्म होता तो लोग गमगीन हो जाते हैं लेकिन उन्हें इस बात पर ध्यान न देकर यह समझना चाहिए कि ईश्वर ने जो उन्हें दिया है उसका स्वागत है। दुनिया में बहुत सारे ऐसे दिव्यांगजन है जो सरकारी व प्राइवेट क्षेत्र में छोटे से लेकर बड़े पदों पर आसीन है। इससे सिद्ध होता है कि उनकी दिव्यागता उनकी योग्यता पर हावी नहीं हो पाई है। उन्होंने एलिम्को कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन में क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को घर के निकट उपकरण मिल जाता है इससे उनके अभिभावकों को सरकारी कार्यालयों तक दौड़ नहीं लगानी पड़ती है। बीएसए देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत्र दिव्यांग छात्रों का पूर्व के कैम्प में चिन्हांकन किया गया था। उन्हें उपकरण मिल जाने से उनके पढ़ाई में बाधा उत्पन्न नहीं होने पाएगी। समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक करूणापति त्रिपाठी बताया कि 12 सितम्बर को आयोजित किए गए कैम्प ब्लाक डुमरियागंज इटवा खुनियांव भनवापुर के कुल 130 चिंहित बच्चों में टाई साइकिल 5 व्हीलचेयर 15 सीपी चेयर 11 रो लेटर 13 ब्रिल किट 5 पीएल एम किट 20 सुगम्य केन 4 हियरिंग ऐड 80 कालर हेड 4 मिलाकर कुल 186 उपकरणों व उपस्करण का वितरण किया गया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, डा. सुकेत वर्मा डा. बृजदीप सिंह, खुर्शीद आलम,सज्जन पाण्डेय, रामकुमार उर्फ चिंकू यादव, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, कसीम रिजवी, राजेश द्विवेदी, कमलेश चौरसिया, राजू पाल महेन्द्र मार्या, गणेश गौड़, मलिक नसीम अहमद, धर्मराज दूबे आदि मौजूद रहे।

# समय से पूर्ण करें संगठन चुनाव की प्रक्रिया : राहुल



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में संगठन पर्व - सक्रिय सदस्यता एंव संगठनात्मक चुनाव के निमित्त शनिवार को जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य राहुल श्रीवास्तव रहे। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने स्वागत भाषण कर सभी का स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राहुल श्रीवास्तव ने कहा सभी पार्टी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए समय से चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण कर ले। संगठन चुनाव का मतलब कार्यकर्ता निर्माण होता है और कार्यकर्ता निर्माण से पार्टी के भविष्य का भी निर्माण होता है, संगठन के चुनाव से पार्टी एवं कार्यकर्ताओं को बल मिलता है आज पार्टी कार्यकर्ताओं के बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी अनुशासित पार्टी बनी है, जो सदैव राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवादी होता है।

मुख्य अतिथि ने बताया 5 दिसंबर तक सभी बूथ समितियां का गठन होना सुनिश्चित किया गया है जिसके उपरांत आगामी 30 दिसंबर तक पार्टी संगठन का चुनाव शत प्रतिशत पूर्ण रूप से कर सके। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया पार्टी में सक्रिय सदस्य ही पार्टी के किसी भी दायित्व पर होंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विपिन सिंह एंव जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने की। उक्त अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ0 सतीश चंद्र द्विवेदी, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सह चुनाव अधिकारी द्वय शिवनाथ चौधरी, विजयकांत चतुर्वेदी,सदस्यता प्रमुख रामकुमार कुंवर, सदस्यता सत्यापन अधिकारी यशकांत सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री बृजबिहारी मिश्रा, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक कुंवर विक्रम सिंह, चेयरमैन गन्ना समिति संजय सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, अर्चिष्मान मिश्र एवं पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सोशल स्टेटस

गुजारा भत्ता तलाक में गुजारा भत्ता तय करते समय सिर्फन्यूनतम जरूरतों पर ही ध्यान केन्द्रित नहीं किया जाना चाहिये बल्कि शख्स के सोशल स्टेटस का भी ध्यान रखा जाय जाना चाहिये। इसी आशय का फेमिली कोर्ट ने गुजारा भत्ता इसी परिपेक्ष में 1.75 लाख मासिक तय किया था। हाईकोर्ट घटाकर 80,000 मासिक कर दिया था।

एक शादी 2008 में हुई थी। 2019 में पति की ओर से तलाक की अर्जी दी गई थी। फैमिली कोर्ट ने पति के तमाम श्रोतो की आमदानी को देखते हुये गुजारा भत्ता 1.75 लाख महीना तय कर दिया। हाई कोर्ट ने इसे घटा कर 80,000 रूपये मासिक कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने परिवार का फेमली और सोशल स्टेटस देखते हुये हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुये फेमिली कोर्ट का 1.75 लाख मासिक गुजारा भत्ता को मंजूर कर दिया। दरसल तलाक में एक मुख्य पहलू बनता है शादी से पहले महिला अच्छे स्टेटस की नौकरी में रहती है।

शादी के बाद महिला से नौकरी छुड़वा कर तमाम रूढ़िवादी रही शादियां खास कर महिलाओं को बहुत कुन्ठित कर देती है। उनकी विशेषताओं का फायदा समाज और देश नहीं उठा पता है। जिन्दगी कुन्ठित हो बेमानी करने से बेहतर है प्रगतिशील नज़रिया अपनाना चाहिये यदि तलाक उसकी दवा लगती है तो बेहिचक अपनाना चाहिये। वैसे इसे लेकर समाज की सोच प्रगतिशील हो रही है। जैसे जैसे महिलाओं आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है। सुप्रीम कोर्ट इस तरह के फैसले दे समाज के झिझक को दूर करने में भारी मदद कर सकता है। इससे तलाक को लेकर जो शोषण है उस पर भारी अंकुश लग सकता है। तीन तलाक से अक्रान्त महिलाओं को एक नई आजाद दुनियां में ला सकता है।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन कानून : एक आवश्यक कदम

हाल ही में तमिलनाण्डु में कृष्णागिरी जिले के होसुर में अदालत के बाहर एक अधिवक्ता पर दरांती से बेरहमी से हमला किया गया हमले में पीड़ित के सिर पर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई। शायद ही ऐसा कोई दिन अछूता रहता होगा जिस दिन अधिवक्ताओं पर हमला नहीं किया जाता है। अभी कुछ दिन पहले प्रयागराज में अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला पर हमलावरों ने लाठी, डंडे, लोहे, की रॉड और राइफ़ल के बट से उनके सिर पर प्रहार किया। गंभीर रूप से घायल अखिलेश को लखनऊ ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। कासगंज में एक महिला अधिवक्ता का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गयी थीं। 2019 में बार काउंसिल ऑफयूपी की प्रथम महिला चैयरमैन दरवेश सिंह यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। अहमदनगर जिले में तहसील कार्यालय परिसर में49 वर्शीय एक अधिवक्ता की एक लड़के ने हत्या कर दी। अधिवक्ताओं को कानून का रक्षक कहा जाता है क्योंकि अधिवक्ता न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कानून के पालन में मदद करते हैं। इसके साथ ही न्याय प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने में योगदान करते हैं। यदि कानून के रक्षक कहे जाने वाले अधिवक्ताओं पर लगातार हमले होते रहे, तो यह न केवल अधिवक्ताओं के लिए, बल्कि पूरे न्यायिक प्रणाली के लिए एक बड़ा खतरा होगा। अधिवक्ता न्याय प्रणाली के स्तंभ है और यदि वे सुरक्षित नहीं है, तो न्याय प्रणाली की विष्वसनीयता और प्रभावशीलता प्रष्नचिन्ह लग जाएगा। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्षन एक्ट को पूरे देश में लागू करना एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। यह एक्ट अधिवक्ताओं को हमलों और हिंसा से बचाने में मदद कर सकता है और उन्हें अपना काम स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम बना सकता है। जब-जब अधिवक्ताओं पर हमला हुए, तो कई राज्यों ने प्रगतिशील कदम उठाते हुए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किया है।



ललित शर्मा

परन्तु, केंद्र सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। राजस्थान में यह कानून लागू हो चुका हैं बार काउंसिल ऑफ इण्डिया और राज्यों की बार एसोसिएशन भी केंद्र और राज्य सरकारों से ऐसी मांगे करती रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर विचार करने लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसमें वकीलों के खिलाफ हिंसा को गैर जमानती बनाने की मांग की।

अधिवक्ताओं का कहना है कि जिस प्रकार डॉक्टरो के लिए उत्तर प्रदेश में यूपी मेडिकेयर सर्विस पर्सेस एंड मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस(हिंसा और संपति की क्षति रोकथाम अधिनियम 2013) को लागू किया गया है। उसी तरह अधिवक्ताओं के संरक्षण को लेकर कानून लाया जाए इस कानून में डॉक्टर से मारपीट करने या अस्पताल तोड़फोड़ करने पर तीन साल कैद और 50 हजार रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। अधिवक्ताओं का कहना है जजों और नौकरशाहों को जिस तरह से न्यायिक कार्य के दौरान किसी भी तरह के आपराधिक मुकद्मे से छूट है, वैसा सुरक्षा कवच उन्हें मिलना चाहिए। एडवोकेट प्रोटेक्षन एक्ट 2021 का बार काउंसिल इंडिया ने इसका मॉडल विधेयक सामने रखा था। इसमें अधिवक्ताओं के खिलाफ अपराधों पर 6 माह से लेकर 5 साल तक की सजा का प्रावधान है गंभीर मामलों में 10 साल की सजा हो सकती है जुर्माने 50 हजार से रूपये से लेकर 10 लाख रूपये तक है। एफ्आईआर के 30 दिनों के भीतर जांच हो, जांच के दौरान अधिवक्ताओं को पुलिस सुरक्षा मिले जिला, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट स्तर पर निवारण समिति बने। इसका उद्देष्य अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिष्चित करने के साथ न्यायिक कार्य में आने वाली समस्यओं को दूर करना है। जब देश में कानून बनाने वाले संसद और विधान सभा के सदस्यों को भारतीय संविधान में अनुच्छेद 105, 194 के तहत विशेशाधिकार दिये हैं। कम से कम कानून की रक्षा करने वाले अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार द्वारा इतना तो किया जा सकता है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्षन एक्ट कानून को पूरे देश में लाग किया जाए।

मौलिक स्वतन्त्रता और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अधिवक्ताओं की सुरक्षा अति आवष्यक है। यदि अधिवक्ता स्वतन्त्र, निशपक्ष, तटस्थ, होंगे तो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में विधि का शासन की अवधारणा को बल मिलेगा और न्याय का क्रियान्वान उचित दिशा में होगा।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**संवैधानिक मूल्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए, एनईपी 2020 को लागू करने से भारत के बड़े विकास लक्ष्य हासिल होंगे और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण को गति मिलेगी। पीएम ई-विद्या और दीक्षा, स्वयंप्रभा, स्वयं जैसे डिजिटल पहलों की शुरूआत, जिनमें हज़ारों पाठ्यक्रम और वर्चुअल लैब हैं, से छात्रों को एक साथ दो डिग्री - एक भौतिक प्रारूप में और दूसरा ऑनलाइन प्रारूप में - पूरा करने की सुविधा मिलती है। अकादमिक क्रेडिट बैंक खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा तक समान पहुँच की सुविधा प्रदान करते हैं।**

# 2047 की ओर : संविधान की सक्रिय भूमिका

**ममीडाला जगदीश कुमार**

तीन अर्थशास्त्रियों को राष्ट्र की समृद्धि में संस्थानों के गठन और भूमिका पर उनके अभूतपूर्व शोध कार्य के लिए 2024 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। भारत में, हमारे संविधान ने भारत की प्रगति की आधारशिला रखते हुए संसद, लोकतंत्र, न्यायपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं को स्वरुप प्रदान किया और उन्हें मजबूत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी फ्रेमवर्क है, जिसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को नया स्वरुप प्रदान करना है, ताकि हमारे युवा छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके और हमारे देश की प्रगति को साकार किया जा सके। एनईपी 2020 भारतीय संविधान में निहित मूल्यों पर आधारित है, जो शिक्षा में पहुँच, समानता, गुणवत्ता, जवाबदेही और किफायती होने पर जोर देता है। यह संवैधानिक आदर्शों और एक प्रगतिशील, समावेशी, सतत भारत की आकांक्षाओं के बीच एक सेतु है।

एनईपी 2020 समानता और समावेशिता पर जोर देते हुए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में असमानताओं को दूर करते हुए, सामाजिक न्याय प्रदान करने के भारतीय संविधान के उद्देश्य को समर्थन प्रदान करता है। एनईपी 2020, हमें अनुच्छेद 46 के अनुरूप अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) सहित सभी वंचित समूहों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। छात्रवृत्ति और शैक्षिक ऋण का प्रावधान, ज्ञान-प्राप्ति के संयुक्त प्रारूप को बढ़ावा देना, डिजिटल ज्ञान-प्राप्ति पहल, बहु-नामांकन और बहु-बहिर्गमन योजनाएं, डिग्री कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में कौशल शिक्षा की शुरुआत और शिक्षण के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन आदि उपाय सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र पीछे न छूट जाए।

हाल ही के दो उदाहरण लें, जो उच्च शिक्षा में एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को सक्षम बनाते हैं पहली, एक करोड़ छात्रों के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना और दूसरी, पीएम विद्यालक्ष्मी ऋण योजना। ये दोनों योजनाएँ निम्न-आय वर्ग के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं तथा संवैधानिक मूल्यों, यानि समानता, समावेश और आर्थिक सशक्तिकरण (अनुच्छेद 15 और 16) से गहराई से जुड़ी हैं। वे उच्च शिक्षा तक पहुँच को सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक बनाती हैं। ये योजनाएँ युवा भारतीयों को उनकी सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि को ध्यान में रखे बिना राष्ट्रीय विकास में भाग लेने के अवसर प्रदान करती हैं - वंचितों के उत्थान के लिए उच्च शिक्षा में ऐसे लक्षित उपाय, भारतीय संविधान के मूल्यों के अनुरूप हैं। निर्देशक सिद्धांत सामाजिक-आर्थिक



न्याय, शैक्षिक अवसरों की गारंटी देने और लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने में राज्य का मार्गदर्शन करते हैं। ये दोनों योजनाएँ, हमारे संविधान के इन सिद्धांतों की व्यावहारिक अभिव्यक्ति हैं।

भारतीय संविधान भाषाई विविधता को रेखांकित करता है और अपने प्रावधानों और नीतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उन्नति का समर्थन करता है। अनुच्छेद 350ए मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि बहुभाषावाद शैक्षिक परिदृश्य में परिलक्षित हो सके। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 अनुसूचित भाषाओं की सूची शामिल है और अनुच्छेद 29 और 30 के साथ संरेखित करते हुए इन भाषाओं के विकास को आधिकारिक मान्यता दी गई है। उदाहरण के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 22 भारतीय भाषाओं में 22000 पुस्तकें तैयार करने की परियोजना शुरू की है। यह परियोजना एनईपी 2020 में अनुशंसित भारतीय भाषाओं को समृद्ध करने पर आधारित है और हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। एनईपी 2020 का विशेष ध्यान फोकस हमारे छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना है, ताकि उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके और उभरते क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया जा सके। एनईपी की यह प्राथमिकता सीधे अनुच्छेद 41 के साथ जुड़ी है। संवैधानिक मूल्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए, एनईपी 2020 को लागू करने से भारत के बड़े विकास लक्ष्य हासिल होंगे और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण को गति मिलेगी। पीएम ई-विद्या और दीक्षा, स्वयंप्रभा, स्वयं जैसे डिजिटल पहलों की शुरूआत, जिनमें हज़ारों पाठ्यक्रम और वर्चुअल लैब हैं, से छात्रों को एक साथ दो डिग्री - एक भौतिक प्रारूप में और दूसरा ऑनलाइन प्रारूप में - पूरा करने की सुविधा मिलती है। अकादमिक क्रेडिट बैंक खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा तक समान पहुँच की सुविधा प्रदान करते हैं।

भारतीय संविधान की भावना का पालन करते हुए, एनईपी 2020 छात्रों में भाईचारे और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समग्र शिक्षा पर जोर देता है तथा उन्हें वैश्विक नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय लोकाचार को समाहित करते हुए, एनईपी 2020 भारत की समृद्ध विरासत में गर्व और एकता की भावना को बढ़ावा देने की कोशिश करता है। भारतीय संविधान गतिशील है। उदाहरण के लिए, हमारा संविधान अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन के लिए एक व्यवस्था प्रदान करता है, जो हमारी संसदीय प्रणाली को समय के साथ विकसित होने की सुविधा देता है। उदाहरण के लिए, संसद ने शासन को विकेंद्रीकृत करने और लोकतंत्र को लोगों के करीब लाने के लिए 73वें और 74वें संशोधन पारित किए, जो पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकायों से संबंधित हैं। इसी तरह, संसद द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की शुरूआत, नीति निर्माण में इसकी अनुकूल होने की क्षमता को दर्शाती है। हमारी संसदीय प्रणाली ने सार्थक लैंगिक प्रतिनिधित्व के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित करके अपना प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदर्शित किया।

हमारा संविधान नागरिकों की भागीदारी तथा भारत की स्वतंत्र मीडिया व गतिशील न्यायिक प्रणाली समेत मजबूत संस्थाओं के कारण फल-फूल रहा है और सशक्त है। हमारा संविधान भारत के शासन का आधार है और हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक-सभ्यतागत मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है। उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम में कर्तव्यों पर पाठों को शामिल करके तथा छात्रों को राष्ट्र के लिए योगदान देने पर गर्व करने के लिए प्रेरित करके छात्रों में उनके संवैधानिक कर्तव्यों की समझ पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। आइए हम अपने संविधान का उत्सव मनाएं और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र तथा एक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक शक्ति बनाने के लिए संविधान से प्रेरित होते रहें।

# प्रदूषण से बढ़ती मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

**बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है।**

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद, प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, नीतियों, और प्रदूषण को कम करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है। यह त्रासदी 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को हुई थी। इस त्रासदी में ज़हरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश एवं दुनिया की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। प्रदूषण के कारण जल, भूमि, और वायु प्रदूषित होता है, जिससे मौतें होती हैं, प्रदूषण से जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।



ललित गर्ग

जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्मा इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियों ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के



मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है।

हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं।

# ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों पर दुष्प्रभाव

**नई प्रौद्योगिकी के बच्चों पर प्रभाव की करें तो आज के युग में हम देख रहे हैं कि बच्चों के हाथ में मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर की आदत तीव्रता से बढ़ गई है।क्योंकि महामारी के प्रकोप से लॉकडाउन और स्कूल बंद के कारण उसे समय की आदतों से ऑनलाइन क्लासेस से इसकी ज़रूरत और आदतें दोनों बढ़ गई है। जिसका खाली समय में प्रयोग में अक्सर ऑनलाइन गेमिंग, अन्य गेम, अश्लीलता के कुछ अंश इत्यादि का क्रेज बढ़ गया है जिसकी ओर हम सभी अभिभावकों माता-पिता, शिक्षकों को इस दिशा में तेज़ी से ध्यान देखकर अतिकठोर सावधानी बरतना होगा ताकि हमारे कल के भविष्य बच्चों को आत्म संयमता का मंत्र देकर हम उनका भविष्य सुरक्षित कर सकें।**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में संसद क़े शीतकालीन सत्र 2024 की शुरुआत 25 नवंबर 2024 से हुई जिसमें उद्योगपति मामले में हंगामें के चलते 29 नवंबर 2024 तक यांने चार दिन में मात्र 40 मिनट ही कार्रवाई चली औसतन प्रतिदिन 10 मिनट तक कार्यवाही चली,अब दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर 2024 तक स्थगित कर दी गई है, इस बीच राज्यसभा में सभापति ने कहा, यह करनी लोकहित केंद्रित नहीं हैं। ये लोगों की पसंद के बिल्कुल प्रतिकूल हैं, हम अप्रासंगिक होते जा रहे हैं और लोग हमारा उपहास कर रहे हैं, हम वस्तुतः हंसी का पात्र बन गए हैं, इसलिए वे राज्यसभा सांसदो से कृपा कर सदन के कामकाज में सुचारू रुप से भाग लेने की अपील करते हैं, सदन के सामान्य कामकाज में व्यावधान उत्पन्न किए जाने से उन्हें गहरी पीड़ा और दुख हुआ है। हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हम देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं और उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं, क्योंकि जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे बिल व सवाल बाधित हो रहे हैं आज यह विषय हम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि 29 नवंबर 2024 को राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की लिखित जानकारी दी।बता दें वर्तमान प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में अत्यंत तीव्रता से हम एक नए भारत की ओर बढ़ रहे, हमारे देश पर हमें गर्व है लगभग हर क्षेत्र में मानवीय शारीरिक श्रम को आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से कंप्यूटर,रोबोट, विभिन्न एप्स की भाषा में तब्दील कर घंटों का काम सेकंडों में करने की राह तेजी पकड़ती जा रही है, और हम तेजी से एक नए भारत की ओर बढ़ रहे हैं इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि हम विज़न 2047 को अपने टारगेट के कई साल पहले ही प्राप्त कर लेंगे। परंतु इससे हमारे भविष्य के नेतृत्व बच्चों पर काफी दुष्प्रभाव पढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम तीव्र गति से प्रौद्योगिकी विकास की करें तो बड़े बुजुर्गों का कहना है रजाई जितनी पानी में भीगेगी उतनी ही भारी होती जाएगी बिल्कुल ठीक,हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कहे एक एक शब्द सत्य साबित होते हैं यही बात, हमें इस आधुनिक प्रौद्योगिकी में भी देखनी होगी कि जितनी हम सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं उनके कुछ साइड इफेक्टस भी होते हैं, जिनकी अत्यंत सूक्ष्मता से हमें सावधानी भी बरतनी होगी। साथियों बात अगर हम इस नई प्रौद्योगिकी के बच्चों पर प्रभाव की




करें तो आज के युग में हम देख रहे हैं कि बच्चों के हाथ में मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर की आदत तीव्रता से बढ़ गई है। क्योंकि महामारी के प्रकोप से लॉकडाउन और स्कूल बंद के कारण उसे समय की आदतों से ऑनलाइन क्लासेस से इसकी ज़रूरत और आदतें दोनों बढ़ गई है।जिसका खाली समय में प्रयोग में अक्सर ऑनलाइन गेमिंग,अन्य गेम, अश्लीलता के कुछ अंश इत्यादि का क्रेज बढ़ गया है जिसकी ओर हम सभी अभिभावकों माता-पिता,शिक्षकों को इस दिशा में तेज़ी से ध्यान देखकर अतिकठोर सावधानी बरतना होगा ताकि हमारे कल के भविष्य बच्चों को आत्म संयमता का मंत्र देकर हम उनका भविष्य सुरक्षित कर सकें।

साथियों बात अगर हम ऑनलाइन गेमिंग में सुरक्षा के लिए संसदीय शीतकालीन सत्र में भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का लिखित उत्तर पेश करने की करें तो सरकार ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले खतरों और लत जैसे संभावित नुकसानों से अवगत है। भारत सरकार की नीतियों का उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करना है। ऑनलाइन गेम की लत जैसी विभिन्न सामाजिक आर्थिक चिंताओं को दूर करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद,आईटी अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 (आईटी नियम, 2021) को अधिसूचित किया है। आईटी नियम, 2021 ने सोशल मीडिया मध्यस्थों सहित विभिन्न मध्यस्थों पर उस सूचना के संबंध में विशिष्ट सावधानी बरतने के दायित्व डाले हैं, जिसे प्लेटफ़ॉर्म पर होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, प्रकाशित, प्रसारित, संग्रहीत या साझा नहीं किया जाना है। मध्यस्थों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी भी ऐसी सूचना को होस्ट, संग्रहीत या प्रकाशित न करें जो वर्तमान में लागू किसी भी कानून का उल्लंघन करती हो। मध्यस्थों को अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है, जिसमें आईटी नियम, 2021 के तहत वर्गीकृत गैरकानूनी सूचना को हटाने की दिशा में उनकी त्वरित कार्रवाई या किसी भी ऐसी सूचना के खिलाफ प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई शामिल है, जो अन्य बातों के अलावा, बच्चों के लिए हानिकारक है या जो मनी लॉन्ड्रिंग या जुए से संबंधित या प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2021 को ऑनलाइन गेमिंग के नुकसानों पर काबू पाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसके बाद, शिक्षा मंत्रालय ने 10 दिसंबर, 2021 को बच्चों के सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग पर अभिभावकों और शिक्षकों को एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में संकेत दिया गया है किऑनलाइन गेम खेलने से गंभीर गेमिंग की लत लग जाती है जिसे गेमिंग डिसऑर्डर माना जाता है। इसने आगे चेतावनी दी है कि बिना किसी प्रतिबंध और आत्म-सीमा के ऑनलाइन गेम खेलने से कई खिलाड़ी आदी हो जाते हैं और अंततः गेमिंग डिसऑर्डर का निदान किया जाता है अभिभावकों और शिक्षकों को एडवाइजरी को व्यापक रूप से प्रसारित करने और बच्चों को मानसिक और शारीरिक तनाव से जुड़े सभी ऑनलाइन गेमिंग नुकसानों पर काबू पाने में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें शिक्षित करने की सिफारिश की गई है।

# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग : गुलाब

## महाराष्ट्र बना अन्डर-17 बालक, बालिका राष्ट्रीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता- 2024 का चैम्पियन

**अवधनामा संवाददाता**





**लखनऊ।** खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके बिना अच्छे स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की कामना नहीं की जा सकती है। हमारा उद्देश्य यही है कि खेलेंगे तो खिलेंगे। उक्त बातें प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने सभी विजेताओं को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित कर एवं शुभकामना दी।

उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिला, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सकुशल सम्पन्न कराया गया। एक तरफ हम सब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नई शिक्षा नीति को मूर्त रूप देने के लिए तत्पर हैं। इस प्रक्रिया में पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों के अन्तर्गत हमारे खेलों की महती भूमिका होती है जो विद्यार्थियों के समग्र विकास का आधार भी है।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 05 दिवसीय 68वीं राष्ट्रीय स्कूली

■ **मेहनत और अभ्यास से ही भविष्य में मिलेगी सफलता- माध्यमिक शिक्षा मंत्री**

एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 का गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज कुर्सी रोड लखनऊ में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन दिवस पर पदक तालिका में 12 स्वर्ण, 02 रजत और 04 कांस्य पदक के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर, 04 स्वर्ण, 07 रजत और 06 कांस्य के साथ हरियाणा द्वितीय स्थान पर तथा उत्तर प्रदेश 04 स्वर्ण, 03 रजत एवं 03 कांस्य के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया गया इसके पश्चात ध्वजावतरण और विजेता राज्य को हस्तान्तरित करने के साथ ही समापन की घोषणा की गयी।

इस अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज, विकास नगर, लखनऊ एवं आर्यकन्या बालिका इण्टर कालेज, लखनऊ की छात्राओं के द्वारा खेल थीम पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी गयी। उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल रेखा दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए देश के विभिन्न प्रदेशों से आये हुए खिलाड़ियों, उनके कोच और मैनेजर और अभिवावकों एवं इस आयोजन में विभाग से लगाये गये समस्त अधिकारियों, कार्मिकों तथा प्रेस-मीडिया का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लगातार पांच दिन तक उत्साह के साथ खेल कार्यक्रमों को सम्पन्न कराया।

# महाकुंभ-2025 के दौरान प्रयागराज में होगा हेरिटेज वॉक : जयवीर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने गंगा जमुनी फाउंडेशन के साथ कल एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। यह फाउंडेशन ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित वॉक आयोजित करने के लिए प्रसिद्ध है। इस समझौते के तहत, प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 के दौरान हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य करोड़ों आगंतुकों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव को समृद्ध करना है। साथ ही, प्रयागराज की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया, एमओयू की शर्तों के तहत यूपीएसटीडीसी और गंगा जमुनी फाउंडेशन मिलकर शोध-आधारित और आकर्षक हेरिटेज वॉक डिजाइन

■ **यूपीएसटीडीसी ने गंगा जमुनी फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया**



करेंगे। यह वॉक प्रयागराज के प्रमुख ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे- संगम, इलाहाबाद किला, अक्षयवट और आनंद भवन आदि के महत्व को बताएगा। इस वॉक के माध्यम से पर्यटकों को शहर की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, 'गंगा जमुनी फाउंडेशन हेरिटेज वॉक के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करेगा। तथ्यपरक और रोचक कहानियों के लिए गाइड्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बहुभाषी गाइड्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन बुकिंग, टिकटिंग और शेड्यूलिंग का प्रबंधन करेगा, ताकि प्रतिभागियों को एक सुखद अनुभव प्राप्त हो। आयोजन के दौरान सुरक्षा, सुविधा और यूपी पर्यटन द्वारा जारी पर्यावरणीय और भीड़ नियंत्रण दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यूपीएसटीडीसी इन यात्राओं को अपने आधिकारिक संचार माध्यमों, जैसे- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूपी पर्यटन की वेबसाइटों के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करेगा। बुकिंग की सुविधा गंगा जमुनी फाउंडेशन की वेबसाइट से जोड़ी जाएगी।

# टीएमयू पैरामेडिकल डिप्लोमा स्टुडेंट्स का संगम में जलवा



**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के सभी डिप्लोमा की फेयरवेल और फ्रेशर्स पार्टी- संगम समारोह में डीएलटी के आशीष चौहान, ओटी के दीपक, डायलिसिस के अब्दुल्ला, कार्डियो के मिस्टर हमजा को मिस्टर फेयरवेल और डीएलटी की कृतिका, ओटी की ज्योति कुमारी को मिस फेयरवेल चुना गया। दूसरी ओर डीएलटी के सचिन, ओटी के मयंक, ऑप्टोमेट्री के अहमद रजा, एमआरआई के ओवेश डायलिसिस के हिमांशु मिस्टर फ्रेशर्स तो डीएलटी की मीनाक्षी, ओटी की हिमानी, ऑप्टोमेट्री की सना खान, एमआरआई की शिखा, कार्डियोलॉजी की रिद्धि, एनेस्थेसिया की अनमता, डायलिसिस की अंशिका मिस फ्रेशर्स बनीं। ओटी के सलमान मलिक और एनेस्थीसिया की रूही को गायन, ऑप्टम की श्रुति और सुहैल खान को नृत्य, डायलिसिस के अब्दुल कादिर को एंकरिंग और ओटी के अर्पित को प्रशासन के लिए बेस्ट परफॉर्मर के खिताब से नवाजा गया। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के प्राचार्य एवम् चीफ प्रॉक्टर प्रो. सुशील सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके फेयरवेल और फ्रेशर्स पार्टी का शुभारम्भ किया।

# पाश्चात्य संगीत की बारीकियों से रूबरू हुए छात्र

## सीएमएस राजाजीपुरम कैम्पस द्वारा म्यूजिक वर्कशाप का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय परिसर में आयोजित 'वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक वर्कशाप' में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों व संगीत प्रेमियों ने न सिर्फपाश्चात्य शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को समझा अपितु पाश्चात्य संगीत की विभिन्न विधाओं का आनंद उठाया। यह संगीत कार्यशाला एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक

(ए.बी.आर.एस.एम.), लंदन के सहयोग से सम्पन्न हुई। इस संगीत कार्यशाला में एबीआरएसएम के परीक्षक श्री फिलिप वाल्श, श्री राबर्ट शॉ, सुश्री त्से येन योंग एवं इण्डिया नेशनल यूथ आर्केस्ट्रा एवं कोरस की मैनेजिंग डायरेक्टर, सुश्री सोनिया खान ने संगीत शिक्षा पर गहन चर्चा-परिचर्चा की एवं दर्शकों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस वर्कशाप में लंदन से पधारे विश्व प्रसिद्ध संगीतकारों ने कंपोजीशन, परफार्मेन्स एवं समूह प्रस्तुतियों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये।

इस संगीत कार्यशाला की खास बात रही कि इसमें एबीआरएसएम के चीफ एक्जीक्युटिव श्री क्रिस कॉब, एबीआरएसएम के उप-मुख्य परीक्षक श्री मर्विन कजिन्स एवं संगीतज्ञ श्री जेम्स वेलबर्न ने लंदन से अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करायी एवं अपने सारगर्भित संबोधन से छात्रों व संगीत प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में एबीआरएसएम के चीफ एक्जीक्युटिव श्री क्रिस कॉब ने कहा कि संगीत शिक्षा आज एक नये कैरियर विकल्प के रूप में उभरी है एवं भावी पीढ़ी का अच्छा रूझान इस क्षेत्र में नजर आ रहा है। उन्होंने छात्रों की रूचि के अनुसार संगीत शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उच्च जीवन मूल्यों व मानवीय गुणों के विकास में संगीत की अहम भूमिका है।

इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने लंदन से पधारे एबीआरएसएम के परीक्षकों समेत चीफ एक्जीक्युटिव श्री क्रिस कॉब का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने एबीआरएसएम परीक्षा के प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि यह संगीत कार्यशाला छात्रों की संगीत प्रतिभा को निखारने में महती भूमिका निभायेगी। इसमें छात्र बहुत सारी नई चीजें सीखेंगे और संगीत की बारीकियों को समझकर अपने संगीत कौशल का विकास करेंगे। सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि यह संगीत कार्यशाला ऐसा शानदार अवसर है जब छात्रों, शिक्षकों व संगीत प्रेमियों को विश्व के प्रतिष्ठित संगीतकारों से सीधे बातचीत करने के अवसर मिल रहा है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या व उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : गोपाल



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में शनिवार को गोमती नगर कार्यालय से 1090 चौराहे होते हुए हजरतगंज चौराहे से शहीद स्मारक तक एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और चिन्मय कृष्ण की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाना था। पदयात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी रही, जिन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार से सख्त कार्यवाही की अपील की।

गोपाल राय ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले बेहद निंदनीय और चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को तुरंत रोका जाना चाहिए। साथ ही चिन्मय कृष्ण के खिलाफ लगाए गए सभी झूठे मामले वापस लिए जाएं और उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए। उन्होंने इसे हिंदू समाज पर दोहरा आघात बताते हुए सरकार से इस मामले पर कठोर कदम उठाने की मांग की। पदयात्रा के अंत में मंडल आयुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की गई।

# लखनऊ की संस्कृति अवध की शान

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** चिन्तनस् समग्र विकास समिति रहीमनगर लखनऊ के तत्वाधान में मोहन सिंह बिष्ट सभागार, निकट कुमांचल नगर सामुदायिक केंद्र, उत्तराखण्ड महापरिषद, कुमांचल नगर, लखनऊ में दिनांक 29-30 नवम्बर को 20 दिवसीय कार्यशाला के उपरान्त पारम्परिक अवधी लोकोत्सव एवं कार्यषाला कार्यक्रम का आयोजन आवश्यक मानकों का पालन करते हुए किया गया। जिसका उद्‌घाटन श्रद्धा त्रिपाठी राज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर,लखनऊ उ0प्र0 के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महोदय द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री रामाशीष मौर्या सेवानि0 डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 , व डॉ0 रोहित मिश्र एसो0 प्राफेसर पं0 दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ,समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड महापरिषद,लखनऊ के अध्यक्ष श्री हरीश चन्द्र पंत, श्री दीवान सिंह अधिकारी संरक्षक, श्री वैभव त्रिवेदी समाज सेवक, लखनऊ, डॉ0 रवि प्रकाश, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, श्री अभिनव त्रिपाठी एडवोकेट,देवाधि त्रिपाठी, नन्ही अभिश्री त्रिपाठी, राज नारायण मौर्य, मुकेश बाजपेयी, राजीव वर्मा आदि अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष डा0 प्रेरणा त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह व शाल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर डा0 अभिषेक त्रिपाठी प्रबन्धक एवं सचिव ने अतिथियों एवं दर्शकों तथा कलाकारों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम हेतु आवश्यक मानकों के बारे में बताया गया। संस्था द्वारा कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत है।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर भारतीय लोक संस्कृति से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। भारतीय संस्कृति अपने में विविधतों को समेटे हुए है जो कि वहॉ कि संस्कृति के माध्यम से प्रदर्शित होती रहती है। भारतीय संस्कृति में उत्तर प्रदेश की संस्कृति में अवधी का सदैव महत्वपूर्ण स्थान है।

# 'निजीकरण के फैसले को वापस कराने तक चलेगा संघर्ष'

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की कोर कमेटी की आज फिर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें इस बात पर चिंता व्यक्त की गई की एक तरफ आज प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एक्स पर ट्वीट किया है कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में विद्युत विभाग में ऐतिहासिक कार्य हुआ है और उसमें उन्होंने प्रमुख रूप से कहा है कि नए घरेलू विद्युत कनेक्शन 47 लाख 15 हजार दिए गए नलकूप कनेक्शन 1 लाख 70000 दिए गए 23 लाख से ज्यादा खंबे लगाए गए 7 लाख 51 हजार ट्रांसफार्मर बदले गए 1 लाख 24000 किलोमीटर एरियल बंच कंडक्टर बदली गई 537 केवी उपकेंद्रों का उचीकरण किया गया इसी प्रकार अन्य कार्य भी ऐतिहासिक किए गए फिर सवाल या उठना है कि जब सब कुछ ऐतिहासिक हो गया तो पावर कारपोरेशन

■ **आरक्षण पर कुठाराघात को रोकने के लिए संघर्ष को बढाएगा आगे**

के अध्यक्ष महोदय की तरफ से संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को ट्रिपल पी मॉडल में देने की बात क्यों की जा रही है सरकार सद्दा देखें और इस पर पुनर्विचार करें।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपी केन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद विनय कुमार सुशील कुमार वर्मा अजय कुमार ने कहा माननीय ऊर्जा मंत्री जी द्वारा सात सत्या स्पष्ट कर दिया गया की ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया गया है निश्चित तौर पर यदि कहीं कुछ कमियां होगी तो उसे सभी कार्मिक मिलकर दूर करेंगे लेकिन एकाएक निजीकरण का फैसला उचित नहीं है।

# संभल हिंसा को राज्य प्रायोजित : भाकपा माले

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने संभल हिंसा को राज्य प्रायोजित बताते हुए इसके खिलाफ शनिवार को प्रदेशव्यापी प्रतिवाद किया। पार्टी ने जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा।

इस मौके पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संभल हिंसा के पीछे संघ-भाजपा की साजिश है। हिंसा के लिए योगी सरकार जिम्मेदार है। पुलिस के हाथों पांच निर्दोष मुस्लिम युवकों की हत्या हुई है। प्रशासन ने सच को उजागर होने से रोकने के लिए विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों को संभल जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा सरकार संसद में संभल हिंसा पर चर्चा कराने से भाग रही है। संभल से लेकर अजमेर शरीफ तक मुस्लिम इबादतगाहों को विवादित बनाया जाना




■ **जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा**

पूजा स्थल अधिनियम 1991 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस तरह के विवाद पैदा कर देश के धर्मनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक ताने बाने को नष्ट करने, ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने और मुस्लिम समुदाय को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है, जो संवैधानिक लोकतंत्र में सर्वथा अस्वीकार्य है।

राजधानी लखनऊ में भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने झंडे-बैनर व नारे लिखी तख्तियों के साथ परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय जाने के लिए मार्च किया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर सड़क पर सभा करके राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मिर्जापुर, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, आजमगढ़, अयोध्या, मऊ, बलिया, गाजीपुर, जालौन, कानपुर, बनारस, सोनभद्र, रायबरेली, सीतापुर, चंदौली, भदोही, मथुरा, गोंडा, प्रयागराज सहित अन्य जिलों में भी प्रतिवाद कार्यक्रम हुए। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने मिर्जापुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

# निजीकरण के पीछे उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की साजिश

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** पूर्वांचल दक्षिणांचल बिजली कंपनी को ट्रिपल पी मॉडल के तहत इसका निजीकरण किए जाने का मामला आज उसे समय नया मोड ले लिया जब उपभोक्ता परिषद ने एक बडा खुलासा करते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भेज कर पूरे मामले की सीबीआई जांच करने की जनहित में पुरजोर मांग उठाई है और कहा है इसमें उत्तर प्रदेश के कुछ बडे नौकरशाह लगे हुए हैं इसलिए कुछ ऐसा उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है जिसकी वजह से देश के कुछ बडे निजी घरानोंको बहुत बडा लाभ मिलने वाला है। इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी तत्काल पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए सीबीआई जांच करने का आदेश पारित करें।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार

■ **पूरे मामले की कराई जाए सीबीआई जांच : उपभोक्ता परिषद**

समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री को जो खुलासा करते हुए अवगत कराया है उसमें प्रमुख रूप से यह मुद्दा उठाया है कि केंद्र सरकार की तरफ से रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के तहत उत्तर प्रदेश में लगभग 44094 करोड की योजना लागू की गई जिसमें लॉस रिडक्शन के साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना है भारत सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया यह स्कीम आत्मनिर्भर स्कीम है जैसे स्कीम राज्यों में लागू होगी सभी बिजली कंपनियां स्वत आत्मनिर्भर हो जाएगी उसी के तहत उत्तर प्रदेश में भी आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर जारी किया गया लॉस रिडक्शन का टेंडर जारी किया गया।

# टीएमयू की एग्रीकल्चर प्रीमियर लीग का शुभारंभ

## क्रिकेट में बीएससी सेकेंड ईयर ने फोर्थ ईयर की टीम को 67 रन से दी मात

**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कॉलेज साइंस में तीन दिनी एग्रीकल्चर प्रीमियर लीग- एपीएल का यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीके जैन ने बैटिंग करके प्रतियोगिता का विधिवत शंखनाद किया। बीएससी एग्रीकल्चर की सेकेंड ईयर और फोर्थ ईयर की टीमों के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले में बीएससी सेकेंड ईयर की टीम 67 रन से विजेता रही। टॉस जीतकर बीएससी सेकेंड ईयर की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 02 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए। सेकेंड ईयर की ओर से बल्लेबाज हर्षवर्धन ने सर्वाधिक 104 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए फोर्थ ईयर की टीम निर्धारित ओवर में 06 विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी। फुटबाल के मुकाबले में बीएससी थर्ड ईयर की







टीम ने बीएससी फर्स्ट ईयर की टीम को 04-01 से करारी मात दी। थर्ड ईयर की ओर से फेविन ने सर्वाधिक 03 गोल, जबकि गिरीदेव ने 01 गोल दागा। बीएससी थर्ड ईयर और फर्स्ट ईयर के बीच हुए कबड्डी के मुकाबले में बीएससी थर्ड ईयर की टीम विजेता रही। वालीबाल में बीएससी फर्स्ट ईयर की टीम ने बीएससी सेकेंड ईयर की टीम को हार का स्वाद चखाया।

वीसी प्रो. जैन ने कहा, एपीएल स्पोटर्स इवेंट्स से छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और टीमवर्क जैसे गुणों का भी विकास होता है। इससे पूर्व वीसी प्रो. वीके जैन का एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने बुके देकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है, एपीएल में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, दौड़ आदि की प्रतियोगिताएं आउटडोर और इंडोर में हो रही हैं। एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. पीके जैन ने कहा, खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम भी हैं। इस मौके पर खेल समन्वयक डॉ. निमित कुमार, सह-समन्वयक डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा के संग-संग एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# इक्यावन शक्तिपीठ महासमागम प्रतिनिधि मण्डल ने किया सहभाग



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** 51शक्तिपीठ तीर्थ के चार सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने वाराणसी में आयोजित हो रहे 51शक्तिपीठों एवं द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दो दिवसीय महासमागम में भाग लिया। काशी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस माह समागम का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्त्व कर रहीं न्यास अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि इस महासमागम में भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, तिब्बत और बांग्लादेश में अवस्थित सती के इक्यावन शक्तिपीठों और ज्योतिर्लिंगों के अधिष्ठातागण भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में समस्त शक्तिपीठों और ज्योतिर्लिंगों के परिपथ और समन्वय पर संत एवं विद्वज्जन चर्चा कर एक विस्तृत रूपरेखा बनाएँगे। लखनऊ से इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ के प्रतिनिधि मण्डल में ट्रस्टी वरद तिवारी, प्रधान पुरोहित आचार्य धनञ्जय पाण्डेय सम्मिलित हैं।

# मंडल आयुक्त ने किया रोप वे का सफर, किये राधा रानी के दर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने रोप वे के माध्यम से श्री राधा रानी मंदिर तक के सफर को तय किया। मंडलायुक्त ने बरसाना के विश्व प्रसिद्ध श्री राधा रानी मंदिर के दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने रोप वे के प्रबंधक को होल्डिंग एरिया में अतिरिक्त शेड की व्यवस्था तथा लाइट लगवाने के निर्देश दिए। दर्शन के पश्चात् मंडलायुक्त ने पैदल श्री राधा रानी मंदिर जी से जयपुर मंदिर होते हुए बरसाना थाने तक का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया, जिसमें शेड, वॉटर एटीम / कियॉस्क, होल्डिंग एरिया, सिटिंग एरिया, शौचालय, पार्क, गजीबो आदि का जायजा लिया। उन्होंने बरसाना में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा नगरीय अवस्थापना से कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण श्याम बहादुर सिंह ने अवगत कराया कि मंदिर को आने वाले मार्ग पर लगभग 650 मीटर पर शेड की व्यवस्था की जा रही है। एक शेड लगभग 300 मीटर तथा दूसरा शेड लगभग 350 मीटर का है। उन्होंने बताया कि बरसाना में श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु 12 वॉटर एटीम / कियॉस्क बनाए जा रहे है, जिसमें निरीक्षण मार्ग में 2 वॉटर एटीम/ कियॉस्क को मंडलायुक्त ने देखा। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा कार्य व्यवस्थित होना चाहिए जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। मंडलायुक्त ने बरसाना थाना के निकट सांखी खोर का ब्रह्मचंल पर्वत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि इसका प्रस्ताव बनाया जाए।

# चिकित्सा ज्ञान समाज के लिए संजीवनी: सीएमओ

**नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित, छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समां**

- अभिभावक के रूप में हमेशा छात्रों का मार्गदर्शन करें मुख्य चिकित्सा अधिकारी-डा. आरवीएन पांडेय
- सामूहिक गीत व डांस ने मचाया धमाल

**अवधनामा संवाददाता**



**बलिया।** सालों से साथ रहने वाले छात्र विदाई समारोह में आज आखिरी बार एक साथ मौजूद थे। धीरे-धीरे समारोह खत्म होने को था, सब एक-दूसरे से गले मिले और जुदा हो गए। दोस्तों की पलकें भींग गई। महफ़िल का माहौल गमगीन हो उठा। विदा व जुदा होने वाले दोस्त इस जगह की बहुत सारी यादें खुद में समेटे हुए थे, जो जीवन के अंत तक उनसे भूले नहीं भूलेगी। यकीन मानिए सुंदर कालेज व वातावरण हमेशा लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। मौका था शांति चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शांति इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज, शांति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, शांति कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी तथा शांति हास्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर मझौली बलिया में शनिवार को विदाई समारोह का। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी विजय पति द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक आरवीएन पांडेय, डायरेक्टर एवं वरिष्ठ पत्रकार रहे। विदाई समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजयपति द्विवेदी ने कहा कि चिकित्सा ज्ञान सबसे बड़ा ज्ञान है, यह छात्रों के जीवन के लिए संजीवनी के समान है। यहां से ज्ञान लेकर छात्र समाजसेवा के साथ ही चिकित्सा के माध्यम से लोगों के जीवन बचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इसलिए इस कॉलेज की बागवानी और यहां के फूल वंदनीय हैं। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा. आरवीएन पांडेय ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बुलाने पर आप आए इसके लिए हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में इस कॉलेज को एक योग्य अभिभावक का आशीर्वाद प्राप्त हुआ हैं। हम चाहेंगे की हमेशा कालेज के छात्रों व हास्पिटल के डाक्टरों का आप मार्गदर्शन करते रहें।

इसके साथ ही विदाई समारोह को अन्य अतिथियों ने संबोधित किया और इस छात्रों को आगे बढ़ाने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के आरंभ में पैरामेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामूहिक गीत, संगीत, डांस ने सबको ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान सामूहिक डांस एवं देशभक्ति गीतों ने सबका मन मोह लिया।

# जनपदीय कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण व सम्मेलन संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर नव निर्वाचित कर्मचारी संघ के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह व सम्मेलन शनिवार को पीएन इंटर कॉलेज दुबेछपरा में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता व लेखा अधिकारी मारकंडे लाल रहे। मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश माध्यमिक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुर्तजा हुसैन रहे। मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के साथ प्रबंधक विमला देवी व प्रधानाचार्य सुधांशु प्रकाश मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। इस मौके पर विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से उपस्थित विशिष्ट जनों का स्वागत किया। इसके बाद नवनिर्वाचित सदस्यों को विधान परिषद सदस्य ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष मुर्तजा हुसैन, प्रधानाचार्य सुधांशु प्रकाश मिश्र ,गुप्तेश्वर पाठक, शिव दत्त शंकर चतुर्वेदी, अविरल सिन्हा, विनोद शंकर तिवारी ,शशि भूषण उपाध्याय, सूर्य प्रकाश सिंह, संजय उपाध्याय ,मांधाता सिंह ,राजेश तिवारी ,दिनेश पाठक, राकेश कुमार आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर उपाध्याय एवं संचालन सुशील त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य सुधाशु प्रकाश मिश्र ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# बलिया स्पेशल नाइट में बलिया के कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जलवा

- बलिया स्पेशल नाइट का नपा अध्यक्ष मिठाई लाल, धर्मेंद्र सिंह व मुख्य राजस्व अधिकारी ने किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेला-2024 के अंतर्गत भारतेन्दु कला मंच पर जनपद बलिया के कलाकारों को मंच प्रदान करने व उनकी छुपी प्रतिभा को पहचान दिलाने के उद्देश्य से ÷बलिया स्पेशल नाइट का आयोजन बीती रात किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल गुप्ता, परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि व अनुज धर्मेंद्र सिंह एवं मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बलिया के सभासदगण उपस्थित रहे। बलिया स्पेशल नाइट÷ में बलिया के कलाकारों ने बेहतर प्रस्तुति दी। इस दौरान जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के काशीनाथ ठाकुर ने भजन प्रस्तुत कर जहां सबका मन मोह लिया, वहीं छात्रा जया शर्मा व बिट्टू सिंह ने सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्टेप आर्ट डांस एकेडमी के छोटे बच्चों में कर्टका, नव्या, अलीना आदि ने कालबेलिया नृत्य एवं गरबा प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इसी क्रम में राजीव राज तथा आशुतोष यादव ने लोकगीत प्रस्तुत किया। सजीव यादव तथा गणेश यादव ने मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि कार्यक्रम में राहुल रावत, विपुल कुमार, नैंसी शर्मा, रानी वर्मा, भगवान राजन प्रिया वर्मा, अमरेश यादव, पंकज गौतम आदि कलाकारों ने लोकगीत व भजन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। इस बीच कार्यक्रम में जयप्रकाश यादव, अनन्या सिंह, सूर्य प्रताप सिंह एवं आशुतोष गुप्ता ने गीत व भजन प्रस्तुत किया। शिवांश मिश्रा ने भजन ÷राम आएंगे÷ प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में सिट्टू चौहान, लवकेश पासवान, राहुल कुमार रावत तथा 10 वर्षीय सुधांशु पांडेय ने लोकगीत व भजन की प्रस्तुतियों में बेहतरीन तबला वादन किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में पंजीकृत पार्टी रवि प्रकाश एंड पार्टी, रमेश प्रसाद एंड पार्टी, जितेंद्र नाथ प्रेमी व पार्टी, राजदुलार एंड पार्टी, सुशील राजभर एंड पार्टी, मोहम्मद जाहिद हुसैन एंड पार्टी, भूलन प्रसाद व पार्टी, दर्जन चौहान व पार्टी, सुजीत तिवारी व पार्टी, राम भरोसे यादव एंड पार्टी तथा जयप्रकाश एंड पार्टी ने अपने गीतों के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेंद्र सिंह एवं मुख्य राजस्व अधिकारी ने कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# आवाज में खराबी वाले मरीज का केएम में हुआ सफल ऑपरेशन

**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी में ईएनटी विभाग की असिटेंट डाक्टर साक्षी जैन, डा. दीपक सिंघल ने बोल नहीं पा रहे मरीज के लैफ्ट वोकल फोल्ड पॉलीप सर्जरी कर उसकी जान बचाई है। ऑपरेशन से पूर्व वह बोल नहीं पा रहा था। 32 वर्षीय अवधेश पुत्र करन निवासी भरतपुर (राजस्थान) के पांच माह पूर्व गले में गांठ होने के कारण साफ बोल नहीं पा रहा था। भरतपुर जिले में कई अस्पतालों में दिखाने के बाद भी उसे कोई फायदा नहीं हुआ। किसी पड़ौसी द्वारा केएम हॉस्पिटल की सलाह दी गई तो करन अपने पुत्र अवधेश को लेकर केएम अस्पताल पहुंचा यहां नाक-कान-गला विभाग की डा. साक्षी जैन और डा. दीपक सिंघल ने 26 नवम्बर को मरीज की प्रारंभिक जांच की जिसमें पता लगा कि मरीज के गले के अंदर स्वरतंत्र में गांठ है, जिसके कारण मरीज साफ बोल नहीं पा रहा था। ईएनटी की असिटेंट डा. साक्षी जैन, डा. निशांत गिल, डा. दीपक सिंघल ने उसकी दूरबीन से सर्जरी कर गांठ को जांच के लिए भेजा है, फिलहाल मरीज स्वस्थ है। डा. साक्षी जैन ने बताया कि अवधेश मरीज के स्वरतंत्री में गांठ हुई थी जिसे पॉलीप कहा जाता है। जिसके कारण वह साफ बोल नहीं पा रहा था।

# आज से डीएम आवास के सामने शुरू होगा धरना प्रदर्शन



- खेल मैदान आवंटन की मांग को लेकर दसवें दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** घण्टाघर मैदान पर युवाओं को खेल मैदान आवंटन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन दसवें दिन भी जारी रहा। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन करते हुये तुवन मैदान को खेल मैदान घोषित करने की मांग की। इस दौरान नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि तुवन मंदिर परिसर को खेल मैदान घोषित किये जाने से युवा खिलाडियों को खेलने के लिए समुचित स्थान मिल सकेगा, तो वहीं युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं को और निखार सकेंगे। जिला प्रशासन से मांग करते हुये उन्होंने याद दिलाया डीएम ने जब ललितपुर में पदभार ग्रहण किया था, उस समय भ्रमण के दौरान तुवन मैदान को खेल मैदान घोषित करने की बात कही थी। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जिला प्रशासन से उक्त वायदे को पूरा करने की मांग उठायी, ताकि यहां के हर वर्ग के खिलाडियों को खेल मैदान उपलब्ध हो सके। इस दौरान पार्षद मनमोहन चौबे, करन पाल, पार्षद जगदीश यादव, किसान नेता लाखन सिंह पटेल, किसान नेता राजपाल यादव, सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजबिहारी मिश्रा, सचिव, देवेंद, बॉबी राजा, अशोक टोनी, योग शिक्षक फूलचंद्र रजक, सुनील शर्मा, प्रमोद चौबे, पवन परमार, शाहिद आलम, ब्रजेश पांडिया, दीपक पाठक, अभिषेक, राजीव जैन, संकेत कुशवाहा, भीकम सिंह यादव, राणाजी परमार, रामदास श्रोती, नैतिक, हनुजीत, मोहसिन, शहीम मिर्जा, महादेव सेन, मुहम्मद अंसार, रामसेवक, कृष्णकांत साहू आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिरसी मे किया गया उर्स का आयोजन



**सिरसी (संभल)** दादा मखदूम का वर्षिक 797 वा उर्स ए मुबारक का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली से अवाम ए हिन्द सोशल वेलफयर सोसायटी की जानिब से सैयद शाह जमालुदीन दादा मखदूम के मजार पर चादर चढाई गयी संभल के हालत के मद्देनजर इस बार मेला नही लगाया गया था अकीदतमंदो ने मजार में जा कर नजरो नियज की और मुन्नते मुरादे मांगी मौलाना एहतेशाम के नेतृत्व में चादर के साथ भारी संख्या में लोग नारे लगाते हुए मजार में पहुँचे जहॉ मजार पर चादर पोशी कर देश में अमनो अमान के लिए दुआ की गयी इस दौरान बहार हैदर चौधरी अमानत हुसैन नकवी हैदर अब्बास अरमान नकवी बाबर अली पप्पू जोहर नकवी फैसल हुसैन शुजात मेहदी मौजूद रहे।

### पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग में 22 परिवारो को मिलाया गया



**संभल।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति पत्नियों को सुलह समझौता के आधार पर एक करने का प्रयास किया गया कुल 151 पत्रावली सुनकर 57 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 22 परिवारों को मिलाया गया तथा 30 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई तथा पांच पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ,पूनम अरोरा, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल रश्मि गहलोत आदि लोक उपस्थित रहे।

### अंजुमन इदरीसिया की बैठक कल

**सांडी।** नगर में सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के तत्वावधान में मो हनीफ इदरीसी की अध्यक्षता मे इदरीसी बिरादरी की एक बैठक मस्जिद मोहम्मदी के अहाते में कल बरोज इतवार को रात्रि 8:00 बजे बाद नमाज़ ईशा मुनअक़ीद होगी। इस मीटिंग में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मो नफ़ीस इदरीसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मो इक़रार इदरीसी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हाजी मो इसरार इदरीसी , उत्तर प्रदेश कमेटी के महामंत्री मो अतीक इदरीसी के अलावा अन्य पदाधिकारी भी शिरक़त करेंगे। आप सभी साथियों से शिरकत की गुज़ारिश है।

### विद्युत ट्रांस फॉर्मर में लगी आग, मचा हड़कंप

**वृंदावन (मथुरा)** मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित जयपुर मंदिर के समीप लगे विद्युत ट्रांस फॉर्मर में अचानक आग लग गई। जिसके कारण क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने के कारण आसपास के क्षेत्र की लाइट ठप्प हो गई । जिसके कारण लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने मिट्टी के माध्यम से आग पर काबू पाया। इसके बाद लाइट सुचारू हो सकी। जानकारी के अनुसार मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित जयपुर मंदिर के समीप लगे विद्युत ट्रांस फॉर्मर में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई।

# शांति देवी अंतर्जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ

**मथुरा।** बी एस ए कॉलेज के फुटबाल ग्राउंड पर आयोजित इस दो दिवशीय शांति देवी मेमोरियल अंतर्जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य सुभरम्भ संरक्षक व भाजपा नेता सोभा राम शर्मा मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि एस पी सिटी मथुरा अरविंद कुमार, महेश बंशल व प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने शांति देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही है जिसमे मथुरा की आठ व अन्य जनपदों पलवल, ग्वालियर ,आगरा, एटा शिकोहाबाद और वाराणसी से कुल आठ टीमें प्रतिभाग कर रही है। संरक्षक सोभा राम शर्मा ने कहा कि फुटबाल अब तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। मुख्य अतिथि महेश बंशल ने खिलाड़ियों को बेहतर खेल की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि एस पी सिटी अरविंद कुमार ने कहा कि युवा अब फुटबॉल में भी अपना कैरियर बना सकतें है। इस तरह की प्रतियोगिताएं फुटबॉल के विकास में बड़ी भूमिका निर्वहन करेंगी। खेल विभाग भारत सरकार की विधिक सलाहकार एवं सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता गीतांजली शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा सरकार द्वारा खेलो और खिलाड़ियों के विकास की योजना से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने कहा कि खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमो की सफलता इस तरह के खेल आयोजनों पर ही निर्भर करती है। उन्होंने बी एस ए कॉलेज में खेलों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उद्घाटन मैच में बी एस ए कॉलेज की टीम ने विदेशी खिलाड़ियों से सुसज्जित संस्कृति यूनिवर्सिटी की टीम को जबरदस्त टक्कर देकर दर्शको और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# यातायात माह नवम्बर-2024 का विधिवत हुआ समापन

- हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर चलाया जाएगा अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी माह नवम्बर-2024 को यातायात माह के रूप में मनाया गया। यातायात माह के समापन समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने पास में मौजूद नन्हीं बालिका से सेल्फी प्वाइंट का फीता काटकर किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि द्वारा सड़क सुरक्षा पर यातायात नियमों के बारे में गहनता से जागरूक करते हुऐ सड़क सुरक्षा नियमों के अमल हेतु विशेष रूप से अपील की गयी। एसपी द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर कहा कि हम सभी का नैतिक दायित्व है कि हेलमेट पहनकर ही दो पहिया वाहन चलायें और यातायात नियमों का पालन करें। इसके लिए ललितपुर पुलिस भी सक्रियता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस ने पूरे माह कड़ी मेहनत करते हुये आमजन के बीच जाकर विभिन्न रचनात्मक कार्यो को करते हुये जनजागरूकता का कार्य किया है। एएसपी अनिल कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से ही हमारा और दूसरों का जीवन सुरक्षित रह सकेगा। क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन का संचालन किया जाये तो एक अच्छे नागरिक बनकर हम सभी शिक्षित समाज की स्थापना कर सकते हैं। सीओ सदर अभय नारायण राय ने कहा कि हेलमेट लगाकर वाहन चलाने और नियमों का पालन करना अपने दायित्वों का निर्वाह्न करना है। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि यातायात माह के दौरान करीब 11 स्कूल/कॉलेज, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, टोल प्लाजा पर जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति नुक्कड नाटक, लोकगीत आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। समापन अवसर पर एआरटीओ मो.कय्यूम, एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी महरौनी/यातायात अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सुनील भारद्वाज, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मतबूल हुसैन, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

बिना हेलमेट के 3313 चालान, बिना सीटबेल्ट के 278, तीन सवारी के 1062, बिना बीमा के 560, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 128, नो पार्किंग में खड़े वाहनों 855, अन्य चालान 126 हैं। इस प्रकार कुल चालान 6322 व कुल शमन शुल्क 90,73,500 रुपये है। वहीं माह भर में 11 वाहनों को सीज किया गया।

# बालश्रम से मुक्त कराये गये बच्चों के परिजनों से किया सम्पर्क

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बाल श्रम रोको अभियान के तहत कार्य से अवमुक्त किशोर श्रमिक व उनके परिवारों से सम्पर्क कर सूचना एकत्रित की जा रही है। किन परिस्थियों में उनके द्वारा मजदूरी में बाल श्रम किया गया। जनपद के 24 जिला स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर बाल श्रम से मुक्त कराये गये। बच्चों के परिवारों से सम्पर्क कर उनकी आर्थिक स्थिति, राशन कार्ड की स्थिति, आवास योजना का लाभ, आजीविका का साधन, बच्चे की शिक्षा में आ रही आर्थिक कठिनाईयों की जानकारी एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ की जानकारी एकत्रित की जा रही है। जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से घर-घर जाकर सम्पर्क कर जानकारी एकत्रित की जा रही है। श्रम विभाग एवं संयुक्त टीम द्वारा निरंतर बाल/किशोर श्रमिकों के नियोजन की सम्भावना वाले व्यवसायों तथा होटलों, ढाबों, ऑटो मोबाइल्स, गैरिजों, दुकानों आदि में नियोजित बाल/किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु विशेष बाल श्रम चिन्हांकन अभियान चलाया जाता है, जिसके उपरान्त नियोजित बाल श्रमिकों को कार्य से अवमुक्त कराया जाता है व सेवायोजकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाती है, परन्तु अवमुक्त कराने के उपरान्त चिन्हित बाल श्रमिकों के परिवार की समस्याओं की जानकारी नहीं हो पाती थी की किस कारण वह मजबूरी में बाल श्रम करते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सेवायोजकों/ दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि शासन द्वारा निर्धारित न्यून्तम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 74 विशेष कार्यो हेतु जारी मजदूरी दर यथा कुशल श्रमिक 13,186 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिक 11,772 रुपये, अकुशल श्रमिक 10,701 रुपये प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है, जबकि प्रकाश में आया है कि सेवायोजकों/दुकानदारों द्वारा न्यून्तम मजदूरी श्रमिकों को नहीं दी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इससे कम वेतन भुगतान किये जाने पर चालानी कार्यवाही की जाये और 10 गुना वसूली की कार्यवाही की जाये। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी. अग्रहरि को निर्देशित किया गया कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जायें एवं बाल कानून का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित सेवायोजकों/ दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस भेजने के उपरान्त प्राभियोजन दायर करने की कार्यवाही की जायेगी। यह कार्य निरन्तर किया जायेगा और शासन के आदेशानुसार प्रत्येक माह कार्यवाही की जाये। जिसमें 20 से 70 हजार तक जुर्माना व 6 माह से 02 साल तक की सजा अथवा दोनो का प्रावधान है।

# एस. आर.एम.पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव की मची धूम

**अवधनामा संवाददाता**



**सदरपुर, बिलग्राम।** श्रीराम सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह 29 नवंबर दिन शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन संस्था के प्रबंधक रजनीकांत सिंह तथा मुख्य अतिथि डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (क्षेत्राधिकारी) बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि धर्मेश सिंह असिस्टेंट कमिश्नर सेलटैक्स,प्रमुख समाजसेवी सूरज सिंह सोमवंशी व नवल महेश्वरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके पश्चात प्रबन्ध निदेशिका रीना सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सैपलिंग देकर किया। तो वही प्रधानाचार्या खुशबू उपाध्याय ने विद्यालय प्रबन्धक रजनीकांत सिंह, व निदेशिका रीना सिंह को सैपलिंग भेंट की। इस दौरान छात्रों-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना से की गई। जिसके पश्चात प्रधानाचार्या खुशबू उपाध्याय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया इसके बाद नन्हे मुन्हें प्यारे बच्चों ने भाई-बहन की थीम पर अपना डांस प्रस्तुत किया जिसके पश्चात कक्षा 1-2 वर्ग के बच्चों ने रामायण का नाटक मंचन कर सबको भक्तिमय कर दिया तो वही कक्षा 3,4,5 के बच्चों ने रेट्रो टू मेट्रो थीम पर नृत्य प्रस्तुति देकर सिनेमा जगत के सुनहरे सफर का अनुभव कराया इसके अलावा बच्चों ने नारी सशक्तिकरण का विचार प्रस्तुत करते हुए ओलम्पिक में मैडल जीतने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की शानदार प्रस्तुति देकर सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा कक्षा 9 व 11 के बच्चों ने अंग्रेजी नाटिका शेक्सपियर पर मंचन कर प्रस्तुति के दी। तो वही विद्यालय के बच्चों ने संगीत और स्वर की अद्भुत प्रस्तुति दी। तो वही निदेशिका रीना सिंह ने स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों के विषय में अवगत कराया जिसके बाद गुजराती व राजस्थानी नृत्य ने सबका मन मोह लिया तो वहीं क्रांतिवीर भगतसिंह की देशभक्ति,बलिदान और फांसी की शानदार प्रस्तुति ने सबकी आँखों में आँसू ला दिए। जिसके पश्चात मुख्य अतिथि डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (क्षेत्राधिकारी) बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा ने सबको सम्बोधित किया और भगतसिंह के मंचन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और बताया कि बच्चों ने बहुत शानदार तरीके से उनके जीवन बलिदान और शौर्य को प्रस्तुत किया है जिसके लिए उन्होंने कार्यक्रम इंचार्ज की भी ढ़ेर सारी तारीफ की और उनकी मेहनत के लिए तालियां बजाई। अंत में विद्यालय की शैक्षिक निदेशिका सरोज कटियार ने वोट ऑफ थैंक्स किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि,विशिष्ट अतिथि ,प्रबंधक, निदेशिका, प्रधानाचार्या के द्वारा प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10 के बच्चों तथा कक्षा 12 के बच्चों तथा उनके अभिभावकों का फेलिसिटेशन किया गया तथा छात्रों का भविष्य सँवारने वाले अध्यापकों का भी फेलिसिटेशन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक रजनीकांत सिंह ने कहा कि बच्चों ने अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारतीय संस्कृति को दर्शाते और महापुरुषों को याद करते हुए कई नाटक भी प्रस्तुत किए। इस दौरान वहां मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही उन्होंने समारोह को सफल बनाने के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना भी की। कार्यक्रम के मंच का संचालन कक्षा 10 के प्रथम व अवनी सिंह द्वारा किया गया किया गया।

# जल्द ही बनने जा रही है दुल्हन, तो अपने मेकअप किट में इन प्रोडक्ट्स को एड-ऑन करें

जीवन में शादी का दिन बेहद खास होता है। शादी का दिन जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर होता है, और हर दुल्हन अत्यधिक खर्च किए बिना सुंदर महसूस करने की हकदार है। हाई-एंड ब्राइडल मेकअप लुक हासिल करना महंगा नहीं है। सही बजट के अंदर बेहतरीन मेकअप प्रोड्क्टस होना जरुरी है। लंबे समय चलने वाले ये मेकअप उत्पाद बड़े-बेड ब्रांड को टक्कर देते हैं। फाउंडेशन से लेकर भारी मस्कारा और चमकते हाइलाइटर्स तक, ये किफायती विकल्प आपको मिल जाएंगे। आइए आपको इन बारे में बताते हैं।

***जीरो ब्लेंड वेटलेस फाउंडेशन***

कम बजट वाले मेकअप उत्पाद की तलाश में हैं, तो आपको बता दें कि, का जोरो ब्लेंड फाउंडेशन ज्यादा महंगा नहीं है। यह मैट फिनिश प्रदान करता है। इसका हल्का, हाइड्रेटिंग फॉर्मूला आसानी से चेहरे पर फुल कवरेज देता है। इसे पूरे दिन लगा सकते है। चाहे आप नेचुरल या पूर्ण-कवरेज लुक पसंद करते हों, यह फाउंडेशन गर्मी और नमी में भी टिका रहता है, जिससे लंबे समय तक ताजगी बनी रहती है। हर भारतीय त्वचा टोन के अनुरूप इसे डिजाइन किया गया, यह ब्राइड के लिए एकदम सही विकल्प है। इसे आप ऑनलाइन या बाजार से भी खरीद सकते हैं।

***मैट और सेट डुओ कॉम्पैक्ट***

कम बजट में फ्लोलेस, कम चमक के साथ फिनिश वाला यह कॉम्पैक्ट दुल्हानों के लिए बेस्ट है। स्विस ब्यूटी मैट और सेट डुओ कॉम्पैक्ट बहुत जरूरी है। इस टू-इन-वन उत्पाद में स्मूथ, समान कवरेज के लिए एक कॉम्पैक्ट पाउडर और ब्राइटनिंग और टच-अप के लिए एक बेस्ट पाउडर है। हल्का और इजी ब्लेंड के साथ, यह एक सहज मैट फिनिश देता है, जो पूरे दिन बनी रहती है। यह प्रोडक्ट यात्रा के लिए बिल्कुल उपयुक्त, यह किफायती डुओ दुल्हन के मेकअप किट के लिए बेस्ट है।



***बेक्ड हाइलाइटर***

यह हाइलाइटर इनसाइट रिवोल्यूशनरी पैलेट ब्राइड के लिए काफी बढ़िया है। इसकी वेलवेट, सॉफ्ट बनावट सरलता से चेहरे पर फिनिश देती है। बस एक टच से ही स्किन को यह चमकदार बना देती है। यह काफी लंबे समय तक चलने वाला हाइलाइटर है। यह एकदम बजट-अनुकूल उत्पाद है।

***होलोग्राफिक लिक्विड आईलाइनर***

आजकल होलोग्राफिक आईलाइनर काफी ट्रेंड में है। इनको आप अपनी मेकअप किट में जरुर शामिल करें। यह आपकी आंखों को एक 3डी, मनोरम लुक देता है। बता दें कि, यह प्रोडक्ट वाटरप्रूफ है काफी लंबे समय तक चलता है। होलोग्राफिक लिक्विड आईलाइनर दुल्हन की सुंदरता को एक चमकदार फिनिश के साथ सामने लेकर आता है।

***ग्लिटर पैलेट***

यूनाइटेड के ग्लिटर पैलेट के साथ अपनी आंखों का चमका सकते हैं! आंखों को आकर्षक लुक देने के लिए यह पैलेट आपका पसंदीदा बन जाएगा। क्योंकि यह प्रभावशाली, उच्च चमक वाले चमकदार टोन से भरा है। यह लंबे समय तक चलने वाला और लगाने में आसान है, जो इसे शादियों, पार्टियों और अन्य विशेष अवसरों को आकर्षक बनाने के लिए आदर्श बनाता है।

# सर्दियों में खोए नूर को ऐसे पाएं वापस, खिल उठेगा चेहरा



सर्दियों में हमारी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। वहीं जब स्किन का सही से ध्यान नहीं रखा जाता है, तो इसका निखार खोने लगता है और चेहरा डल पड़ने लगता है। हम सभी सर्दियों में फेस को मॉइश्चराइज करने के लिए कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इससे चेहरे का रूखापन भले ही थोड़ी देर के लिए चला जाता है, लेकिन साथ ही चेहरे का निखार भी जाने लगता है। अगर सर्दियों में आपके चेहरे का नूर भी खो जाता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से आप घर पर ही पार्लर जैसा निखार पा सकते हैं।

फेस पर शहद लगाने से आपका खोया हुआ निखार वापस आ सकता है। वहीं सर्दी के मौसम में चेहरे को मॉइश्चराइज करने का यह एक अच्छा घरेलू तरीका भी माना जाता है। शहद की मदद से आप अपने चेहरे की खोई हुई रंगत को भी वापस पा सकती हैं। साथ ही चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों और झुर्रियों को भी यह गायब करने का एक अच्छा ऑप्शन है।

***बेसन***

बता दें कि त्वचा के लिए बेसन एक अच्छा घरेलू तरीका माना जाता है। इससे आप घर पर ही पार्लर जैसा निखार पा सकते हैं। चेहरे पर बेसन और हल्दी में कच्चा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसको फेस पर अप्लाई करें और 15 मिनट तक सूखने दें। अब पानी से फेसवॉश कर लें। इससे फेसपैक से आप अपनी त्वचा में खुद बदलाव देख सकेंगी। एक्सपर्ट की मानें, तो बेसन और हल्दी का पेस्ट स्किन के लिए काफी अच्छा होता है।

***नींबू***

फेस के रूखेपन को दूर करने और खोए हुए निखार को वापस पाने के लिए आप नींबू का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्योंकि नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है और यह स्किन के लिए भी काफी गुणकारी माना जाता है। आप अपने चेहरे पर नींबू की सहायता से निखार पा सकते हैं।

***पपीता***


स्किन का निखान बढ़ाने के लिए आप चेहरे पर पपीते का पेस्ट भी लगा सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो फेस पर पपीते का पेस्ट लगाना काफी अच्छा होता है। पपीते का पेस्ट चेहरे पर अप्लाई करने से रंगत में भी सुधार होता है।

***एलोवेरा जेल***

स्किन के अलावा बालों के लिए भी यह काफी अच्छा माना जाता है। अगर आप सर्दियों में अपने चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाते हैं, तो आप अपना खोया निखार वापस पा सकते हैं। इसके लिए आपको सप्ताह में दो बार अपने फेस पर एलोवेरा जेल अप्लाई करना चाहिए।

# हाथ पैरों की टैनिंग और गंदगी सिर्फ 20 मिनट में होगी साफ, डी टैन पैक से मिलेगी निखरी त्वचा

बढ़ती धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण हमारी त्वचा रूखी, बेजान और डल नजर आने लगती है। ऐसे में स्किन केयर के लिए हम भर-भर के क्रीम और लोशन आदि लगाते हैं, लेकिन इसके बाद भी स्किन का रंग और गंदगी साफ नहीं होती है। जिसकी वजह त्वचा को सही पोषण न मिलना और सफाई न होना शामिल है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसा डी टैन पैक बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं, जो डेड स्किन को रिमूव करेगा, स्किन को पोषण देगा, टैनिंग और जमी हुई गंदगी को साफ कर त्वचा को निखार देने में मदद करेगा। इस डी टैन पैक को सिर्फ 20 मिनट अप्लाई करना है और आपको इसका असर पहले दिन से दिख जाएगा।



***स्किन टैन क्यों होती है***

अक्सर हमारी त्वचा का खुला हुआ हिस्सा ज्यादा काला होता है। वहीं जो स्किन कपड़े से ढकी होती है, वह काली नहीं होती है। सूरज की हानिकारक किरणों के एक्सपोजर में आने से मेलेनिन बढ़ता है और स्किन नमी और पोषण की कमी का शिकार होती है। इसलिए जरूरी है कि आप समय-समय पर त्वचा को नरिश कर दें। स्किन में पोषण की कमी को पूरा करें और सन एक्सपोजर से बचें। इसके अलावा बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आप हमारे बताए गए नुस्खे को अपना सकते हैं। साथ ही अपनी डल स्किन को ग्लोइंग बना सकती हैं।

***डी-टैन पैक सामग्री***

चावल का आटा- 3 चम्मच  
बेसन- 2 चम्मच  
कॉफी- 2 चम्मच  
हल्दी- 1/2 चम्मच  
चंदन- 1 चम्मच  
दही- 4-5 चम्मच  
गुलाब जल- जरूरत अनुसार?

***ऐसे बनाएं पैक***

सबसे पहले एक बाउल में चावल का आटा, कॉफी, बेसन, हल्दी, चंदन और दही डालकर अच्छे से मिक्स करें।

फिर इन चीजों में गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना।

इस तरह से टैनिंग रिमूव करने वाला डी टैन पैक बनकर तैयार करे।

अब आप इसको फेस, गर्दन, कंधों और हाथों पर अप्लाई करें।

करीब 20 मिनट तक इस पैक को लगा रहने दें और फिर नॉर्मल पानी से धो लें।

इसको लगाने से आपका पूरा फेस और शरीर खिल उठेगा।

***टैन रिमूव करने में कॉफी फायदेमंद***

स्किन पर कॉफी का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है। कॉफी में एक्सफोलिएटिंग गुण पाए जाते हैं, जो डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है। फिर नई कोशिकाओं का निर्माण करता है।

इसके साथ ही कॉफी में मौजूद एंटी-इंफ्लामेटरी गुण सन टैन को कम करता है। कॉफी के छोटे-छोटे पार्टिकल हमारी स्किन के लिए स्क्रब की तरह काम करता है और इससे स्किन पोर्स की सफाई होती है और त्वचा साफ होती है।

***त्वचा में निखार लाता है चंदन***

बता दें कि चंदन स्किन में निखार लाने और एक्स्ट्रा ऑयल को साफ करने और नमी बनाए रखने में फायदेमंद होता है। चंदन पाउडर कोई ऐसा पाउडर नहीं है, जिसका इस्तेमाल आजकल में शुरू हुआ है, बल्कि इसका इस्तेमाल सालों से किया जा रहा है। चंदन हमारी स्किन को साफ और ग्लोइंग बनाता है। अगर आप हल्दी-चंदन का पेस्ट फेस पर लगाते हैं, तो यह निखार लाने में फायदेमंद साबित हो सकता है।

# सर्दियों में डैंड्रफ के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है ये 5 हेयर ऑयल

सर्दियों के दौरान बालों को लेकर के लिए काफी समस्याएं बढ़ने लगती है। इस मौसम में बालों की केयर ढंग से नहीं हो पाती और ऊपर से बालों में डैंड्रफ की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बालों में रुसी, खुजली और स्कैल्प ड्राई होने लगता है। सर्दियों के मौसम में शरीर में नमी के कारण से सिर की त्वचा रुखी हो जाती है। डैंड्रफ से निपटने के लिए सबसे बेहतरीन तरीका है एंटी-डैंड्रफ हेयर ऑयल बालों में लगाएं, इसे आप घर परबना सकते हैं या फिर बाजार से खरीद सकते ।

***नारियल तेल के साथ नींबू का रस***

नारियल का तेल आपके घर में जरुर होगा। बता दें कि, नारियल का तेल लॉरिक एसिड से भरा होता है, जो रोगाणुरोधी गुण से भरपूर होता है। इसके साथ ही आप नारियल तेल के साथ नींबू मिलाकर जरुर लगाएं। यह हमारे बालों की जड़ों में पहुंचकर रुसी को नियंत्रित करता है।

***टी ट्री ऑयल***

टी ट्री के पत्तियों के भाप से डिस्टलेशन से बनाया जाता है। इसमें एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरिया के गुण होते हैं। इस तेल से सप्ताह में दो बार हल्की मालिश कर सकते हैं। सिर की त्वचा साफ होती है और घने बाल भी उगते हैं। बाजार में भी टी ट्री हेयर मिलते हैं, जिनका आप यूज कर सकते हैं।

***थाइम हेयर ऑयल***

थाइम एक जड़ी बूटी है जिसमें कुछ फूल वाले पौधों के सूखे एरिअल भाग में शामिल होते हैं। यह अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीफंगल और जीवाणुरोधी गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, थाइम तेल की मदद से आप अपने सिर से रूसी, पपड़ी बनना, खुजली और अन्य फंगल संक्रमण को जड़ से खत्म होता है। बाजार में आपको यह हेयर ऑयल मिल जाएगा या फिर आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।



***रोजमैरी और पेपरमिंट ऑयल***

डैंड्रफ की समस्या से बचने के लिए आप पेपरमिंट और रोजमैरी का ऑयल से मालिश करना सबसे बढ़िया है। इस हेयर ऑयल में सूजन-रोधी और एंटीफंगल के गुण होते हैं। यह आपकी खुजली को शांत कर सकते हैं।

***लैवेंडर ऑयल***

लैवेंडर ऑयल में शक्तिशाली एंटीफंगल गुण होते हैं। लैवेंडर तेल से सिर की मालिश करने से रक्त संचार बढ़ता है, रूसी कम होती है और सिर को शांति मिलती है।

# सर्दियों में बार-बार एक्ने-पिंपल कर रहे हैं परेशान तो ऐसे पाएं छुटकारा

सर्दी के मौसम में सबसे ज्यादा पिंपल्स की समस्या बढ़ने लगती है। ऑयली स्किन और ड्राई स्किन वालों को एक्ने की समस्या झेलने पड़ती है। जिस कारण से सीबम का प्रोडक्शन हो सकता है। विंटर में बाहरी हवा की वजह से स्किन ड्राई होने लगती है। जिससे ऑयली स्किन और ड्राई स्किन वालों की भी एक्ने की समस्या बढ जाती है। जानें एक्न-पिंपल्स कैसे पाएं छुटकारा

***चेहरे को बार-बार न छुएं***

स्किन की ड्राईनेस दूर करने के लिए मॉइश्चराइज करना जरुरी होता है। सर्दियों में हीटर, ब्लोअर में रहने, गर्म पानी से मुंह धोने की वजह से स्किन का हाइड्रेशन खत्म होने लगता है। स्किन को ड्राईनेस से जरुर बचाएं।

***एलोवेरा जेल लगाएं***

अगर आप भी सर्दियों में बार-बार एक्ने निकल रहे हैं, तो आप रात को एलोवेरा जेल लगाकर सो सकते है। यह ऑयल को कंट्रोल करता है और एक्ने से राहत देता है बल्कि स्किन की जलन को भी दूर करता है साथ ही हाइड्रेशन भी देता है।



***पिंपल पर लगाएं ये फेस पैक***

जिन लोगों को पिंपल और एक्ने की समस्या रहती है वो लोग इस पैक को जरुर लगाएं। इसे बनाने के लिए दालचीनी पाउडर एक चम्मच लेकर उसमें मेथी का पाउडर मिला लीजिए। इसके साथ ही नींबू के रस की कुछ बूंद मिलाकर गाढ़ा चिपचिपा सा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सिर्फ पिंपल पर लगाएं और इसे लगे रहने दें। इसे आप 2-3 घंटे तक लगे रहने दे या फिर रातभर छोड़ दीजिए, अगले सुबह चेहरे को धो ले। पिंपल खत्म करने में ये फेस पैके मदद करेगा।

***ओट्स का फेस पैक***

इस पैक को बनाने के लिए ओट्स का पाउडर, शहद और दही को बराबर हिस्सों लेकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। इसे पिंपल की समस्या दूर होती है और जलन में राहत होती है।

# चेहरे पर नींबू का ऐसे करें इस्तेमाल, नहीं होगा कोई नुकसान

स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के होम इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं। इसमें फल और सब्जियों का इस्तेमाल करना बेहद आम है। इन्हीं में से एक है नींबू। विटामिन सी रिच होने की वजह नींबू को एक स्किन ब्राइटनिंग एजेंट की तरह ट्रीट किया जाता है। यह ना केवल आपकी स्किन को अधिक चमकदार बनाता है, बल्कि इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण भी आपको काफी फायदा पहुंचाता है। नींबू के इस्तेमाल से डार्क स्पॉट्स, डेड स्किन सेल्स व अतिरिक्त तेल को कम करने में मदद मिलती है।



इस बात में कोई दोराय नहीं है कि नींबू का इस्तेमाल करना स्किन के लिए बेहद फायदेमंद है। लेकिन यह काफी एसिडिक होता है, जिसकी वजह से आपको जलन से लेकर सूखापन और सन सेंसेटिविटी आदि की शिकायत हो सकती है। इसलिए, नींबू का इस्तेमाल बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। तो चलिए जानते हैं कि स्किन केयर के लिए नींबू का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए-

***करें डायलूट***

अगर आप चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको हमेशा इसे डायलूट करके ही लगाना चाहिए। सीधे नींबू चेहरे पर लगाने से आपको इरिटेशन व जलन आदि हो सकती है। आप इसमें पानी के अलावा शहद, दही या कैरियर ऑयल आदि को मिक्स कर सकते हैं।

***करें स्पॉट टेस्टिंग***

जब आप नींबू को स्किन पर लगा रही हैं तो ऐसे में आप स्पॉट टेस्टिंग जरूर करें। आप इसे चेहरे पर लगाने से पहले अपने कान के पीछे या अपनी कलाई पर लगाएं और करीबन 24 घंटे तक इंतजार करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि नींबू से आपकी स्किन पर कोई विपरीत रिएक्शन नहीं हो रहा है।

***दिन में इस्तेमाल करने से बचें***

जब आप स्किन पर नींबू लगा रही हैं तो ऐसे में आपको इसे सही समय पर लगाना चाहिए। कई बार लोग दिन में नींबू को स्किन पर लगाते हैं। लेकिन इससे सन सेंसेटिविटी की शिकायत हो सकती है। इसलिए, फोटोसेंसिटिविटी से बचने के लिए आप नींबू या नींबू बेस्ड उपचारों का इस्तेमाल दिन के बजाय रात में करें।

# विंटर में ड्राई स्किन से पाएं छुटकारा, इन 5 घरेलू उपाय को अजमाएं


सर्दी का सीजन चल रहा है। इस दौरान फेस्टिव, शादियों का सीजन में शामिल होने और विंटर वैकेशन पर जाने का समय होता है। इस दौरान त्वचा की देखभाल करना काफी जरुरी होता है। वैसे तो सर्दियों में आराम करना अच्छा लगता है, इसके साथ ही त्वचा और बालों की समस्याएं। ठंड के मौसम में ड्राई स्किन की समस्या ज्यादातर लोगों को होती है। ठंडी हवाओं के कारण स्किन से नमी छीन जाती है। जिससे यह ड्राई दिखने लगती है। आइए आपको बताते हैं सर्दियों में स्किन ड्राई से कैसे बचें।

***गर्म पानी से स्नान न करें***

सर्दियों में जितनी देर तक गर्म पानी में स्नान करना काफी मजेदार तो लगता है, लेकिन यह आपकी त्वचा की नमी और आवश्यक तेल को छीन लेता है। इससे अधिक नुकसान भी हो सकता है। आप ठंड के दौरान थोड़े समय के लिए स्नान करें और हमेशा गुनगुने पानी से नहाएं। ध्यान रखें कि सौम्य साबुन का ही प्रयोग करें जो त्वचा में नमी बनाएं रखें।

***नारियल ऑयल से मॉइस्चराइज करें***

नारियल का तेल उपयोग करने से त्वचा में नमी बनी रहती है। नहाने के बाद आप स्किन को सॉफ्ट और मॉइस्चराइजिंग बनाने के लिए नारियल का तेल जरुर लगाएं। नारियल का तेल दो बार लगाएं एक दिन नहाने के बाद और रात में सोने से पहले।



***शहद और दूध का मास्क***

सर्दियों में दूध और शहद किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसके प्रयोग से त्वचा को कोमलता से एक्सफोलिएट और मॉइस्चराइज करने के लिए संयोजित किया जा सकता है। हनी और मिल्क के फेस मास्क से यूज से स्किन कोमल और मुलायम बनती है।

***ओटमील बाथ***

सर्दियों में स्किन की जलन शांत करने और चेहरे पर नमी लाने के लिए आप हल्के गर्म पानी में स्नान करने से पहली ओट्स को पीसकर बॉडी पर लगा लें। ओटमील एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो सूखेपन के कारण होने वाली खुजली और लालिमा को काफी हद तक कम कर सकता है। इसके बाद इसे पानी से धो लें और बाद में हल्का मॉइस्चराइजर जरुर लगाएं।

***गुलाब जल और ग्लिसरीन***

आप चाहे तो गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर एक नेचुरल टोनर बना सकते हैं। इसे आप रात को स्किन पर लगा सकते है। स्किन की दरारों के रिपेयर करने के लिए यह टोनर बेहद फायदेमंद है।

## गाड़ी से आए और शुरू कर दी गोलीबारी, जिरीबाम हिंसा में जिंदा बचे दो भाइयों ने बताई उस रात की पूरी आपबीती



**नई दिल्ली।** मणिपुर के जिरीबाम में भयानक हिंसक घटना में एक ही परिवार के छह लोगों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद एक बार फिर राज्य में हिंसा तेज हो गई है। हिंसा में पीड़ित परिवार के दो बच्चे, जो कि आपस में भाई हैं, सुरक्षित बच निकले। उन्होंने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई थी। उनमें से बड़े भाई की उम्र 14 साल है एवं छोटे भाई की उम्र 12 साल। अब दोनों भाइयों ने मीडिया को पूरा आंखों देखा हाल बताया है कि उस रात क्या-क्या हुआ था। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार उनकी मां, आठ साल की बहन, दादी, मां की बहन, उसका शिशु और तीन साल के बेटे को कुकी उग्रवादी उठाकर ले गए थे और बाद में उनकी हत्या कर दी थी। दोनों भाइयों में से बड़े भाई ने कहा कि वह हथियारबंद उग्रवादियों से भागने में कामयाब रहा। वहीं छोटे भाई ने बताया कि वह अपने अंकल-आंटी के साथ पास के एक दूसरे घर में था और वे सभी खेत में छिप गए थे। मैं एक खेत में छिपा हुआ था। मैं उठ नहीं पा रहा था, क्योंकि मुझे गोली लगने का डर था। मैं अपने चाचा के साथ दूसरे घर में था, जो चार घर दूर था। जब मैं बाहर देखने गया तो कुकी लोग गाली-गलौज करते हुए आए। सीआरपीएफ वहां थी, लेकिन वे सभी दोपहर का भोजन करने गए थे। केवल एक (सैनिक) पीछे रह गया था। वे दो भरी हुई गाड़ियों में आए, कुछ पैदल आए।

# तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश, चेन्नई में सड़कें जलमग्न; अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बंद

**अंतरराष्ट्रीय**

**खराब मौसम की वजह से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को शनिवार शाम सात बजे तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।**



**चेन्नई।** चक्रवात फेंगल आज यानी 30 नवंबर की शाम 70-80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पुडुचेरी के पास कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु व पुडुचेरी के तटों को पार करेगा। इस बीच तमिलनाडु के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है। खराब मौसम की वजह से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को शनिवार शाम सात बजे तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उधर, इंडिगो एयरलाइंस ने चेन्नई आने वाली सभी उड़ानों को डायवर्ट कर दिया है। भारी बारिश की वजह से तमिलनाडु के नौ जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने पुडुचेरी तट पर सुरक्षा भी बढ़ा दी है। पुडुचेरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलैवानन ने क्षेत्र में समुद्र तटों और तटीय सड़कों का दौरा किया। तमिलनाडु में लोगों को चेन्नई में मरीना बीच, पट्टिनापक्कम और एडवर्ड इलियट बीच समेत समुद्र तटों पर न जाने की सलाह दी गई है। पुडुचेरी में पर्यटन स्थलों को चक्रवात फेंगल के कारण एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। पुडुचेरी में तटीय क्षेत्रों मे 300 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। आईएमडी के अनुसार शनिवार सुबह पुडुचेरी में मध्यम बारिश हुई।

तमिलनाडु के विलुप्पुरम के मरकानम में भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। चेन्नई के बेसेंट नगर इलाके में पेड़ उखड़ गए हैं। चेन्नई में भारी बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गई हैं। कई इलाकों में लोग जलभराव से जूझ रहे हैं। न्यू वाशरमैनपेट, जेमिनी फ्लाईओवर और माउंट रोड इलाके में टखने तक जलभराव है। तूफान की वजह से तटीय इलाकों में बारिश और तेज हवाओं की वजह से मौसम बदल चुका है। चेन्नई में शुक्रवार की रात से आज सुबह तक लगातार भारी से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में चक्रवात फेंगल पहले पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और आज शाम तक उत्तर तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार करने की उम्मीद है। आईएमडी ने कहा कि मौसम विभाग चेन्नई, श्रीहरिकोटा और चेन्नई के डॉपलर मौसम रडार के अलावा उपग्रह अवलोकनों से चक्रवात फेंगल पर लगातार नजर रख रहा है। आईएमडी के अनुसार चक्रवात आज शाम उत्तरी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों से टकराएगा और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों समेत दक्षिणी राज्यों के विभिन्न हिस्सों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## इंसानों के लिए तैयार की गई वाशिंग मशीन, 15 मिनट में दे सकती है अपने काम को अंजाम



**नई दिल्ली।** अभी तक आप कपड़ा धोने वाली वाशिंग मशीन को ही जानते हैं, लेकिन अब एक ऐसी मशीन तैयार की गई है, जो इंसानों की धुलाई कर सकती है। इंसानों के लिए तैयार की गई यह अनोखी मशीन महज 15 मिनट में अपने काम को अंजाम दे सकती है यानी इंसान को धुल और सुखा सकती है। एक जापानी कंपनी ने ह्यूमन वाशिंग मशीन विकसित की है। जापानी मीडिया असाही शिंबुन के अनुसार, साइंस कंपनी ने यह मशीन विकसित की है। यह कंपनी बाथरूम संबंधी उत्पाद तैयार करती है। कंपनी की आने वाले समय में इस उत्पाद को लांच करने की योजना है। पॉड जैसी दिखने वाली ह्यूमन वाशिंग मशीन किसी जेट फाइटर के काकपिट की तरह लगती है। यह मशीन जो किसी व्यक्ति को महज 15 मिनट में धोकर सुखा सकती है। इसमें बेहतर सफाई में मदद के लिए छोटे-छोटे बुलबुले बनते हैं। मशीन से स्वास्थ्य से जुड़े कई फायदे भी बताए गए हैं। इसमें लगे सेंसर इंसान की पीठ की मदद से तनाव और थकान का पता लगा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से राहत मिल सकती है।

## भारत की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा यूएन, ईयू साथ मिलकर वोमेन एम्पावर इंडिया कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार का महिलाओं के नेतृत्व में विकास यानी वोमेन लेड डेवलेपमेंट पर जोर है और सरकार लगातार इसके लिए प्रयास कर रही है। भारत सरकार के महिलाओं को सक्षम बनाने और वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों की दिशा में एक सकारात्मक पहल संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी शुरू हुई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और यूरोपियन यूनियन (ईयू) मिल कर भारत की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बनाएंगे। शुक्रवार को यूएन वोमेन और ईयू ने मिल कर वोमेन एम्पावर इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसका लक्ष्य भारत में महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण है। वर्कफोर्स मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना उन्हें रोजगार से जोड़ना है ताकि महिलाएं सक्षम बने और फिर भारत को सशक्त बनाएं। इस कार्यक्रम के लिए ईयू ने 2.78 मिलियन अमरीकी डालर का फंड यूएन वोमेन को मुहैया कराया है।

भारत में वैसे तो वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी पहले से बढ़ी है लेकिन अभी भी पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। आंकड़े देखे जाएं तो वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी मात्र 41.7 प्रतिशत है जबकि पुरुषों की भागीदारी 78 प्रतिशत है। जब वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो महिलाओं के सक्षम और सशक्त होने के साथ ही देश भी आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम होगा।

वोमेन एम्पावर इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए वातावरण तैयार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को दिल्ली में एक समारोह में हुआ। कार्यक्रम के लांच के साथ ही यूएन वोमेन और ईयू ने वोमेन एम्पावरमेंट प्रिंसपल्स यानी लिंग आधारित समानता के लिए काम करने वाले कॉरपोरेट लीडरों को पुरस्कृत भी किया। यूएन वोमेन की कंट्री प्रोग्राम मैनेजर वोमेन इकोनोमिक एम्पावरमेंट सुहैला खान कहती हैं कि इस कार्यक्रम में यूएन वोमेन प्राइवेट सेक्टर और सरकारी टेनिंग सेंटर जैसे आइटीआइ आदि के साथ मिल कर महिलाओं को रोजगार का प्रशिक्षण दिलाएगी और फिर उन्हें रोजगार दिलाने या उद्यमी बनने और अपना रोजगार शुरू करने में मदद करेगी। जनवरी से यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में शुरू होगा जहां महिलाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग दिलाकर रोजगार से जोड़ा जाएगा। तमिलनाडु में पहले ही राज्य सरकार के साथ मिलकर टेक्सटाइल सेक्टर में काम हो रहा है। पूरा कार्यक्रम 40 महीनों का है। शुक्रवार को यूएन वोमेन और ईयू ने लिंग आधारित समानता और महिलाओं के लिए कार्यस्थलों को और सुगम सहज बनाने व लिंग आधारित संवेदनशीलता की दिशा में प्रयास के लिए कॉरपोरेट सेक्टर के लीडरों को पुरस्कृत किया।

## सांप काटने के मामलों को घोषित करें अधिसूचित बीमारी, केंद्र ने राज्यों से की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश को अधिसूचित बीमारी घोषित करें, ताकि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इस तरह के मामलों और मौतों की जानकारी देना अनिवार्य हो जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिल श्रीवास्तव द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में यह आग्रह किया गया है। उन्होंने लिखा कि सर्पदंश सार्वजनिक स्वास्थ्य का मुद्दा है और कुछ मामलों में यह मौत, बीमारी या अपंगता के रूप में देखने को मिलती है। राज्यों को चाहिए कि वे अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों या अन्य लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के अंतर्गत सर्पदंश को अधिसूचित बीमारी घोषित करें। इसके साथ सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्रों व मेडिकल कालेजों के लिए ऐसे किसी भी संदिग्ध मामले या मौत की जानकारी की सूचना को भी अनिवार्य करें।

# दिल्ली में शीतलहर की दस्तक, पहाड़ों पर बर्फबारी का अलर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में शीतलहर शुरू हो गई है। तापमान गिरने से सुबह शाम अब दिन में भी ठंड लगने लगी है। वहीं, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं, तमिलनाडु- चक्रवाती तूफान फेंगल के प्रभाव के कारण चेन्नई शहर के मौसम में बदलाव देखने को मिला है। आईएमडी के अनुसार चक्रवाती तूफान फेंगल आज दोपहर उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार करेगा। मौसम विभाग ने तमिलनाडु में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। राजधानी दिल्ली में शीतलहर शुरू हो गई है। सुबह और शाम के अलावा अब दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तापमान के और कम होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं शुक्रवार को सीजन का सबसे सर्द दिन दर्ज किया गया। बीते कई दिनों से राजधानी के न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जा रही है। एक्यूवेदर साइट के मुताबिक, शुक्रवार को दिन ढ़लने के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। शाम 8 बजे न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## 2014 के बाद देश में बढ़े मेडिकल कॉलेज, डॉक्टरों की संख्या डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों से बेहतर,संसद में और क्या बोले जेपी नड्डा?

**बढ़ोतरी**


**मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में 102 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो 2014 से पहले 387 से बढ़कर अब 780 हो गई है।**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात 1:811 है जो डब्ल्यूएचओ के मानक 1ः1000 से बेहतर है। जेपी नड्डा ने कहा, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की तरफ से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, नवंबर, 2024 तक राज्य चिकित्सा परिषदों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ 13,86,145 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड थे। जेपी नड्डा ने कहा, रजिस्टर्ड एलोपैथिक डॉक्टरों और लगभग 6.14 लाख आयुष डॉक्टरों की 80 प्रतिशत उपलब्धता मानते हुए, देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात लगभग 1:811 है जो डब्ल्यूएचओ के मानक 1:1000 से बेहतर है। जेपी नड्डा ने कहा, सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई है और उसके बाद एमबीबीएस सीटें भी बढ़ाई हैं। मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में 102 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो 2014 से पहले 387 से बढ़कर अब 780 हो गई है। इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 2014 से पहले 51,348 से अब 1,18,137 तक 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पीजी सीटों में 135 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो 2014 से पहले 31,185 से बढ़कर अब 73,157 हो गई है। देश में डॉक्टर/चिकित्सा पेशेवरों को बढ़ाने के लिए सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए, नड्डा ने कहा कि जिला/रेफरल अस्पताल को अपग्रेड करके नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना जिसके तहत 157 अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों में से 131 नए मेडिकल कॉलेज पहले से ही कार्यरत हैं, जिसमें राजस्थान के 23 मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के सुपर स्पेशलिटी ब्लॉकों के निर्माण द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अपग्रेडेशन के तहत कुल 75 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 69 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। नए एम्स की स्थापना के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत, 22 एम्स को मंजूरी दी गई है। इनमें से 19 में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो गए हैं।

# अमेरिका से भारतीयों को बड़ा झटका, विदेशी छात्रों को 20 जनवरी से पहले लौटना होगा वापस



**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्च शिक्षण संस्थानों ने विदेशी छात्रों और कर्मचारियों को 20 जनवरी से पहले शीतकालीन अवकाश से लौटने की सलाह दी है। इस दिन डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) सहित अन्य विश्वविद्यालयों की ओर से यह सलाह ट्रंप प्रशासन की ओर से अवैध अप्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन की चर्चा के कारण सामने आई है। अनुमान है कि देश में एक करोड़ से अधिक अवैध आप्रवासी हैं। इंटरनेशनल एजुकेशनल एक्सचेंज पर ओपन डोर्स रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में 11 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। इनमें 330,000 के साथ सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है। हायर एड इमिग्रेशन पोर्टल का अनुमान है कि वर्तमान में 400,000 से अधिक ऐसे छात्र वर्तमान में अमेरिकी उच्च शिक्षा में नामांकित हैं, जो बिना उचित दस्तावेज के यहां रह रहे हैं।

एमआइटी की ओर से कहा गया कि जिनके पास वैध एफ वीजा है, उनके ट्रंप प्रशासन द्वारा किसी भी वीजा प्रतिबंध से प्रभावित होने की संभावना नहीं है। साथ ही बिना दस्तावेज वाले छात्रों के विदेश यात्रा की संभावना नहीं है। 2017 के ट्रंप प्रशासन के अनुभव को देखते हुए यह सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। ट्रंप प्रशासन ने 27 जनवरी 2017 को एक कार्यकारी आदेश जारी कर सात बहुसंख्यक मुस्लिम देशों के अप्रवासियों और गैर-आप्रवासी यात्रियों को 90 दिनों के लिए अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया था।


## ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले लौटो नहीं तो...,अमेरिकी विश्वविद्यालयों ने छात्रों को क्यों दी चेतावनी?

**नई दिल्ली।** अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों ने विदेशी छात्रों (खास तौर से भारतीय) को सलाह दी है कि वे अपनी छुट्टियों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले लौट आएं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों ने अपने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए यात्रा सलाह जारी की है और उनसे आग्रह किया है। छात्रों को जारी की गई सलाह में कहा गया है कि इससे यात्रा प्रतिबंधों और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच से बचा जा सकेगा। ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे और उन्होंने एलान किया कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले दिन अर्थव्यवस्था और आप्रवासन के मुद्दों पर कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे।

# ट्रंप बुद्धिमान मगर सुरक्षित नहीं, अमेरिका में उनके साथ जैसा हुआ वैसा रूस में डाकू भी नहीं करतेः पुतिन

**बुद्धिमान**

**कजाकिस्तान की अपनी राजकीय यात्रा के बाद पुतिन ने एक संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप को बुद्धिमान और अनुभवी नेता बताया।**






**मॉस्को।** अमेरिका के अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सुरक्षित नहीं है। यह बयान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिया है। पुतिन ने कहा कि ट्रंप एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं। सतर्क हैं। मगर वे अब भी सुरक्षित नहीं हैं। पुतिन ने कहा कि पिछले कुछ समय में डोनाल्ड ट्रंप पर हर तरह के हमले किए गए हैं। मुझे लगता है कि ट्रंप सब समझते हैं। पुतिन ने कहा कि अमेरिका में ट्रंप के साथ जैसा किया गया है, वैसा रूसी गैंगस्टर भी अपने दुश्मन के साथ नहीं करते हैं। रूस में अक्सर यह कहा जाता है कि दुश्मन के परिवार पर हमला नहीं करना है। मगर ट्रंप के मामले में उनके परिवार और बच्चों तक को निशाना बनाया गया। कजाकिस्तान की अपनी राजकीय यात्रा के बाद पुतिन ने एक संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप को बुद्धिमान और अनुभवी नेता बताया। जब पुतिन से पूछा गया कि मौजूदा बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन को अमेरिकी मिसाइल इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। क्या इसका असर ट्रंप प्रशासन से रिश्ते बनाने पर पड़ेगा? इस पर पुतिन ने कहा कि संभव है कि बाइडन प्रशासन भविष्य के लिए अतिरिक्त कठिनाइयों को पैदा करना चाहता हो। पुतिन ने कहा कि रूस आने वाले ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत को तैयार है। उन्होंने कहा कि जहां तक मैं कल्पना कर सकता हूं... नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एक बुद्धिमान और पहले से ही काफी अनुभवी व्यक्ति हैं। मुझे लगता है कि वे इसका समाधान निकाल लेंगे। चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार हमला हुआ। उनको जान से मारने की कोशिश की गई। अब पुतिन ने भी ट्रंप की सुरक्षा पर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ट्रंप के खिलाफ संघर्ष के बिल्कुल असभ्य साधनों का इस्तेमाल किया गया। यहां तक ??कि उनकी हत्या का प्रयास भी किया गया। वैसे मेरी राय में वह (ट्रंप) अब भी सुरक्षित नहीं हैं। पुतिन ने कहा कि मुझे सबसे अधिक आश्चर्य तब हुआ जब अमेरिकी चुनाव अभियान के दौरान राजनीतिक विरोधियों ने ट्रंप के परिवार और बच्चों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि रूस में तो डाकू भी ऐसे तरीके नहीं अपनाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद अमेरिका मीडिया ने पुतिन के साथ बातचीत का दावा किया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की है। हालांकि बाद में रूस ने इन मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया था।

## इमरान खान के समर्थकों पर सख्त कार्रवाई के मूड में शहबाज, PAK पीएम ने टास्क फोर्स के गठन का दिया आदेश


**हिंसा**

**उम्मीद है कि टास्क फोर्स हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करेगी।**



**इस्लामाबादः** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के मद्देनजर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कई अहम फैसले लिए। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में इस हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की रैली के दौरान हिंसा में शामिल लोगों को खोजने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक समर्पित टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की। पाकिस्तान में इमरान खान जेल में बंद हैं, इस वजह से उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया, विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा फैली। अब इस सिलसिले में शहबाज सरकार ने कई फैसले लिए। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सैयद मोहसिन नकवी टास्क फोर्स की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें आर्थिक मामलों के मंत्री अहद चीमा, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, कानून मंत्री आजम नजीर तरार और सुरक्षा बलों के प्रतिनिधि जैसे प्रमुख सदस्य शामिल हैं।हिंसा तब भड़की जब 10,000 से अधिक पीटीआई प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक सभा प्रतिबंध का उल्लंघन किया और सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष करने के लिए शहर को बंद कर दिया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जवाब में, जब प्रदर्शनकारी बैरिकेड वाले डी-चौक के पास पहुंचे तो दंगा पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी। झड़पों के बाद, पीटीआई नेतृत्व ने अपना नियोजित धरना रद्द कर दिया। हालांकि, इस उथल-पुथल ने इस्लामाबाद में राजनीतिक और सुरक्षा तनाव बढ़ा दिया है। अशांति के जवाब में, शहबाज शरीफ ने भविष्य के विरोधों को अधिक प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक समर्पित बल बनाने की आवश्यकता बताई। उम्मीद है कि टास्क फोर्स हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, पाकिस्तान की संघीय सरकार एक संघीय दंगा-नियंत्रण बल भी बनाएगी, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर उन्नत उपकरणों और ट्रेनिंग से सुसज्जित होगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन पर नई मुसीबत, यूनुस सरकार ने चिन्मय दास समेत 17 लोगों के बैंक खाते किए फ्रीज




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में इस्कॉन के पूर्व प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचारों के बीच एक और बड़ी खबर सामने आई है। इस बीच 17 लोगों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज कर दिया गया है। वित्तीय अधिकारियों ने इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास सहित इस धार्मिक संस्था से संबद्ध 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर 30 दिन के लिए रोक लगाने का आदेश दिया है। यह कदम बांग्लादेश हाईकोर्ट की तरफ से हिंदू नेता के समर्थकों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प में एक वकील की हत्या के बाद इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) पर बैन लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज करने के बाद आया है। समाचार पत्र प्रोथोम अलो के मुताबिक, बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने गुरुवार को विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ये निर्देश भेजे, जिसमें इन खातों से संबंधित सभी प्रकार के लेनदेन को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। केंद्रीय बांग्लादेश बैंक के तहत वित्तीय खुफिया एजेंसी ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अगले तीन कार्य दिवसों के भीतर इन 17 व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों से संबंधित खातों के लेनदेन से संबंधित जानकारी भेजने के लिए कहा है।

## पिछले साल की तुलना में 89 प्रतिशत बढ़ी धोखाधड़ी, एफबीआई ने क्रोम, सफारी और ऐज यूजर्स के लिए जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** ब्लैक फ्राइडे के साथ छुट्टियों की खरीदारी की भीड़ शुरू होती है, ऐसे में ऑनलाइन घोटालेबाज से संबंधित मामलों में भी होती है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले साल की तुलना में धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों में 89% की बढ़ोतरी हुई है, लगभग 80त्न शॉपिंग-संबंधित ईमेल को घोटाले के रूप में चिह्नित किया गया है। यहां तक कि Google के सर्च रिजल्ट में भी हेरफेर किया गया है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन एफबीआई ने ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों के लिए एक चेतावनी जारी की है, जिसमें ब्लैक फ्राइडे, साइबर मंडे और बाकी छुट्टियों के मौसम के दौरान इन घोटालों से खुद को बचाने के कदमों पर प्रकाश डाला गया है। यह अलर्ट क्रोम, सफारी और एज जैसे लोकप्रिय वेब ब्राउजर के यूजर के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो अमेरिकी



बाजार के 95% हिस्से पर हावी हैं। दुकानदारों से आग्रह किया जाता है कि वे सतर्क रहें और इन खतरों का शिकार होने से बचने के लिए सुरक्षा युक्तियों का पालन करें। जांच एजेंसी ने चेतावनी दी है कि छुट्टियों के मौसम में या साल के किसी भी समय ऑनलाइन खरीदारी करते समय हमेशा उन सौदों से सावधान रहें जो सच होने के लिए बहुत अच्छे लगते हैं। किसी घोटालेबाज का अगला शिकार न बनें। हर साल, हजारों लोग बनते हैं छुट्टियों के घोटालों के शिकार घोटालेबाज आपकी मेहनत की कमाई, व्यक्तिगत जानकारी और, कम से कम, उत्सव के मूड को लूट सकते हैं। गैर-डिलीवरी घोटाले, जहां आप ऑनलाइन मिलने वाली वस्तुओं या सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं, लेकिन आपको अपना सामान का नहीं मिलता है। गैर-भुगतान घोटाले, जहां आप खरीदे गए सामान या सेवाओं को शिप करते हैं, लेकिन आपको उनके लिए कभी भुगतान नहीं मिलता है। नीलामी धोखाधड़ी, जहां आपके तरफ से खरीदा गया उत्पाद नीलामी स्थल पर गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था। गिफ्ट कार्ड धोखाधड़ी, जहां एक विक्रेता आपसे प्री-पेड कार्ड से भुगतान करने के लिए कहता है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, विजेता खिलाड़ियों को मिला सम्मान

- खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है : डॉ. गोरखनाथ पटेल
- ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग शाहगंज द्वारा शनिवार को सर्वोदय इन्टर कालेज खुदौली के परिसर में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बालक, बालिका ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमे दौड़ 50 मीटर, 100 मीटर, 200 और 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो, कबड्डी, रंगोली, मेहंदी समेत विभिन्न, प्रतियोगिताओं मे अपना दमखम दिखाया।

मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने मां सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का आधार है। खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल को हमें दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक डा अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा की कमी नही है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर वे अपनी प्रतिभा को नए आयाम दे सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयों में होने वाले खेलों से छिपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन सै0 मो मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। मैच रेफरी अरूणेश कुमार यादव रहे। निर्णायक मंडल में वीरेंद्र यादव, सुभाषचंद्र तिवारी, आशीष सिंह, संदीप कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, राज कुमार निषाद, राजेश कुमार निषाद, ज्योति श्रीवास्तव, शिवानी मौर्य रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार मौर्य, प्रा शिक्षक संघ अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, सजल सिंह, डा अभिषेक सिंह, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, एआरपी संघ प्रदेश मंत्री प्रशांत कुमार मिश्र, अशोक सोनकर, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, मन बहाल, रूपेश सिंह, राज बहादुर, बुद्धिराम, राम शकल यादव, सुजीत सोनकर, ओम प्रकाश वर्मा, लाल मनि, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## रिश्तेदार ने महिला से जमीन दिलाने के नाम पर सात लाख का लगाया चुना

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के लल्लापुर गांव निवासी महिला से उसके रिश्तेदार ने जमीन तथा गिफ्ट में कार दिलवाने के नाम सात लाख रुपये का चूना लगा दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उसके विरुध्द मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त गांव निवासी अंजलि तिवारी पत्नी कमलेश तिवारी ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दिया। जिसमें उसने अपने एक दूर के रिश्तेदार रविकांत उर्फ विपुल पुत्र रामगोपाल मिश्र निवासी दिनदासपुर औदार थाना सिंधोरा वाराणसी ने बाबतपुर में एक जमीन में इनवेस्ट को लेकर प्रलोभन दिया। उसने कहा जमीन के लेने पर जमीन के साथ ही एक कार गिफ्ट मिलेगी।पहले तो उसने 10 अगस्त 2017 को जमीन के लिए तीन लाख का चेक लिया। उसके बाद जमीन का कोई बैनामा या कागजात नही बनवाया।उसके बाद 15 अगस्त को पुनः जमीन के लिए चार लाख दो हजार तीन सौ और बहला फुसलाकर ले लिया। काफी दिनों तक कुछ नही हुआ। अंत मे अंजली ने उसे कानूनी नोटिस भेजा।अंजली के द्वारा नोटिस भेजने से नाराज होकर उन लोगों ने धमकी व गाली गलौज भी दिया। अंजली की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# यातायात माह में सराहनीय कार्य करने वाले अधि0/कर्मचारीगण हुए पुरस्कृत

- यातायात माह नवम्बर 2024 जागरुकता माह का समापन



जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2024 जागरुकता माह का समापन, विद्यालयों के बच्चों, व यातायात माह में सराहनीय कार्य करने वाले अधि0/कर्मचारीगण को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। यातायात माह का समापन कार्यक्रम होली चाईल्ड एकेडमी जौनपुर में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा सहित अन्य की उपस्थिति में दीप प्रज्जलवन कर किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अवसर पर यातायात माह में प्रचार-प्रसार में सराहनीय कार्य व योगदान करने वाले स्कूलों के प्राधानाचार्य व उन स्कूलों के छात्र-छात्राओं, व एन.सी.सी के स्काउट कैडेट, को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया, जिसमें हरिहर पब्लिक स्कूल, कुल्हनामऊ, हरिहर इण्टरनेशनल स्कूल, उमरपुर, महाराणा प्रताप इण्टरमीडिएट कालेज रामदयालगंज, जनक कुमारी इण्टर कालेज, हुसैनाबाद, मो0 हसन इ0कालेज, राष्ट्रीय पब्लिक इण्टर कालेज हुसेपुर कबूलपुर, माउण्ट लिट्रा जी स्कूल रामदयालगंज, द-सनराइज पब्लिक स्कूल भकुरा, तिलकधारी सिंह इ0कालेज, शकुन्तला सेण्टर एकेडमी अम्बेडकर तिराहा, मां दुर्गा सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सिद्धिकपुर, डॉ0 राममनोहर लोहिया सीनियर सेकेडरी स्कूल कलिचाबाद, लायल वंडर स्कूल मछलीशहर, होली चाइल्ड एकेडमी, जनक कुमारी इण्टर कालेज, हुसैनाबाद, बलराम यादव जनसेवा इ0कालेज कलीचाबाद, राष्ट्रीय पब्लिक इ0कालेज हुसेपुर, आर0एन टैगोर सीनियर सेकेडरी स्कूल, एन0सी0सी0 98 बटालियन, विद्यालय /शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य व 700 बच्चें शामिल थे। साथ ही साथ यातायात माह 2024 के दौरान सराहनीय योगदान के लिये यातायात व थाने से अधि0/ कर्मचारीगण को भी पुरस्कृत किया गया। यातायात माह 2024 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुरे माह जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद जौनपुर के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, शीत ऋतु में कोहरे में दृश्यता के अभाव होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के निर्मूलन हेतु मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों में निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गो पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया।

## दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली वादी मिठाईलाल राजभर पुत्र स्व मूरत राजभर निवासी ग्राम कोलहटा कमाल, थाना महराजगंज, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि लगभग डेढ़ साल पूर्व वादी की पुत्री की शादी अजय राजभर पुत्र तिराजल राजभर निवासी गोरिया जलालपुर थाना बिलरियागंज, जिला आजमगढ़ के साथ हुई थी, जिसे उसके पति अजय राजभर, ससुर निरंजन राजभर सास सावित्री व जीजा दीपू राजभर दहेज को लेकर काफी प्रताडित किया जाता था। दिनांक 29.11.2024 को समय करीब 8.00 बजे सुबह प्रार्थी को थाना कोतवाली जनपद आजमगढ से सुबह लगभग 8.00 बजे फोन आया कि तुम्हारी पुत्री की मौत हो गयी है। प्रार्थी को पूर्ण विश्वास है कि प्रार्थी की पुत्री को उसके पति अजय राजभर, ससुर तिरांजल राजभर सास सावित्री व जीजा दीपू राजभर दहेज को द्वारा मार दिया गया है। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 641, धारा - 85, (2) 351 (3) बीएनएस व 3 आज उ.नि. राज नारायण पाण्डेय मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों 1. अजय राजभर पुत्र निरंजन राजभर उम्र 25 वर्ष, 2. निरंजन राजभर पुत्र स्व0 पल्टन राजभर उम्र 58 वर्ष निवासीगण गोरिया जलालपुर थाना बिलरियागंज आजमगढ़ को जिला चिकित्सालय आजमगढ़ गिरफ्तार किया गया।

## संघ परिवार निकालेगा तीन दिसंबर को जन आक्रोश यात्रा

**प्रयागराज।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर एस एस) परिवार द्वारा जन आक्रोश यात्रा निकाली जायेगी। 3 दिसंबर को यह यात्रा निकाले जाने का निर्णय हुआ है। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि संघ परिवार की ओर से 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार परिसर से कमिश्नर कार्यालय प्रयागराज तक बंगला देश में हिंदू भाई बंधुओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध मे जन आक्रोश यात्रा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। यात्रा के दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कदम उठाने को लेकर एक ज्ञापन भी सरकार को दिया जायेगा। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने कि अपील की गई है। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि यात्रा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। लोगों से भगवा झंडा बैनर के साथ यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

# विकासशील से विकसित भारत की यात्रा का मेरुदण्ड है एन सी सी-कमान अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

- 99 यू पी बटालियन द्वारा सफलतापूर्वक संचालित हुआ ऑनलाइन सी टी ओ अभिमुखीकरण प्रोग्राम'



**आजमगढ़।** जनपद में स्थित 99 यू पी बटालियन एन सी सी विगत कई वर्षो से आजमगढ़, अम्बेडकर नगर के विभिन्न इंटर व डिग्री कॉलेज को संबद्धता प्रदान कर अनुमन्य सीटों के सापेक्ष युवा छात्र छात्राओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम के द्वारा एकता, अनुशासन, सच्चरित्रता, नेतृत्व, उच्च नागरिकता के गुणों का विकास कर सैन्य भर्ती एवं अन्य सेवाओं के उच्च प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार कर रही है। बटालियन के ऊपर ग्रुप मुख्यालय होता है तथा बटालियन और ग्रुप मुख्यालयों के पदसोपान क्रम में प्रदेश में एक एन सी सी निदेशालय होता है जिसका उच्चाधिकारी ए डी जी होता है इसी पदसोपानिक क्रम में देश मे एक एन सी सी निदेशालय है जो नई दिल्ली में है जिसका सर्वोच्च अधिकारी डी जी एन सी सी होता है जो लेफ्टिनेंट जनरल रैंक का अधिकारी होता है। एन सी सी संगठन में सेना और छात्र कैडेटों के मध्य समन्वय, संतुलन और सफल प्रशासन के लिए एक सहयुक्त एन सी सी अधिकारी नियुक्त होता है जो प्री कमीशन कोर्स के द्वारा लेफ्टिनेंट से मेजर रैंक तक प्रमोट हो सकता है तथा अपने उच्च प्रदर्शन के आधार पर लेफ्टिनेंट कर्नल तक का मानद रैंक भी प्राप्त कर सकता है। अपने तीन महीने के सैन्य प्रशिक्षण (पी आर सी एन) पर जाने से पूर्व केअर टेकर ऑफिसर के रूप में उसकी नियुक्ति होती है। इस दौरान भी उसे कई शैक्षिक पाठ्यक्रम को पूरा करना होता है। इसी क्रम में, वाराणसी बी ग्रुप मुख्यालय से सम्बद्ध बटालियनों के अप्रशिक्षित केअर टेकर ऑफिसर को प्रशिक्षण की जिम्मेदारी 99 यू पी बटालियन एन सी सी को प्रदान की गई थी जिसके अंतर्गत 18 नवम्बर से 30 नवम्बर तक बटालियन द्वारा ऑनलाइन सी टी ओ ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिसका नोडल, कमान अधिकारी द्वारा, डी ए वी कॉलेज के ए एन ओ ले0 डॉ0 पंकज सिंह को बनाया गया था। 18 नवम्बर को कमान अधिकारी के ओपेनिंग एड्रेस के साथ शुरू हुए इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को ए एन ओ, सी टी ओ की ड्यूटी, आपदा प्रबंधन, वेपन ट्रेनिंग एवं अन्य उपयोगी पहलुओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण बटालियन के सहयुक्त एन सी सी अधिकारियों-कैप्टन डॉ0 इंद्रजीत, ले0 डॉ0 पंकज सिंह, ले0 मनोज सक्सेना, ले0 डॉ0 नफीस अहमद, ले0 चन्दन एवं जे0 सी0 ओ0 वरिन्दर सिंह, विशाल थापा आदि के द्वारा दिया गया।

## युवा चेहरे होंगे भाजपा के बूथ अध्यक्ष

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी की संगठन पर्व के अंतर्गत होने वाले बूथ लेवल चुनाव चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण पर है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि बूथ अध्यक्ष के लिए संगठन ने उत्तर प्रदेश में होने वाले 2027 की विधानसभा की चुनाव की दृष्टि से युवा चेहरे के लिए प्रावधान किया है। जिससे यह तय हो चुका है कि युवा चेहरे ही भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष होंगे, जिनकी आयु 25 से 35 वर्ष के बीच में होगी। बूथ पर अध्यक्ष को लेकर कुल 12 सदस्यों की टीम होगी जिसका बूथ की सामाजिक समीकरण के आधार पर चयन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्गो के लोगों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया हैं। बूथ पर एक बूथ अध्यक्ष, एक मंत्री, एक लाभार्थी प्रमुख, एक मन की बात का प्रमुख, एक व्हाट्सएप ग्रुप का प्रमुख, एक बूथ लेवल एजेंट, तीन महिला कार्यकारिणी सदस्य एवं तीन अन्य कार्यकारिणी सदस्य होंगे। बूथ की टीम के पदाधिकारियों में महिलाओं की प्रथम वरीयता देने का संगठन के द्वारा प्रावधान किया गया है।

# चाइल्ड केयर सेंटर पीयू की सकारात्मक पहल: प्रो. वंदना

- कुलपति ने किया चाइल्ड केयर सेंटर का उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अत्याधुनिक चाइल्ड केयर सेंटर का उद्घाटन किया। यह केंद्र कर्मचारियों और शिक्षकों के बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जो कार्य और शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा। चाइल्ड केयर सेंटर में बच्चों की देखभाल के लिए विशेषज्ञ स्टाफ, मनोरंजन के लिए खेलकूद की सुविधाएं, शिक्षा के लिए रचनात्मक कक्षा का प्रबंध किया गया है। केंद्र में 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों की देखभाल की जाएगी। यह सुविधा विशेष रूप से कामकाजी माताओं के लिए राहतप्रद साबित होगी, जो अपने बच्चों की सुरक्षा और देखभाल को लेकर चिंतित रहती हैं। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा, चाइल्ड केयर सेंटर विश्वविद्यालय की सकारात्मक पहल है, जहां हम न केवल अपने कर्मचारियों और छात्रों के भविष्य के बारे में सोचते हैं, बल्कि उनके परिवारों का भी ध्यान रखते हैं। यह कदम कार्यक्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा। विश्वविद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह केंद्र उनके बच्चों के लिए सुरक्षित और विकासशील वातावरण प्रदान करेगा। यह चाइल्ड केयर सेंटर शिक्षा संस्थानों में परिवार-हितैषी नीतियों की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है, जो अन्य संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण बनेगा। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. गिरधर मिश्र, उपकुलसचिव गण अमृत लाल, अजीत सिंह, बबिता सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. नीतेश जायसवाल, राजनारायण सिंह, डॉ. पीके कौशिक, हेमंत श्रीवास्तव, श्याम त्रिपाठी, ऋचा सिंह, शनि भारती, हरिशंकर यादव समेत कई शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

## विद्यालय में प्रदर्शनी एवं बाल मेला का आयोजन



**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्री नगर सदियापुर, प्रयागराज में विज्ञान प्रदशर्नी एवं बाल मेला का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आज विद्यालय में वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु के चित्र पर डाक्टर अनिल कुमार कालरा जी एवं आर.एन.मेहरोत्रा प्रबंधक ने दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन करके विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसमें 68 छात्र छात्राओं ने अपने अपने माडल का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले माडलों का निर्णय डी.ए.वी.इण्टर कालेज मीरापुर के विज्ञान के प्रवक्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खत्री पाठशाला के प्रधानाचार्य, ज्वाला देवी के प्रधानाचार्य, राजरुपपुर के प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सभी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये हुए सभी महानुभावों के प्रति प्रधानाचार्य दिनेश कुमार दूबे ने आभार ज्ञापित किया।

# महाकुम्भ 2025 के सफल संचालन के लिए आईसीसी सेंटर का हो रहा अपग्रेडेशन

## महाकुम्भ में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और रेलवे स्टेशन निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा आईसीसीसी

- 1650 नये सीसीटीवी कैमरे, 40 वीएमडीएस, 100 स्मार्ट पार्किंग और एआई कंपोनेंट की मदद से की जाएगी महाकुम्भ में निगरानी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम महाकुम्भ 2025 में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। सारे विश्व की निगाह महाकुम्भ के आयोजन पर लगी रहती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज मेला प्राधिकरण सीएम योगी के मार्गदर्शन और निर्देशन में तैयारियां भी उसी अनुरूप कर रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण है महाकुम्भ मेले के सफल आयोजन और संचालन के लिए आईसीसी सेंटर को अपग्रेड करना। आईसीसी सेंटर का निर्माण कुम्भ 2019 में किया गया था लेकिन महाकुम्भ 2025 का आयोजन और भी भव्य और विशाल होने के कारण इसका उच्चीकरण किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपने प्रयागराज दौरे में किया और अपग्रेडेशन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिये।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, आईसीसीसी का निर्माण कुम्भ 2019 के सफल आयोजन के लिए किया गया था। इसका उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और प्रयागराज स्मार्ट सिटी आईसीसी सेंटर के माध्यम से एआई, चैटबॉट, लाईव सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरों जैसी अत्याधुनिक तकनीकी की मदद से मेले का सफल संचालन करता है। महाकुम्भ 2025 का आयोजन पिछले सभी कुंभ, महाकुंभ मेलों के आयोजन से भव्य और विशाल होने के कारण आईसीसी सेंटर को अपग्रेड किया जा रहा है। सीएम योगी के विरासत और विकास के विजन के मुताबिक महाकुम्भ की प्राचीनतम परंपरा को अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग से सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास हो रहा है। सीएम ने स्वयं अपने प्रयागराज दौरे में आईसीसी सेंटर के अपग्रेडेशन का निरीक्षण किया और शीध्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

### एआई कंपोनेंट की मदद से की जाएगी निगरानी

प्रयागराज। प्रयागराज स्मार्ट सिटी और मेला प्राधिकरण देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों की मदद से आईसीसी सेंटर के अपग्रेडेशन का कार्य करा रहा है। महाकुम्भ 2025 के मद्देनजर लगभग 1650 नये सीसीटीवी कैमरे, 24 एपीएनआर कैमरे, 40 वीएमसीडी, 100 स्मार्ट पार्किंग, क्राउड मैनेजमेंट और व्हीकल काउंट के लिए 268 और 240 एआई कंपोनेट लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही शिकायत निवारण के लिए कॉल सेंटर में 20 सीटें बढ़ाई जा रही हैं। महाकुम्भ 2025 में आईसीसी सेंटर मेला, एमसीआर सेंटर, अरैल और झूंसी व्यूविंग सेंटर से पूरे मेले क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही एआई कंट्रोल्ड सीसीटीवी कैमरों की मदद से 9 रेलवे स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट और निगरानी का कार्य किया जाएगा। 1 दिसम्बर से 1920 हेल्पलाइन का कार्य शुरू हो जाएगा।

# मुंशी काली प्रसाद का व्यक्तित्व एवं जीवन अनुकरणीय : प्रो. गीतांजलि

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मुंशी काली प्रसाद कुलभास्कर की 152वीं जयंती के अवसर पर सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज में विविध खेलकूद प्रतियोगिताएँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 सीमा शाक्या, सदस्य, उ0 प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि डॉ0 सीमा शाक्या एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डॉ0 सुशील कुमार सिन्हा तथा ट्रस्ट के महामंत्री, वीर कृष्ण श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारियों ने संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान रोवर्स रेंजर्स टीम द्वारा मार्च पास्ट की सलामी दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ0 सीमा शाक्या ने कहा कि कठोर अनुशासन और कड़ी मेहनत और अपनी संस्कृति से जुड़कर कोई भी लक्ष्य पाया जा सकता है। छात्र शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कायस्थ पाठशाला, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे संस्थान अर्जुन की तरह अपने छात्रों को धनुर्धर बनाकर हीरे की तरह तराश रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 गीतांजलि मौर्य ने कहा कि मुंशी काली प्रसाद का जीवन अनुकरणीय है, उनका शिक्षा के प्रति बेहद लगाव था। उनके योगदान को समाज कभी भूल नहीं सकता। मुख्य निर्णायक की भूमिका में प्रो0श्रीप्रकाश, डॉ0 विकास सिंह, डॉ0 प्रमोद यादव, डॉ0 विवेक श्रीवास्तव, डॉ0 आभा त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रो0 पवन कुमार पचौरी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव व डॉ0 आभा त्रिपाठी रहे जिनकी देख रेख में समस्त प्रतियोगिताएँ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 परम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी प्रो0 सी0 एस0 चौबे ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिक्षा योगेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रशासन सुधांशु श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष वित्त सम्राट विवेक, उपाध्यक्ष श्रीमती अदिति सिन्हा, अखिलेश श्रीवास्तव, प्रो0 ऋतुराज, प्रो0 वी0 एन0 पांडेय, प्रो0 एस0 पी0 वर्मा, प्रो0 आर0 एल0 पाल, प्रो0 कमलेश सिंह, ई0 आर0पी0 सिंह, डॉ0 मनोज कुमार सिंह, डॉ0 धर्मन्द्र कुमार सिंह, डॉ0 शशिकांत त्रिपाठी, डॉ0 एस0 पी0 यादव, डॉ0 आदेश वर्मा, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 देवेन्द्र कुमार, डॉ0 सेवक राम तथा महाविद्यालय के अन्य समस्त शिक्षक कर्मचारी व छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता में आफरीन, आयुषी, वंशिका ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 148वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, वह आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सरदार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा छात्रों को एकता, दृढ़ता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 आशुतोष कुमार सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय चरण के सफलतापूर्वक आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय एकता के प्रतीक थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम और देश की रियासतों के एकीकरण में जो भूमिका निभाई, वह हमें हमेशा प्रेरणा देती है। उनकी दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प ने एक संगठित और सशक्त भारत का निर्माण किया। इस कार्यक्रम में तीन प्रतियोगिताएं भाषण, कविता लेखन और निबंध लेखन आयोजित की गईं। छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना का विकास करना और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, डॉ. गौतम कोहली, डॉ. प्रियंका सक्सेना, डॉ. उत्कर्ष उपाध्याय व डॉ. अजीत सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई गणमान्य अतिथि, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत कुमारंज, जनपद- अयोध्या

पत्रांक :- 267/न0पं0कु0/रा0वि0आ0 2024-25/सूखी लकड़ी आ./2024 दिनांक : 28 नवम्बर 2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विभिन्न वार्डो एवं स्थलों में भिन्न-भिन्न जगहों पर जलावनी लकड़ी डालकर अलाव जलाने के कार्य हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो प्रदेश सरकार के ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से अपलोड की जायेंगी। एक ई-निविदा अथवा समस्त ई-निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

### ई-निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्नवत् है-

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 28.11.2024 | 14:00 बजे |
| 2 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की अंतिम तिथि व समय | 10.12.2024 | 11:00 बजे |
| 3 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 11.12.2024 | 15:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुमारगंज**
**अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुमारगंज**
**अयोध्या**

# सैमसंग ने नई दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन 2 में नया एक्सपीरियेंस स्टोर खोलकर प्रीमियम उपस्थिति बढ़ाई

**गुरुग्राम।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड सैमसंग ने साउथ एक्सटेंशन (पार्ट 2) में एक प्रीमियम एक्सपीरियेंस स्टोर का उद्घाटन किया है। यह साउथ दिल्ली में सैमसंग का सबसे बड़ा स्टोर है।

**शॉपिंग**

**यह स्टोर राजधानी के सबसे उच्च-स्तरीय शॉपिंग डिस्ट्रिक्ट्स में से एक में स्थित है।**

यह स्टोर राजधानी के सबसे उच्च-स्तरीय शॉपिंग डिस्ट्रिक्ट्स में से एक में स्थित है। इसे अनूठा अनुभव देने के लिये डिजाइन किया गया है, जहाँ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और निजी सेवाओं का संगम होगा। इस अनुभव से टेक्नोलॉजी में रुचि रखने वालों और रोजमर्रा के उपभोक्ताओं की अलग-अलग तरह की आवश्यकताएं पूरी होंगी।

सैमसंग एक्सपीरियेंस स्टोर लगभग 3400 वर्गफीट में फैला हुआहै। इसके अलग-अलग ज़ोन्स में उपभोक्ताओं को नये स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप, ऑडियो उपकरण तथा अभिनव स्मार्टथिंग्स इकोसिस्टम मिलेगा। यहाँ ग्राहक सीधे तौर पर देख सकेंगे कि सैमसंग के कनेक्टेड उपकरण किस तरह से रोजाना की जिन्दगी को ज्यादा स्मार्ट और सुविधाजनक अनुभवों में बदल सकते हैं।

यह वसंत कुंज, कनॉट प्लेस और साकेत के बाद नई दिल्ली में सैमसंग का चौथा प्रीमियम एक्सपीरियेंस स्टोर है। यहाँ बिक्री, अभिनव उत्पादों और ग्राहक सेवा के संदर्भ में उपभोक्ताओं की सारी जरूरतें पूरी होंगी। इस लॉन्च के लिये सैमसंग के पास रोमांचक ऑफर्स भी हैं, जैसे कि गैलेक्सी फिट3 सिर्फ 1499 रूपये में उपलब्ध होगा और गैलेक्सी के चुनिंदा उपकरणों की खरीदी पर 1,00,000 रूपये तक के रिवार्ड तथा पेटीएम फर्स्ट मेम्बरशिप मिलेगी।

सैमसंग इंडिया में डी2सी बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सुमित वालिया ने कहा, ''साउथ एक्सटेंशन (पार्ट 2) में सैमसंग एक्सपीरियेंस स्टोर को लॉन्च करते हुए हम उत्साहित हैं। यह स्टोर वसंत कुंज, कनॉट प्लेस और साकेत के स्टोर्स की शानदार सफलता को आगे बढ़ाएगा। इनमें से हर स्टोर उपभोक्ताओं का चहेता ठिकाना बन चुका है और उन्हें टेक्नोलॉजी के दिलचस्प अनुभव तथा बेजोड़ ग्राहक सेवा प्रदान कर रहा है। हमारा नया फ्लैगशिप स्टोर 3400 वर्गफीट में फैला है और इसके अभिनव ज़ोन्स ग्राहकों के अनुभव को बेहतरीन बना देंगे। यहाँ ग्राहकों को सैमसंग के नये उत्पादों की जानकारी मिलेगी और स्मार्टथिंग्स इकोसिस्टम देखने का मौका मिलेगा। हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से अपने ग्राहकों का जीवन समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं और हमें इन स्टोर्स के माध्यम से उनके साथ गहरे रिश्ते बनाने की आशा है।''

इस स्टोर में खरीदारी का शानदार अनुभव भी मिलेगा और ग्राहक सैमसंग स्टोर+ प्लेटफॉर्म के माध्यम से सैमसंग के 1200 से ज्यादा उत्पाद देख सकेंगे। यह अभिनव समाधान खरीदारों को स्टोर के भीतर उत्पाद की जानकारी पाने में समर्थ बनता है और चीजें सीधे उनके घर डिलीवर कर दी जाती हैं।

उत्पादों के दिलचस्प प्रदर्शन के अलावा, स्टोर में 'स्ह्रड्डह्लठ्ठ ञ्च स्ड्डद्बह्यह्वठ्ठद्' की पहल भी होगी, जहाँ तरह-तरह के वर्कशॉप्स उपभोक्ताओं को सशक्त करने के लिए तैयार किये गये हैं। यह खासकर मिलेनियल्स और जनरेशन जेड के लिये होगा, ताकि उन्हें टेक्नोलॉजी का असरदार ढंग से इस्तेमाल करने के लिये पूरी जानकारी एवं कौशल मिल सकें। यह वर्कशॉप्स स्थानीय संस्कृति एवं रुचियों पर फोकस करके सैमसंग औरलोगों के बीच सार्थक सम्बंध बनाएंगी।

इतना ही नहीं, ग्राहक सैमसंग केयर+ प्लान्स का फायदा भी उठा सकते हैं, ताकि अपने गैलेक्सी उपकरणों के लिये उन्हें ज्यादा सहयोग मिल सके। इस स्टोर में ग्राहकों को बिक्री-पश्चात सेवा भी मिलेगी । होम सर्विस कॉल्स की सुविधाजनक बुकिंग समेत यह सेवा ग्राहक संतोष के लिये सैमसंग की कठोर प्रतिबद्धता को साबित करती है।

# वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 25 प्रतिशत बढ़ेगा, जेफरीज का दावा

**नई दिल्ली।** जेफरीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में साल-दर-साल आधार पर 25 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार के कुल व्यय में भी 15 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। चुनावों के दौरान लोकलुभावन योजनाओं में वृद्धि के बावजूद, केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश करने के प्रति प्रतिबद्ध है। रिपोर्ट के अनुसार, जहां लोकलुभावन नीतियों ने गति पकड़ी है, खासकर राज्यों के चुनावों के दौरान, केंद्र सरकार की खर्च प्राथमिकताएं एक संतुलित दृष्टिकोण दिखाती हैं। जेफरीज को उम्मीद है कि 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में केंद्र सरकार का कुल व्यय साल दर साल आधार पर लगभग 15त्नबढ़ेगा, जबकि पूंजीगत व्यय में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी। लोकलुभावन नीतियों के बावजूद सरकार पूंजीगत व्यय पर अधिक खर्च कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य चुनावों में मुफ्त में दी जाने वाली योजनाओं की बढ़ती सफलता, जैसे




कि महाराष्ट्र का कल्याण कार्यक्रम जिसकी लागत सालाना 460 अरब रुपये (राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत) है, लोकलुभावनवाद की धारणा के संदर्भ में चिंता पैदा करती है।

रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला है कि 28 भारतीय राज्यों में से 14 में पहले से ही ऐसी ही योजनाएं हैं, जो लगभग 12 करोड़ परिवारों को कवर करती हैं और जिनकी कुल लागत भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 0.7-0.8 प्रतिशत है। हालांकि, केंद्र सरकार का ध्यान बुनियादी ढांचे के विकास के जरिए दीर्घकालिक आर्थिक संपत्ति बनाने पर बना हुआ है, जो निरंतर विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

वित्तीय बाजारों पर भी रिपोर्ट में टिप्पणी की गई है। इसके अनुसार भारतीय शेयर बाजार हाल ही में हुए सुधार के बाद स्थिर हो रहा है, खासकर मिड-कैप सेगमेंट में। विदेशी निवेशकों ने पिछले दो महीनों में 12.5 अबर डॉलर से अधिक मूल्य के भारतीय इक्विटी शेयर बेचे हैं, जो ऐतिहासिक मानकों के हिसाब से एक राशि राशि है- लेकिन घरेलू निवेशकों ने इस निकासी को बहुत हद तक पचा लिया है।

# एडिडास और बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ नई टीम इंडिया ओडीआई जर्सी का किया अनावरण

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट टीम के आफिशियल किट स्पॉन्सर एडिडास और बीसीसीआई ने मुंबई में उनके मुख्यालय में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन हरमनप्रीत कौर के साथ नई ओडीआई जर्सी का अनावरण किया। क्रिकेट के इतिहास में पहली बार, भारतीय महिला टीम के साथ जर्सी का अनावरण किया गया है। इस साझेदारी और आइकोनिक ओडीआई जर्सी पर बात करते हुए नीलेन्द्र सिंह, जीएम, एडिडास इंडिया ने कहा, ''बीसीसीआई के साथ साझेदारी हमें गर्व का अहसास देती है, हमें खुशी है कि हम इस साझेदारी के दूसरे वर्ष में हैं। एडिडास में हम हमेशा से महिलाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। भारत की महिला टीम के साथ नई ओडीआई जर्सी का लॉन्च महिला खिलाड़ियों को सपोर्ट करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें गर्व है कि बीसीसीआई के साथ मिलकर हम




आधुनिक गियर्स के साथ एथलीट्स को सशक्त बनाने, उनके परफोर्मेन्स एवं जुनून को बढ़ाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।'' यह जर्सी सबसे पहले 22 दिसम्बर 2024 को शुरू हो रही भारत बनाम वेस्ट इंडीज़ बाइलेटरल सीरीज़ में महिला नेशनल टीम द्वारा पहनी जाएगी। महिलाओं की टीम के बाद अगले साल आईसीसी के आगामी चैम्पियन्स ट्रॉफी टूर्नामेन्ट में पुरूष टीम भी इसी जर्सी में नज़र आएगी। बीसीसीआई के साथ साझेदारी के दूसरे वर्ष में एडिडास, भारत की महिला एवं पुरुष क्रिकेट टीम को नए मैच वियर, बेहतर प्रशिक्षण एवं ट्रैवल रेंज उपलब्ध कराता रहेगा। शानदार नीले रंग में डिज़ाइन की गई नई ओडीआई जर्सी की बाजुओं पर तिरंगे का बोल्ड आम्ब्रे इफेक्ट दिखाई देता है, जो भारत के गर्व और जोश का उत्साह दर्शाता है।

ह्यइसके अलावा मैचों के दौरान खिलाड़ियों को आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए एडिडास ने जैकर्ड बेस फैब्रिक को टैरी लूप पैटर्न से अपडेट किया है, साथ ही जर्सी को अधिक टिकाउ बनाने के लिए कट एण्ड स्यू डीटेल्स शामिल किए हैं। जर्सी पसीना जल्दी सोख सके, इसके लिए इसमें क्लइमाकूल प्लस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। 100 फीसदी रीसायकल्ड मटीरियल से बनी यह जर्सी स्थायित्व के लिए एडिडास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह जर्सी 2 दिसम्बर 2024 से प्रशंसकों के लिए दो कीमतों पर उपलब्ध होंगी- आथेंटिक मैच जर्सी रु 5999 में और फैन जर्सी रु 999 मे।

# भारत में बागवानी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एडीबी के साथ 10 करोड़ डॉलर का ऋण समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने देश में बागवानी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9.8 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह समझौता वित्तपोषण रोग मुक्त रोपण सामग्री प्रणालियों की स्थापना, फसल की पैदावार, गुणवत्ता और जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाने में सहायता करेगा। मंत्रालय ने कहा, भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने आज बागवानी फसल किसानों की प्रमाणित रोग मुक्त रोपण सामग्री तक पहुंच में सुधार करने के लिए 9.8 करोड़ डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए, जिससे उनकी फसलों की पैदावार, गुणवत्ता और जलवायु प्रभावों के प्रति लचीलापन बढ़ेगा। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और एडीबी के भारत निवासी मिशन के प्रभारी अधिकारी काई वेई येओ ने भारत के स्वच्छ पौध कार्यक्रम का निर्माण÷ के हिस्से के रूप में ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर बोलते हुए मुखर्जी ने किसानों की उत्पादकता में सुधार के लिए पौधों के स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "ADB फंडिंग से पौधों के स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा जो किसानों की उत्पादकता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। येओ बताया कि यह परियोजना भारत सरकार के आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम से जुड़ा है, और पौध स्वास्थ्य प्रबंधन में सुधार पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा, यह भारत में बागवानी के लिए सीपीपी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विनियामक ढांचे और संस्थागत प्रणालियों को विकसित करने में मदद करेगा। इस परियोजना में निजी नर्सरियों, शोधकर्ताओं, राज्य सरकारों और उत्पादकों के संघों के साथ गहन परामर्श शामिल होगा ताकि इसकी सफलता और स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

# दिसंबर तक ग्राहकों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ें, वित्त मंत्री ने आरआरबी से की अपील




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरआरबी को डिजिटल सेवाओं के लिए ग्राहकों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए दिसंबर 2024 तक इस कार्य को पूरा करने की समय सीमा तय की। वित्त मंत्री ने और क्या-क्या कहा आइए जानें।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी ) से ग्रामीण ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की अपील की है। मंत्री ने बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के आठ आरआरबी के साथ शुक्रवार को पटना में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डिजिटल समावेशन के महत्व पर जोर दिया।

बैठक में सीतारमण ने आरआरबी को डिजिटल सेवाओं के लिए ग्राहकों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए दिसंबर 2024 तक इस कार्य को पूरा करने की समय सीमा तय की। उन्होंने आरआरबी को अपने प्रायोजक बैंकों के समर्थन से अपने ग्राहकों के बीच डिजिटल सेवाएं अपनाने को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, आरआरबी को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं से ग्राहकों को जोड़ने को प्राथमिकता देनी चाहिए उन्होंने व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से जुड़ी गतिविधियों के लिए।÷

सीतारमण ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण प्रवाह बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से नाबार्ड और सिडबी के साथ मिलकर एसएचजी को उद्यम के रूप में विकसित करने में मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) कार्यक्रम की क्षमता की ओर इशारा किया और वित्तीय संस्थानों को एसएचजी को प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने आरआरबी में दक्षता और सेवा वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आरआरबी की वित्तीय सेहत में सुधार को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि समेकित सीआरएआर वित्त वर्ष 2022 के 7.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 9.4 प्रतिशत हो गया और सकल एनपीए वित्त वर्ष 2022 में 25 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 15 प्रतिशत हो गया।

मंत्री ने कहा, पूर्वी क्षेत्र के आरआरबी ने वित्त वर्ष 2023 में 690 करोड़ रुपये के शुद्ध घाटे के मुकाबले वित्त वर्ष 2024 के दौरान 625 करोड़ रुपये का समेकित लाभ अर्जित किया है।÷ सीतारमण ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आरआरबी में परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने, डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने और मजबूत कॉरपोरेट प्रशासन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए समापन किया।

# ओटीपी के जरिए जालसाजी करने वालों पर लगाम

**नई दिल्ली।** 1 दिसंबर, 2024 से भारत में कई क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले बदलाव होने वाले हैं। इनमें फर्जी ह्रञ्जक्क को रोकने के लिए संशोधन, मालदीव पर्यटन के नियमों में बदलाव और कुछ बैंकों की ओर से अपने क्रेडिट कार्ड मानदंडों को अपडेट करना शामिल है। नियमन और यूजर्स की सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से ये बदलाव होने हैं। आइए 1 दिसंबर से होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों पर एक नजर डालें।

संदिग्ध ओटीपी पर अंकुश लगाने और स्कैमर्स से लोगों को होने वाले बड़े वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से संदेश ट्रेसबिलिटी प्रदान करने के लिए कहा है। निर्देश का पालन करने की समय सीमा 30 नवंबर, 2024 है। इस विनियमन के तहत दूरसंचार कंपनियों को सभी संदेशों के स्रोत का पता लगाने के लिए प्रावधान करने की आवश्यकता है। इसकी शुरुआती समय सीमा 31 अक्तूबर थी, लेकिन सेवा ऑपरेटरों की मांग के बाद, ट्राई ने इसे 30 नवंबर तक बढ़ा दिया। कुछ रिपोर्टों ने दावा किया कि इससे ग्राहकों को ओटीपी प्राप्त करने में देरी हो सकती है, लेकिन ट्राई ने एक्स पर एक पोस्ट में ऐसे अफवाहों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है।

मालदीव, जो भारत से बाहर घूमने जाने वालों के लिए सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है, द्वीपसमूह की यात्रा करने वाले पर्यटकों से लिए जाने वाले शुल्क में वृद्धि कर रहा है। इकोनॉमी-क्लास के यात्रियों के लिए, शुल्क 30 (2,532 रुपये) से बढ़कर 50 (4,220 रुपये) हो जाएगा, जबकि बिजनेस-क्लास के यात्रियों के लिए शुल्क 60 (5,064 रुपये) से बढ़कर 120 (10,129 रुपये) हो जाएगा। प्रथम श्रेणी के यात्रियों को 90 (7,597 रुपये) से बढ़कर 240 (20,257 रुपये) का भुगतान करना होगा, और निजी जेट यात्रियों को 120 (10,129 रुपये) से बढ़कर 480 (40,515 रुपये) का भुगतान करना पड़ेगा।

# देवी संस्थान ने 19 राज्यों के हितधारकों को लीडरशीप सर्कल में एकत्र किया, भारत को निपुण बनाने की दिशा में उठाया कदम

**लखनऊ।** भारत में मौलिक साक्षरता और अंकगणित के प्रमुख संगठन, देवी संस्थान ने 28-29 नवम्बर को लखनऊ में लीडरशीप सर्कल का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 19राज्यों जैसे जम्मू और कश्मीर, तमिलनाडु, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, आदिऔर पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के नीति निर्माता, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि और सामुदायिक संगठन शामिल हुए। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करना और निपुण भारत के लक्ष्यों की ओर प्रगति तेज़ करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा विभाग के निदेशक श्री आशीष कोहली ने किया। अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार, जो दूसरे दिन के मुख्य अतिथि थे, ने कहा, दूसरे दिन के मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा, मैं सीएमएसपरिसर में आकर बहुत खुश हूँ। यह स्कूलिंग सिस्टम दुनिया के सबसे बड़े स्कूल सिस्टम में से एक है।




19राज्यों के प्रतिनिधियों को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए एकत्र होते देखना प्रेरणादायक है। किसी भी देश की सफलता के लिए दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है- सीखने के परिणामों में सुधार और युवाओं को जरूरी कौशल से लैस करना। जब मैंने विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों से बात की, तो उनकी प्रतिबद्धता और साझा किए गए विचारों से मैं बहुत प्रभावित हुआ। आप सभी के लिए मेरा एक संदेश है कि कि अपनी सफलता की कहानियों को दस्तावेजित करें, सार्थक डेटा एकत्र करें और अपने परिणामों को साझा करें। मौलिक साक्षरता और अंकगणित को देश के हर ब्लॉक तक पहुँचाना जरूरी है। आप सभी अपने-अपने राज्यों में मेहनत कर रहे हैं, लेकिन आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण और लंबा है। सीएमएससे मिले फीडबैक को ध्यान में रखते हुए और ऐक्टिव लर्निंग फॉर ऑलपेडागॉजी को लागू कर, हम मिलकर मौलिक शिक्षा को मजबूत कर सकते हैं। यह प्रयास न केवल हमारे शिक्षा ढांचे को सशक्त बनाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र की प्रगति में योगदान करने के लिए सक्षम बनाएंगे। संगोष्ठी में एक अद्वितीय सूची के उपस्थित लोग थे।

इनमें प्रमुख नीति निर्माता शामिल थे, जैसे कि सुफीना बानो, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा कार्यालय, बारामुला, जम्मू और कश्मीर; श्री तसद्दुक हुसैन मीर, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर; रमेश प्रसाद लखेर, जिला कार्यक्रम समन्वयक, समग्र शिक्षा, मध्य प्रदेश; और मोहम्मद अमजद, एफएलएन (मूलभूत साक्षरता और अंकगणित) जिला कार्यक्रम प्रमुख, तेलंगाना।

एक साथ, उन्होंने मौलिक साक्षरता और अंकगणित को तेज़ी से बढ़ाने के लिए नवाचारी तरीकों पर चर्चा की और क्षेत्रीय अनुकूलन और दीर्घकालिक समाधान पर चर्चा की।

# सदाबहार रिश्तों का वास्तविक जादू



138 वर्षों से अधिक समय से, कोका-कोला खुशी और ताजगी का प्रतीक बना हुआ है, जो विभिन्न देशों और पीढ़ियों के लोगों को साथ में जोड़ता है। 1993 में भारत में अपने आगमन के बाद से, हमेशा लोगों के जेहन में रहने वाला लाल और सफेद रंग का लोगो उनकी रोजाना की जिंदगी और उनके यादगार पलों का हिस्सा बन चुका है। क्रिकेट की खुशियों और संगीत समारोह से लेकर रोजमर्रा के मुस्कुराहट के पलों तक कोका-कोला खुद को भारत के ताने-बाने में पिरोने में सफल रही है और अब यह पूरे देश में जश्न का हिस्सा बन चुका है। ह्यपड़ोस में होने वाले एक त्योहारी उत्सव की कल्पना करें, जो रोशनी और हंसी के पलों से भरपूर है, या फिर एक क्रिकेट मैच जहां हर खुशी के मौके पर कोक की बोतल को खोले जाने की क्लासिक ध्वनि सुनाई देती है। अब एक शादी की कल्पना करें, जहां ठंडी बोतल एक साझा दावत का हिस्सा बन जाती है। वहीं, कॉलेज के दोस्तों का एक समूह अपने कॉलेज की कैंटीन में कोका-कोला पीते हुए, अपनी-अपनी कहानियां शेयर करता है। ये सिर्फ यादें नहीं हैं; ये वह अनुभव हैं जिन्होंने ताजगी के लिए अपने साझा प्यार के माध्यम से भारत की समृद्ध विविधता, संस्कृति और लोगों के साथ कोका-कोला के संबंध को विकसित किया है। इन संबंधों को कोका-कोला के प्रतिष्ठित पोर्टफोलियो से मजबूती मिली है, जो अपने उपभोक्ताओं की तरह-तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकल्प प्रदान करता है। अपनी क्लासिक पेशकशों से लेकरकोक जीरो और डाइट कोक जैसे मौजूदा विकल्पों तक, ब्रांड हर किसी के लिए कुछ न कुछ पेश करता है। ताजगी से परे, कोक स्टूडियो भारत और कोक स्टूडियो तमिल जैसी पहलों के माध्यम से, कोका-कोला भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का जश्न मनाता है और देश के विविध क्षेत्रों की कहानियों और संगीत को सामने रखता है। दिलजीत दोसांझ जैसे कलाकारों के साथ सहयोग ब्रांड को परिभाषित करने वाली रचनात्मकता और सबको अपने साथ जोड़ने की भावना को आगे लेकर जाता है।

# ओजस'24 का भव्य समापन: जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट लखनऊ ने किया दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य समापन

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने शनिवार 30 नवम्बर 2024 को अपने सालाना सांस्कृतिक महोत्सव ओजस'24 का भव्य समापन किया। नाइन्टीज़ नॉस्टेल्जिया की थीम पर आधारित यह महोत्सव प्रतिभा का जश्न था, जिसमें युवाओं ने अपने उत्साह एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। माननीय डॉ कुमकुम धर, हैड, बिरजु महाराज कथक संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थी।

ओजस'24 छात्रों द्वारा पावर्ड सालाना फेस्ट है, लखनऊ एवं आस-पास के कॉलेजों से प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। दो दिनों के दौरान कला, संगीत एवं साहित्य पर आधारित कई रोचक प्रतियोगिताओं एवं क्विज़ेज़ का आयोजन हुआ। इस

**परफोर्मेन्स**

**ऐश किंग के मनमोहक परफोर्मेन्स के साथ पर्दा गिरा**

वाइब्रेन्ट उत्सव ने सभी उपस्थितगणों को यादगार अनुभव प्रदान किया।

यह उत्सव उभरते मैनेजर्स को प्रोत्साहित करने की जयपुरिया लखनऊ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इ समंच ने छात्रों को अपने विविध कौशल को दर्शाने का मौका दिया। यह युवाओं के समग्र विकास के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री ब्रजेश पाठक ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया, उन्हें निर्णय निर्धारण एवं लीडरशिप कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। युवाओं की तुलना सोने और हीरे के साथ करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों को शिक्षा के दायरे से आगे बढ़कर भारत की समृद्ध धरोहर को बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। साथ ही विज्ञान, प्रबन्धन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर में भावी लीडर्स के रूप में विकसित होकर राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देना चाहिए।

डॉ कविता पाठक, डायरेक्टर जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के प्रयासों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने माननीय अतिथि डॉ कुमकुम धर का भी स्वागत किया तथा कथक में उनके योगदान की सराहना की।

डॉ कुमकुम धर ने फाईन आर्ट्स की बदलावकारी क्षमता पर रोशनी डालते हुए साहस, प्रेरणा और यहां तक कि रोज़गार में भी इसकी भूमिका पर ज़ोर दिया। अपने गुझ पंडित लच्छू महाराज से मिली महत्वपूर्ण शिक्षाओं पर भी विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें अपने चुने गए क्षेत्र में कड़ी मेहनत के साथ काम करना चाहिए।

**ऐश किंग के साथ सेलेब्रिटी नाईट**

ओजस'24 के ग्राण्ड फिनाले में सेंसेशनल बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर ऐश किंग ने अपने परफोर्मेन्स के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने हिट्स ते अमो, बारिश और जस्ट गो टू हैल दिल, के साथ ऐश ने मंच पर शानदार परफोर्मेन्स दिया।

**ओजस के पहले दिन के आकर्षण**

नाइंटीज़ वर्डप्ले

टीम पर आधारित रोमांचक आयोजन में प्रतिभागियों को पज़ल्स, एनाग्राम्स, क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड तथा नब्बे के दशक से प्रेरित अन्य वर्ड चुनौतियों का हल करने का मौका मिला।

**स्ट्रीट स्टोरीज़: नुक्कड़ नाटक**

समाज से जुड़ी थीमों जैसे किशारों के मानसिक स्वास्थ्य पर नुक्कड़ नाटक पेश किए गए, इन नाटकों ने दर्शकों को महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर जागरुक बनाया। विचार-विमर्श का मौका दिया।

**विंटेज स्ट्रोक्स: पेंट द टी-शर्ट्स**

प्रतिभागियों ने ब्लैंक टी-शर्ट्स को पेंट कर 90 के दशक के पॉप कल्चर, कार्टून्स और यादगार आकन्स से सजाया, इस तरह उन्होंने टी-शर्ट पर चित्रकारी करते हुए अपने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

**फैशन अंडर स्टार्स**

इस आयोजन में राशियों पर आधारित फैशन नज़र आया, जहां ज्योतिष और रचनात्मकता का संयोजन देखने को मिला।

# कसया क्षेत्र में कबाड़ की दुकानों पर बेखौफ काटे जा रहे गाड़ियां

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र में तकरीबन एक दर्जन कबाड़ के दुकानों पर चोरी के छोटे बड़े वाहन और ट्रक काटकर उसके स्क्रेप अवैध तरीके से बाहर भेजे जा रहे है। सूत्र बताते है कि इन कबाडियों के दुकान पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए लक्जरी वाहन, मालवाहक वाहन और ट्रक पलक झपकते ही गैस कटर से काटकर कबाड़ का रूप में तब्दील हो जाते हैं। ऐसी चर्चा है कि इस अवैध काले धंधे को नगर का एक व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है जो स्थानीय प्रशासन व पुलिस से लगायत तथाकथित पत्रकारों को मैनेज कर इन कबाडियों के दुकान पर ट्रक आदि वाहन कटवाकर स्क्रेप बाहर भेजता जाता है।

बता दें कि कसया थाना क्षेत्र में लगभग एक दर्जन ऐसे कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही है जो अवैध तरीके से चलते फिरते चोरी के वाहनों को दिन के उजाले मे फलक झपकते ही अलग पार्ट्स मे तब्दील कर दिए जाते है। बताया जाता है कि इन अवैध कबाड़ की दुकानों पर दर्जनों मजदूर गैस कटर से दिन रात वाहनों को काटने का काम करते हैं। विश्वस्त सूत्रो की माने तो नगर का एक व्यक्ति जिसे लोग बैल के नाम से जानते है इन अवैध कबाड़ के कारोबारियों का संरक्षक बताया जाता है। सूत्रों का कहना है कि इसी शख्स के दम पर अवैध कबाडियों के दुकान पर ट्रक कटता है। इतना ही नहीं वाहनों के चेसिस नंबर और वाहन के बाडी बदलने का भी यहां खेल होता है, और कोई आंख नही तरेता है। सबब यह है कि यह व्यक्ति स्थानीय प्रशासन, पुलिस, तथाकथित पत्रकार और इस धंधे व इससे जुड़े धंधेबाजों को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति को मैनेज करता है। यही कारण है कि यह व्यक्ति खुलेआम चैलेंज करता है कि कोई उसका और उसके कारोबारियों का कुछ नही बिगाड़ सकता है।



कसया में एक कबाड़ की दुकान में कटती गाड़ी

**पलक झपकते ही कबाड़ में तब्दील हो जाते है ट्रक और लक्जरी गाड़ियां**

### एआरटीओ कार्यालय में नहीं है कोई पंजीकृत

गौरतलब है कि एआरटीओ कार्यालय में वाहन काटने के लिए जनपद में कोई भी कबाड़ व्यापारी न तो पंजीकृत है और न ही अधिकृत है। इसके बावजूद कसया क्षेत्र में तकरीबन एक दर्जन कबाड़ के दुकान पर बेखौफ भारी वाहनों को काटी जा रही है। इतना ही कबाड़ व्यापारियों द्वारा वाहन काटने की सूचना तक एआरटीओ कार्यालय में नहीं दी जाती है।

## किसानो को टोल टैक्स फ्री करने सहित 16 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**लालगंज रायबरेली।** जय किसान जन कल्याण सेवा समिति की ओर से शनिवार को एसडीएम को 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने नहरों में पर्याप्त जलापूर्ति, आवारा जानवरों से निजात और डीएपी खाद और बीज की उपलब्धता, किसानों को टोल टैक्स में छूट सहित 16 मांगे रखी गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार द्विवेदी की अगुवाई में किसानों ने एसडीएम नवदीप शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में किसानों ने बताया कि गेहूं के बुवाई का समय चल रहा है। लेकिन क्षेत्र की नहरों में पानी का अकाल है। किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। बीज और खाद की कालाबाजारी चल रही है। आवारा मवेशी खेतों की फसल चट कर रहे हैं। इसके अलावा किसानों ने अन्य प्रदेशों की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली फ्री किए जाने, आंदोलन के दौरान किसानों पर लगे मुकदमे वापस करने, किसानों के लिए घरौनी की व्यवस्था किए जाने, गांव में साफ-सफाई, कूड़ेदान, लाइट बिजली पानी की व्यवस्था, ग्राम सभा में आवारा मवेशियों को संरक्षित करने के लिए गौशालाओं को निर्माण किए जाने की मांग की गई। इस दौरान ललित सुवाल, राहुल द्विवेदी, जगजीत, सुनीता, बृजपाल सिंह, ओम प्रकाश, गयाबख्श सिंह, वीरेंद्र सहित संगठन के पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग भवन में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई का समापन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई स्कीम के अन्तर्गत गठित कमेटी को विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा नालसा (बच्चों के लिए बाल-मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना, 2024 के तहत, कमेटी के सदस्यों की भूमिका एंव दायित्व को बताया गया। सचिव द्वारा बच्चों के लिए गठित कमेटी (कानूनी सेवा इकाई) (स्क्रेन्ड) के सदस्यो को बच्चों को उनके विधिक अधिकार, व उनके द्वारा कारित मामलों को कैसे निस्तारित करें के बारें में अवगत कराके व्यक्तिगत रूप से अपने साथ राजकीय बाल गृह देवरिया में संवासित बच्चें, वन स्टाप सेन्टर, सी0डब्लू0सी0, चाईल्ड लाइन, का निरीक्षण कराया गया। जिससे बच्चों हेतु गठित कमेटी द्वारा अपने कार्यो का क्रियान्वयन सही रूप से किया जा सकें। सचिव के द्वारा लघु चलचित्र के द्वारा नालसा की थीम नालसा हैं साथ तुम्हारे सौंग प्रचालित कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को अभिभूत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गुगी बहरी सरकार को जगाने के लिए जो करना होगा करेंगे : विजय रावत




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** आज सुबह ग्यारह बजे सपा नेता विजय रावत ने करूअना - मगहरा मार्ग बनाने की माँग को लेकर ग्रामीणों के साथ सोनाडी बेलासपुर मरकडा के बीच मे सड़क बनाने गुगी बहरी सरकार व पी डब्लु डी विभाग को जगाने के लिए अर्धनगन प्रदर्शन किया।

इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा भाजपा सरकार मे विकास का कोई काम नही हो रहा जब भाजपा विधायक जी के घर जाने वाली सड़क का यह हाल है तो आम सड़क का क्या हाल होगा सुनने मे आया की दिशा की बैठक विधायक के विरोध के बाद भी विभाग नही सुन रहा तो इसके बाद इस सरकार और विभाग को जगाने के लिए इसके शिलाएँ कोई और चारा नही है अगर इस सड़क को बनाने वाले अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्यवाही नही हुई और सड़क बनाने का काम एक हप्ते के अन्दर चालु नही हुआ तो एक हप्ते के बाद जनजागरण कर बड़ा आन्दोलन होगा जिसकी पुरी ज़िम्मेदारी शासन प्रसासन की होगी। इस दौरान मुख्य रूप से सजय सिह अनिल कुमार राजू पटेल सुनिल पान्डे कमलेश सिह दिनेश कुमार आदित्य मिश्रा विशाल गुप्ता, रानू सिंह, अजीत राजभर आदि सभी युवा साथी मौजूद रहे।

# आशंका संवेदनाओ और जनप्रतिनिधियों का दौरा थमा

अवधनामा संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बेहराडाबर मे एक मासूम अपने पिता के ननिहाल बेहराडाबर मे आने पर मासूम की घिनौने तरह से घारदार हथियार से मारकर हत्या कर शव को घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर छिपा दिया गया।

घटना के चार दिन बाद भी घटना का खुलासा नही कर पायी। शनिवार के दिन पुरे दिन मासूम अनुष्का के घर सन्नाटा पसरा हुआ है। अब आशंकाओं सम्बेदना का दौर पुरी तरह से समाप्त हो गया है पसरे सन्नाटा के बीच अब पुलिस गाँव बेहराडाबर व भरहेचौरा मे पुलिस ही चहलकदमी करते दिखाई दे रही है। घटना पर गम्भीरता से देखा जाय तो घटना के पहले दिन पुलिस को शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए नाको चना चबाना पडा ।कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ जनमानस पहले ही चरण मे भारी आक्रोश के बीच शव को ही पोस्टमार्टम ले जाने का विरोध किया गया देर सायंकाल तक पुलिस विरोधी नारे लगाये गये और शव को पुलिस के कब्जे मे देने से इन्कार करते रहे।

**अब गाँव मे ही पुलिस डेरा डाली है फिर भी पुलिस का हाथ खाली**

यह बात सबको अच्छी तरह से मालुम है कि शव का पोस्टमार्टम पुलिस किसी भी कीमत पर करवाएगी। फिर भी सम्बेदना मे लोग कानूनी प्रकिया को ही भुल गये ।बडे -बडे जनप्रतिनिधियों की भी हत्या की घटना हुई लेकिन किसी ने शव रोकने का प्रयास नही किया ।स्वेच्छा पोस्टमार्टम हुआ बहुत से मामले मे अपराधियों को सजा भी हुई। अब इधर शव रोककर कानूनी प्रक्रिया मे बाधा उत्पन्न करने का एक फैशन सा हो गया। अनुष्का के मामले मे घटना के बाद से पुलिस को शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने मे पाँच घण्टा लग गये और पोस्टमार्टम कराने के शव घर आने पर फिर शव को अन्तिम संस्कार कराने मे साढे चार घण्टा से अधिक लग गया । पुलिस दो दिन उसी मे उलझी रही तीसरे दिन सत्ता व विपक्ष के नेताओं द्वारा पिडित परिवार से मिलकर सम्बेदना प्रकट करने मे भी परिजन के दरवाजे पर जमी रही। इसी बीच मामले के सम्बन्ध मे सुराग लगाने मे लगी रही। घटना के चौथे दिन ही आशकाओ सम्बदनाओ का दौर समाप्त है गया। अब परिवार मे सन्नाटा पसरा हुआ है। इस सन्नाटे के बीच मात्र अब पुलिस ही कभी बेहराडाबर तो कभी भरहेचौरा मे दिखाई दे रही है वैसे घटना पर पीडित परिवार को सम्बेदना प्रकट कर सान्त्वना देकर और परिवार के साथ खडे होने की बात कहकर सरकार से आर्थिक सहायता दिये जाने की माँग किया लेकिन अब तक किसी समाजसेवी ने पीडित परिवार को अपने पास कोई भी सहायक राशि नहीं दिये ।और आस्वासन के साथ ही पीडित परिवार हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी व सरकारी सहायता के आश मे आँखों मे आँशु भरे निगाहो से इन्तजार कर रहे है। घटना को लेकर पुलिस सुराग लगाने मे अब तक असफल ही है। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान ने बताया कि अभी सुराग हाथ नही लगा है लेकिन पुलिस अपराधियों तक पहुंचने के लिए पुरी कोशिश कर रही है।

## श्रीमद्भागवत की कलश यात्रा में शामिल तमाम श्रद्धालु



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में शनिवार को श्रीमद्भागवत की भव्य कलश यात्रा निकली जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भाजपा नेता देव प्रकाश पांडेय के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसकी कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर शिव मंदिर होते हुए सराय काधा के माता दुर्गा मंदिर पर देवी जी को कथा का आमंत्रण देकर गोस्वामी प्रसाद नाथ बाबा धाम डेढ़ पसार हनुमान मंदिर माता काली मंदिर पिपलेश्वर महाराज के धाम आदि धार्मिक स्थलों से होते हुए पूजा बेदी मंडप पर सम्पन्न हुई। आज की कथा का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास भागवत भूषण आचार्य संतोष महाराज ने समस्त देवी देवताओं की आराधना करते हुए भागवत भगवान की विशिष्ट आराधना की और भागवत कथा की विधि और महत्व बताया। भक्तों को कथा से परिचित कराते हुए बताया कि कई जन्मों के पुण्य जब इकट्ठा होते हैं तब किसी भक्त को भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने बड़े भाव से भक्तों के समक्ष कथा की महिमा का वर्णन किया। कथा में मुख्य रूप से शिव मूर्ति पांडे करुणा शंकर पांडे राम प्रकाश मिश्र उमाशंकर गुप्ता नीरज सिंह पंडित मेवा लाल आचार्य मटियारी महाराज। राकेश मिश्र अनिल मिश्र मोहन पांडेय रविंद्र तिवारी राम शंकर पांडे विंदेश्वरी दुबे आदि उपस्थित रहे।

## आवेदन पूर्ण करें सम्बन्धित संस्थान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि उप सचिव उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी सामान्य वर्ग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों के ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य समस्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु संशोधित समय सारिणी प्राप्त हुई है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय उच्च अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को संशोधित समय सारिणी में दिये गये निर्देशों के अनुसार जनपद के समस्त सम्बन्धित संस्थाओं एवं विद्यालयों के प्राचार्य प्रधानाचार्यों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**अहिरौली, बाजार कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का दरवाजा तोड़कर लाखों का सामान चुरा ले गए। भगवानपुर बुजुर्ग में शुक्रवार की रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान की चोरी कर मौके से फरार हो गए। शनिवार की सुबह सफाई कर्मी पंचायत भवन की सफाई करने पहुंचा तो देखा कि पंचायत भवन के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखा सामान गायब था। ताला टूटने की सूचना सफाई कर्मी ने ग्राम प्रधान ध्रुव नारायण सिंह को दी। पंचायत भवन में हुई चोरी की सूचना ग्राम प्रधान ने 112 व स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर चोरी की घटना का जायजा लिया। ग्राम प्रधान ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि चोरों ने दो बैटरी, एक इन्वर्टर, सीपीयू, मॉनिटर, सोलर पैनल का कंट्रोलर चार्जर व कैमरे का डी वी आर उठा ले गए हैं। ग्राम प्रधान ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



# अंत्येष्टीय स्थलों पर कराया जाए वृक्षारोपण : उपनिदेशक

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** उपनिदेशक लखनऊ मंडल शाश्वत आनंद सिंह तथा उपनिदेशक मुख्यालय राघवेंद्र द्विवेदी ने ग्राम पंचायत दरीबा एवं जिला पंचायत द्वारा निर्मित जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण से पहले उपनिदेशक ने जिला पंचायत के एएमए राजेन्द्र प्रसाद, डीपीआरओ सौम्य शील सिंह एवं सभी एडीओ पंचायत के साथ विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने जिला पंचायत को डीपीआरसी की बाउंड्री एवं गेट शीघ्र लगाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा सभी अपूर्ण जन सुविधा केंद्रों को 31 दिसंबर तक बन जाएं और अंत्येष्टि स्थलों पर वृक्षारोपण कर उपवन बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों का फोकस जन सुविधा केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक सुविधा पंचायत सचिवालय से देने पर हो। सभी नवनियुक्त पंचायत सहायकों की ट्रेनिंग डीपीआरसी पर कराई जाए और भविष्य में स्वयं की आय के आधार पर ही ग्राम निधि दी जाएगी। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतें अपनी आय बढ़ाने पर जोर दें। उन्होंने निर्देशित किया कि 31 जनवरी 2025 तक सभी ग्राम मॉडल घोषित हो जाए। शौचालय का आवंटन शत प्रतिशत हो जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में सर्वाधिक सेवा देने वाले 3 पंचायत सहायकों एवं तकनीकी नवाचार के माध्यम से आदर्श गांव बनाने वाली प्रधान डीह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भी दिया।निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने पंचायत सहायकों द्वारा प्रत्येक गांव में 10 से 25 निर्धनतम परिवारों का चिन्हीकरण त्वरित गति से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्य सचिव महोदय शीघ्र दिसंबर माह में प्रदेश के समस्त पंचायत सहायकों के साथ वेबिनार के माध्यम से वार्ता भी करेंगे।



## यातायात माह नवंबर के समापन का कार्यक्रम

**रायबरेली।** रायबरेली में 1 नवंबर से 30 नवंबर तक यातायात माह का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रतिदिन ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्यों को लेकर कितने चालान किए गए और कितने वाहनों का जुर्माना हुआ है यह सारी डिटेल सोप जाती है इसी को लेकर जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहे पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह की अध्यक्षता में ट्रैफिक प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह तोमर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विभिन्न वाहनों के चालक व मोटर यूनियन के लोगों तथा स्काउट गाइड के बच्चों को आमंत्रित किया गया और उन्हें सडक दुर्घटना से बचने के उपाय बताए गए। यातायात प्रभारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि इस पूरे माह में लोगों को यातायात से जागरूक करने के लिए अभियान चला कर जागरूक किया गया और प्रतिदिन करीब 350 वाहनों का चालान साथ ही 4 लख रुपए के करीब जुर्माना आयोजित किया जाता था इस पूरे एक माह में लगभग 11 000 से अधिक वाहनों का चालान किया गया और करोडों रुपए का अवैध रूप से चलने वाले वाहनों पर जुर्माना आयोजित किया गया।

## एनपीसीआई डीबीटी प्रक्रिया शीघ्र करायें पूर्ण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त दिव्यांगजन एवं कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में अन्तरित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के सभी दिव्यांगजन जिनके बैंक खाते में एनपीसीआई/डीबीटी नहीं है वह यथाशीघ्र अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते में एनपीसीआई/डीबीटी प्रक्रिया को पूर्ण करा लें अन्यथा आगामी पेंशन की धनराशि खाते में अन्तरित नहीं होगी।

## 19 लोगों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों दशहरा के मौके पर दुर्गा प्रतिमा ले जाते समय छावनी में हुई पथराव के मामले में पुलिस ने 19 अभियुक्तों पर गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। बता दें कि दशहरा के अवसर पर पडरौना कोतवाली क्षेत्र के छावनी में मूर्ति ले जाने के दौरान चले ईंट पत्थर व मारपीट के दौरान पुलिस ने 34 लोगों पर मारपीट कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने, लूटपाट करने व दहशत का माहौल पैदा करने जैसा जघन्य अपराध करने वाले गैंग के 19 अभियुक्तों के विरूद्ध कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा नवरात्रि के अवसर पर दिनांक 07.10.2024 को पडरौना से रवीन्द्रनगर दुर्गा प्रतिमा ले जाते समय छावनी में मूर्ति पर पथराव कर मूर्ति को छतिग्रस्त कर दिए थे, विरोध करने पर अभियुक्तगण द्वारा लाठी डंडे व धारदार हथियार से मारपीट कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने, लूटपाट करने व दहशत का माहौल पैदा करने जैसा जघन्य अपराध किया गया था।

## खेल प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया कौशल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय खेरौना परिसर में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने उत्साह से प्रतिभाग किया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी पूजा चौहान ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। चम्मच दौड़ कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के छात्र अनंत गुप्ता ने जीती। आयुष को दूसरा और अजीत को तीसरा स्थान हासिल हुआं। सौ मीटर दौड़ में रौनक और साक्षी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कुर्सी दौड़ में तरुण आकाश और मोहित क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। जलेबी दौड़ में तरन्न ने प्रथम सचिन ने द्वितीय और सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया।कला सुलेख और रस्साकसी में भी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। स्पेशल एजूकेटर सत्यप्रकाश मिश्र शिक्षक राकेश तिवारी। शकुंतला अजय सिंह प्रदीप माला शिल्पा सिंह बैजनाथ कृष्ण प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## तहसील परिसर में धरने पर बैठा शख्स

**ऊंचाहार अवधनामा संवाददाता।** तहसील परिसर में धरने पर बैठा शख्स पुलिस व प्रशासन के समझाने के बाद भी धरने से नहीं उठा, उसने प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाये है। तहसील परिसर में धरने पर बैठे नगर के खरौआ कुंआ निवासी इंद्रेश चौरसिया को शनिवार की सुबह दरोगा अजय मलिक व नायब तहसीलदार सुजीत सिंह ने समझाबुझाकर धरना समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास किया। लेकिन वो धरने से नहीं उठा। धरना दे रहे युवक का आरोप है कि नगर के बस स्टैंड पर गाटा संख्या 4036 जो राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान दर्ज है। उस भूमि पर हो रहे निर्माण की शिकायत उसने प्रशासन से की थी लेकिन, प्रशासन ने उसकी शिकायत को अनसुना कर दिया। उसने आरोप लगाया है कि 26 नवम्बर को पूरा देश संविधान दिवस मना रहा था।तो ऊंचाहार में संविधान का चीर हरण किया जा रहा था। एसडीएम सिदार्थ चौधरी ने बताया कि मामले में वाद दायर हैं, प्रक्रिया पूरी होने पर बेदखली की कार्यवाई की जायेगी।



# कुशीनगर पालिका में नाला निर्माण में मानक की उड़ाई जा रही धज्जियां

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड सुभाष नगर में हो रहे नाला निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। घटिया सामग्री का प्रयोग कर जहां सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। वही शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से आंख मुदे बैठ है। नगर में चर्च-ए- सरेआम है कि नगर पालिका के निर्माण कार्य में एक जनप्रतिनिधि के हस्तक्षेप व मोटी कमीशन के चक्कर मे मानक व गुणवत्ता की धज्जियाँ उडाई जा रही है। नतीजतन सेम ईट, घटिया सीमेंट, रेत वाला बालू, मिक्स गिट्टी और गुणवत्ताविहीन सरिया का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है।

काबिलेगौर हो कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर-24 सुभाष नगर में 24 लाख, 10 हजार रूपये की लागत से 225 मीटर, पुरानी फाजिलनगर रोड गोलाबाजार चौक से काशीराम आवास तक नाला निर्माण कराया जा रहा है। नाला निर्माण में ठेकेदार योगेन्द्र जयसवाल द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दर किनार घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जो भ्रष्टाचार की कहानी बंया कर रही है। लाखों रुपये के नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है। सेम और चटका ईट लगाई जा रही है। वहीं नालों की तली में लिंटर की जगह घटिया ईट व गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा नाला निर्माण मे गुणवत्ताविहीन व घटिया सीमेंट का उपयोग भी किया गया है।

**मानकविहीन नाला निर्माण पर बोले नगरवासी :** नाला निर्माण को लेकर चन्दन मद्धेशिया, अशोक शर्मा, किशोर, जगलाल, हरिकिशोर, गोविन्द आदि नगरवासियों का कहना है कि नाला निर्माण में पूरी तरह मानक व गाइडलाइन की धज्जियां उडाई जा रही है। सेम ईट, रेत वाला बालू व मिक्स गिट्टी व गुणवत्ताविहीन सरिया का इस्तेमाल कर आनन-फानन में नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, ताकि ठेकेदार और जिम्मेदारों के मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार की पोल न खुल जाए। इसको लेकर कर शुक्रवार को नगरवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कार्य को रोककर ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग किया, लेकिन ठेकेदार मौके पर नहीं पहुंचा। आक्रोश बढ़ता देख वार्ड के सभासद राजेश मद्धेशिया पहुंच लोगो को समझा-बुझकर शांत कराए। वही मोबाइल पर ठेकेदार को मानक अनुरूप कार्य कराने की हिदायत दी। नगर वासियों ने उच्च अधिकारियों से नाला निर्माण की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला का कहना है कि पूर्व में भी इस तरह की बात सामने आई थी, मौके पर जाकर जांच किया, ठेकेदार को चेतावनी दी गई थी, पुनः नगरवासियों द्वारा मानक पर सवाल खड़ा किया गया है, कार्यालय में ठेकेदार को बुलाकर निर्माण में गुणवत्ता को लेकर कड़ी चेतावनी दी गई। सुधार नहीं हुआ तो बजट में कटौती करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**वार्ड नंबर 24 सुभाष नगर में गोला बाजार चौक से काशीराम आवास तक हो रहा नाला निर्माण का कार्य**

## राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में आनंद राज को प्रथम स्थान

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय बाजार निवासी एक युवक को नाट्य विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में आयोजित 38वा अंतरराज्यीय विश्वविद्यालय राज्य युवा उत्सव डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर मध्य प्रदेश में आयोजित हुआ। जिसमें बोदरवार बाजार निवासी आनंद राज पुत्र लक्ष्मीचंद को नाट्य विधा के एकांकी में प्रथम और हास्य नाटिका में द्वितीय स्थान मिला है। इस युवा उत्सव में सेंट्रल जोन की 23 विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। ज्ञात हो कि आनंद राज फिल्म और रंगमंच के क्षेत्र में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं, इनकी फिल्में देश विदेश के फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा चुकी हैं। आनंद राज राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में मास्टर इन परफॉर्मिंग आर्ट थिएटर और ड्रामा की पढ़ाई कर रहे हैं।



## जमीनी विवाद में भाई-बहन को पीटा

**लालगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। गांव निवासिनी सोनम सोनकर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही आतिश, अमर, वीरेंद्र और राज बहादुर उसके दरवाजे आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। बचाने आए उसके भाई सौरभ व मां गायत्री को भी आरोपियों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया।

## बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिरकर घायल

**ऊंचाहार अवधनामा संवाददाता।** साइकल सवार छात्रा को बचाने के चक्कर में बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कंदरांवा गाँव निवासी सागर 20 वर्ष शनिवार की दोपहर गाँव के ही संदीप 22 वर्ष को बाइक से लेकर अपनी ननिहाल निगोहा गाँव जा रहा था, तभी कंदरांवा चौराहे के पास साइकल सवार छात्रा को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई, घटना में दोंनो युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# समुदाय के सहयोग से स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण संभव. मो. राशिद

- ग्राम सभा रुदायन में आयोजित हुआ वृहद स्वास्थ्य शिविर






अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के ग्राम सभा रुदायन, ब्लॉक जरवल में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य, पोषण और परिवार नियोजन सेवाओं से जोड़ना और जागरूक बनाना था। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से उम्मीद परियोजना के अंतर्गत आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में एक छत के नीचे परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, किशोर स्वास्थ्य, मातृ पोषण, और गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग जैसी सेवाएं उपलब्ध कराकर ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में परिवार नियोजन परामर्श केंद्र के माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को परामर्श और शगुन किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इस वर्ष इसकी थीम आज ही शुरुआत करें, पति पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें÷ रखा गया है, इसके तहत नसबंदी की सेवा लेने वाले पुरुषों को 3000 रूपये की प्रोत्साहन धनराशि भी दी जाती है, उन्होंने कहा पुरुष नसबंदी प्रक्रिया सरल और सुरक्षित है, जिसमें लाभार्थी आधे घंटे बाद घर जा सकता है। शिविर में पात्र परिवारों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए, और आईसीडीएस विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी गई।किशोरियों के लिए वैक्सीनेशन, सैनिटरी नैपकिन वितरण और स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं दी गईं। खेलो और जीतो स्टाल के माध्यम से किशोरों को स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान की गई। इसके आलावा एनआरएलएम समूह की महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनके आर्थिक सशक्तिकरण पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर मोबियस फाउंडेशन के प्रभात कुमार ने कहा, ÷बाल विवाह एक अभिशाप है, जिसे हम सभी को मिलकर समाप्त करना होगा। इसके लिए जागरूकता और सशक्तिकरण सबसे बड़ा हथियार है। शिविर में 615 लोगों ने पंजीकरण कराया और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान उपेंद्र कुमार वर्मा, पॉपुलेशन फाउंडेशन से अभिषेक और सफिया जमीर, ब्लॉक मिशन मैनेजर एनआरएलएम जितेंद्र, आईसीडीएस सुपरवाइजर नीलम, पुलिस टीम, भारत स्काउट गाइड के प्रतिनिधि, गांव की आशा, आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संगठन के विस्तार पर भी कार्य किया जाना चाहिएः विनोद पाठक

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक नगर के प्रेस क्लब में डा0 अवधेश शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के द्वारा पत्रकार हितों में किए गए अब तक के कार्यों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष डॉ0 अवधेश शुक्ला ने पत्रकार हित में किए जा सकने वाले कार्यों पर उपस्थित पत्रकारों से सुझाव मांगे। संगठन की ओर से प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किए जाने वाले नव वर्ष के कलेंडर में विज्ञापन के लिए चर्चा की गई। संगठन सचिव विनोद पाठक ने जनपद की सभी तहसीलों में संगठन की इकाई बनाने की बात कही। संगठन द्वारा पत्रकार हित में कार्य करने पर सभी उपस्थित पत्रकारों ने सहमति जताई। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। उक्त मौके पर वरिष्ठ पत्रकार संपादक अलहयात निसार अहमद, संपादक सियासी भारत शमीम आफताब, नवीन शर्मा, शिव कुमार दुबे, अशोक मिश्रा, एक तारा अखबार के संपादक मिथुन रावत, प्रदीप सोनी, राजेश तिवारी, शुभम तिवारी, आशीष मिश्रा, अरुण मिश्रा सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

## बड़े बकायेदारों के कटेंगे कनेक्शन

- विद्युत राजस्व वसूली की कवायद शुरू



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** दरियापुर बिजली विभाग की दो टीमें शहर के क्षेत्रों में बकायेदारों के कनेक्शन काटेंगी। विद्युत उपखण्ड प्रथम के दरियापुर क्षेत्र में बड़े बकायेदार विद्युत कनेक्शन काटो राजस्व जमा करो अभियान चलाएगा। अवर अभियंता दरियापुर ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की 02 टीमें राजस्व वसूली के लिए शहरी क्षेत्रों में उतरेंगी। टीमों ने घरेलू और कामर्शियल के बड़े बकायेदारों के कनेक्शन चिन्हित कर काट राजस्व वसूली करेंगी। सोमवार को सुबह से ही अवर अभियंता डी एन प्रसाद तथा फीडर मैनेजर संतोष कुमार, सौरभ यादव, जे पी सिंह के नेतृत्व में 2 टीमों के द्वारा चैकिंग तथा राजस्व वसूली अभियान शुरू किया जायेगा। टीमों के द्वारा दरियापुर चौराहा, शास्त्री नगर, कृष्णा नगर, ओम नगर, बघराजपुर, बाधमंडी, पंजाबी कालोनी, मल्होत्रा गली, दरियापुर आबादी, के साथ साथ अन्य मुहल्लों के प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चैकिंग की जायेगी। अवर अभियंता ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 10 हजार से अधिक के बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग कर बकाया देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाएगा। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम पवन कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिल समय से जमा कर परेशानी से बचें। वहीं अधिशाषी अभियंता पवन कुमार ने बताया कि सभी उपखंडों के अधिकारियों और कर्मचारियों को घरेलू और कमर्शियल बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

## वाहनस्वामी लॉगबुक-आरसी की छायाप्रति जमा करें

**फिरोजाबाद।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में हल्के / भारी वाहनों को प्रयोग में लाया गया था। ऐसे हल्के / भारी वाहन स्वामियों को अन्तिमवार सूचित किया जाता है कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने-अपने वाहनों की लॉगबुक व बैंक की पासबुक, वाहन की आर0सी0 आधार कार्ड की छायाप्रति किसी कारणवश आज दिनांक तक कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, फिरोजाबाद को उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय फिरोजाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति तथा जिला पूर्ति अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व में समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी गयी है, उसके उपरान्त भी वाहन स्वामियों द्वारा अपने-अपने वाहनों की लॉगबुक जमा नहीं की गयी है। ऐसे वाहन स्वामी अपने-अपने वाहनों की लॉगबुक, बैंक की पासबुक, वाहन की आर0सी0, आधार कार्ड की छायाप्रति कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, फिरोजाबाद अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, फिरोजाबाद में दो दिवस के अन्दर जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे हल्के/भारी वाहनों के किराये भाड़े का भुगतान वाहन स्वामियों को किया जा सके।

# बाहर से चखना लाने पर अवैध मॉडल शॉप को देना होगा प्रति ग्राहक 20/-रूपया

- अवैध मयखाने में गनपत पिला रहा दारू, न मानक न सुरक्षा, फिर भी शहर के पा?श इलाको मे दर्जनो अघोषित माडल शाप खुले
- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की खुलेआम धज्जियां उडा रहे जिम्मेदार, आबकारी विभाग की मिलीभगत के लग रहे हैं आरोप

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** नगर के पाश इलाको में शराब ठेकों द्वारा फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड एक्ट 2006 की अवहेलना की जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मी ने बताया कि आबकारी निरीक्षक को हर महीने समझना पड़ता है, तभी यह अवैध मॉडल शॉप गुलजार रहता है। वैसे यहां पर अधिकतर शराब ठेकों के पास फूड लाइसेंस नहीं हैं। इससे साफ होता है कि ठेका संचालक नियमों को ताक पर रखकर शराब बेच रहे हैं। ऐसे में वे किस स्तर की शराब ग्राहकों को परोस रहे हैं, इस बारे में भी दुविधा है। फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड एक्ट 2006 के तहत सभी ठेकों के लिए फूड लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन ठेका संचालकों ने लाइसेंस के लिए आवेदन तक नहीं किया है। ऐसे में शराब में मिलावट की संभावना होने पर अधिक खतरा रहता है। अभी तक कार्रवाई ने होने से बेखौफ शराब ठेकेदारों धड़ल्ले से बिना लाइसेंस के शराब बेच रहे हैं। ठेका संचालकों के पास लाइसेंस का होना उतना अनिवार्य है, जितना अन्य लाइसेंस का। लेकिन इसमें अभी तक कार्रवाई न होने से भी ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। बता दे हिं नगर क्षेत्र के सुपर मार्केट स्थित बीयर शॉप पर भी यही हाल है , इसके साथ ही सब्जी मंडी स्थित शराब की दुकान, पयागीपुर चौराहा पर स्थित अंग्रेजी व बीयर शॉप, जेल मोड़ स्थित अंग्रेजी व बीयर शॉप के साथ साथ दूबेपुर ब्लाक मुख्यालय स्थित शराब व बीयर शॉप आदि दर्जनो जगहो पर अघोषित माडल शाप चल रहा है, गोरबारिक क्षेत्र में तो बाकायदा स्कीम चालू है। यहां बाहर से चखना लाने पर 20 रूपया प्रति ग्राहक को देना पड़ रहा, यह पैसा अफसरों को मिलीभगत से लिया जा रहा और कहीं ठेके में तो कहीं ठेके के पीछे अवैध मॉडल शॉप संचालित हैं, इनमें अवैध वसूली की स्कीम चालू है। लेकिन जिम्मेदार मलाई काटने मे व्यस्त रहते है। सबसे मजे की बात है कि इन जगहो पर कोई शरीफ आदमी कभी भी शराबियो से बेइज्जत हो जाता है। अभी बीते दिनो सुपर मार्केट स्थित बीयर शॉप पर मिलावटी बीयर परोसने का आरोप लगा था, जिसकी खबरे शोसल मीडिया के साथ साथ मीडिया मे भी चर्चा बनी हुई थी। तब मदिरा प्रेमियो को लगा था कि अब विभाग कुछ बडा करेगा, लेकिन फिर सब टांय टांय फुस्स हो गया।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन के लिए समयसारिणी निर्धारित

**बहराइच।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन प्राप्त करने, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं के स्तर से अपेक्षित कार्यवाही हेतु समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। श्री गुप्त ने बताया कि सामान्य जाति के छात्र-छात्राएं 11 जनवरी 2025 तक रजिस्ट्रेशन एवं 15 जनवरी 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं 28 मार्च 2025 तक रजिस्ट्रेशन एवं 31 मार्च 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर-डाटाबेस तैयार करने का कार्य 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाना है। विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेंसी/ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि सत्यापन कार्य 06 जनवरी 2025 तक पूर्ण किया जायेगा।

# नशीले पदार्थों की तस्करी में संल्पित लोगों की बनाएं सूची

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम की अध्यक्षता में नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण ने भी बैठक में प्रतिभाग किया, अपर जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण से कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री व तस्करी में संलिप्त लोगों की सूची बनाकर प्रवर्तन टीम गठित की जाए, जिससे इन पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जा सके, सोशल मीडिया पर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे जन सामान्य में इसके प्रति जागरूकता पैदा हा सके, वहीं उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और औषधि निरीक्षक से कहा कि छापेमार कार्यवाही कर समस्त मेडिकल दुकानों में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कठोर कार्यवाही करें। बैठक के दौरान उन्होंने मनोरंजन कर अधिकारी एवं डिप्टी कमिश्नर जीएसटी को निर्देशित किया की समस्त सिनेमाघरों में एन.सी.ओ.आर.डी. संबंधित नशीले दवाओं एवं पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता हेतु वीडियो क्लिप्स् निरंतर चलाए जाएं, उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद के स्कूलों व कॉलेजों में नशा मुक्ति संबंधित गोष्ठियां, निबंध प्रतियोगिताएं एवं अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करें, जिला सूचना अधिकारी से कहा कि नशीले पदार्थों व नशीले दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से करना सुनिश्चित करें, वहीं समस्त उपजिलाधिकारियों को अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों के माध्यम से मलिन बस्तियों में रैलियां आयोजित कर नशा मुक्ति अभियान चलाएं साथ ही साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि जनपद के विद्यालयों में 100 मीटर के दायरे में आने वाले तंबाकू सिगरेट व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित हो।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**कुड़वार, सुलतानपुर।** विकास खंड कुड़वार स्थित दानिश एजुकेशनल ग्रूप विद्यालय में चार दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान वालीवाल, कबड्डी, खो खो, रस्सी कसी सैक रेस, बैलून, बैडमिंटन थ्री लेग रेस, बैलून रेस, हार्डल रेस, रन एंड वियर व अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। दानिश एजुकेशनल ग्रूप के निदेशक इंजीनियर मिर्जा दानिश वेग ने कहा कि खेल सप्ताह का आयोजन हमारे विद्यार्थियों के लिए एक अद्भुत अनुभव रहा। हमें उम्मीद है कि हमारे विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा उन्होंने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुद्दढ़ होते है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी।

### सातवें सामूहिक विवाह के साक्षी बनेंगे जिले वासी

**सुल्तानपुर।** शहर के कुड़वार नाका स्थित गायत्री मंदिर के निकट मिलन मैरिज लॉन में सातवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक सूरज कुमार कसौधन तथा ननका देवी ने बताया कि आगामी एक दिसंबर 2024 रविवार को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर यात्रा निकल जाएगी। जिले के सम्मानित नागरिकों की मौजूदगी में वर यात्रा मिलन मैरिज लॉन से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी , चौक, शाहगंज, डाकखाना चौराहा, जीएन रोड, जिला अस्पताल के सामने से होकर गुजरेगी। किसान माचिस के मशहूर व्यापारी और वरिष्ठ समाजसेवी सूरज नरायन कसौंधन ने बताया कि दोपहर एक बजे से अपराह्न चार बजे तक स्वागत बारात एवम कन्यादान का कार्यक्रम आहूत है। तथा शाम छह बजे शहर के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों की मौजूदगी में जोड़ों की विदाई की जाएगी।

### वांछित हिस्ट्रीशीटर पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त थाना रसूलपुर का एचएस- 107ए हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर में करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 375/24 धारा 87/69 बीएनएस0 थाना रसूलपुर में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शेखर पुत्र दत्त सिह निवासी हाथी वाली गली थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को शान्ति नगर बिजली घर के पास से गिफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मोहम्मदाबाद तालाब किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद के पास स्थित एक तालाब के निकट अज्ञात युवक का सब मिला है जिसकी हत्या धारदार हथियार से की गई है शब को जलाने का प्रयास भी किया गया है सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना का जायजा लिया। गांव मोहम्मदाबाद के निकट तालाब के किनारे शनिवार की सुबह जब कुछ लोग शौंच करने गए तो उन्हें तालाब के पास में एक शब पड़ा दिखाई दिया इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो वहां देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए किसी ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंजीश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां उनको एक जला हुआ शब पड़ा दिखाई दिया इसकी जानकारी उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दी कुछ ही समय में एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद और फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और घटना का मुआयना किया शब की पहचान ना हो सके इसलिए हत्यारों ने उसको जलाने का प्रयास किया है शव चारों तरफ से बोरों से लिपटा हुआ था जिसमें धुआं उठ रहा था इससे प्रतीत होता है के युवक की हत्या शनिवार की सुबह ही की गई होगी शव पूरी तरह नंगा था मृतक के कपड़े घटनास्थल के निकट ही कुछ दूरी पर आलू के खेत में पड़े मिले पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु फिरोजाबाद भेजा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहः 202 कन्याओं की हुई शादी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत बहराइच नगर स्थित गेंदघर प्रांगण व गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की अल्पसंख्यक समुदाय की 40 सहित कुल 202 विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रमों की बड़ी विशेषता यह रही कि महिला ब्राम्हणों ने सम्पूर्ण मंत्रोचार के साथ पूर्ण विधि-विधान के साथ हिन्दू समुदाय के जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया। सामूहिक विवाह समारोह के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, परिजनों व ईष्टमित्रों ने नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल ज़िन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए। उल्लेखनीय है कि यह महत्वाकांक्षी योजना प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि प्रदेश की गरीब बेटियों के हाथ पीले करने का सपना सच हो रहा है। गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे नवविवाहित जोड़ों को 01-01 अदद प्रेशर कुकर, परात, बाल्टी, कड़ाही, जंगाल, श्रृंगारदानी सेट, वर-वधू को वस्त्र सेट, ट्राली बैग, दीवाल घड़ी, पगड़ी, डिनर सेट, एक जोड़ी चॉदी पायल व 04 अदद चॉदी की बिछिया उपहार स्वरूप भेंट किया गया। नगर स्थित गेंदघर मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड रिसिया के 06, चित्तौरा के 31, फखरपुर के 14, नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्र के 31, नगर पंचायत कैसरगंज व जरवल के 01-01 तथा ब्लाक जरवल के 06 कुल 90 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें 36 जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे। नव विवाहित जोड़ों को पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल, एमएलसी पदमसेन चौधरी के प्रतिनिधि परमार्थसेन चौधरी, डीडीओ राज कुमार, ईओ बहराइच प्रमिता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, बीडीओ फखरपुर, चित्तौरा, रिसिया सहित सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य व

# गांव के सर्वांगीण विकास में पंचायत अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

- शासन की मंशा के अनुसार करायें गांव का कायाकल्प

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 14 नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी के साथ विभिन्न आयोगों के माध्यम से सरकारी विभागों में चयन प्रक्रिया संपन्न करा रही है, प्रदेश के चयन प्रक्रिया की प्रशंसा न सिर्फ प्रदेश में बल्कि पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पूरी ईमानदारी से नियुक्तियां, भार्तियां हो रही हैं, योग्यता को सम्मान मिल रहा है, अगड़ा-पिछड़ा, सामान्य वर्ग, दलित, राजनैतिक भेद-भाव किसी के साथ नहीं हो रहे है, केवल योग्यता, दक्षता के आधार पर नौकरियां मिल रही है, आज के युवाओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भरोसा है, सरकार के ऊपर विश्वसनीयता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नव-नियुक्त पंचायत सचिवों को गांव के विकास का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है, आपको ग्रामीण क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभानी है, संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों के दरवाजे तक पहुंचाना है, संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता सुनिश्चित करानी है, आपको ईमानदारी के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन कर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार गांव का कायाकल्प कराना है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के दल-दल में न फंसे बल्कि ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, गरीब के साथ न्याय करें, आप सब गांव की सरकार के एक्जीक्यूटिव अफसर हैं, आपके ऊपर गांव के विकास का जिम्मा है, आप जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ निभाएं। उन्होने कहा कि केन्द्र-प्रदेश सरकार बिना भेद-भाव के समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रयत्नशील है, देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में विकास के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी देश-प्रदेश समृद्ध हो रहा है, गांव से लेकर शहरों के विकास के फलस्वरूप जल्द ही हमारा देश विकसित भारत से विकासशील देश की श्रेणी में होगा और हमारा देश विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार की जड़ नीचे से ही मजबूत होती है, पिछली सरकार और वर्तमान सरकार की तुलनात्मक नियुक्तियों के बारे में फर्क साफ दिखाई देता है, पूर्व की सरकारों में नकल करने वाले छात्र मेरिट के आधार पर चयनित होते थे, भ्रष्टाचार वहीं से शुरू होता था।

## कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी हुए सेवा निवृत्त

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले प्रशासनिक अधिकारी वीरेन्द्र को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए 37 वर्ष सम्मानजनक ढंग से शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होनें कहा कि श्री वीरेन्द्र का लम्बा सफल एवं लम्बा कार्यकाल हमें पूरे अनुशासन और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। डीएम ने सेवानिवृत्त अधिकारी को शेष सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए अपर जिला अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल ने शेष सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए मौजूद दूसरे कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि वे सेवानिवृत्त अधिकारी से प्रेरणा प्राप्त कर अच्छे से अच्छा कार्य करने का प्रयास करें।

# 77117 बच्चों की करायी गयी आंकलन परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जनपद के 1830 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय (1-8)/ के0जी0बी0वी0 में अध्ययनरत् कक्षा 4 से 8 तक के कुल 77117 बच्चों का ''परख एप'' के माध्यम से आकलन /परीक्षा सम्पन्न करायी गयी, जिसमें 75009 (97.27:) छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त परीक्षा में छात्र-छात्राओं की औसत उपस्थिति 97.27 प्रतिशत रही, जिसमें सर्वाधिक उपस्थिति विकास खण्ड अरॉव में 99.83 प्रतिशत, एका में 98.77 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 98.17 प्रतिशत व सबसे कम उपस्थिति नगर क्षेत्र शिकोहाबाद में 84.21 प्रतिशत व विकास खण्ड शिकोहाबाद में 94.51 प्रतिशत रही। परीक्षा के सफल संचालन, नकलविहीन व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा 56 जनपद/ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व 72 पंचायती राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारियों की अनुश्रवण हेतु ड्यूटी लगायी गयी। जनपद स्तर हेतु गठित सचल दल के सदस्यों उप-प्राचार्य डायट, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों व जिला समन्वयकों द्वारा विद्यालयों का अनुश्रवण/ पर्यवेक्षण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड खैगरढ़ के प्रा0वि0 बिल्टीगढ़-1 व 2, उ0प्रा0वि0 (1-8) घुनपई व सन्दलपुर का निरीक्षण किया गया, जिसमें परीक्षा सुचारू रूप से संचालित पायी गयी। समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों व डायट मेण्टर्स द्वारा भी विद्यालयों का अनुश्रवण/ पर्यवेक्षण किया गया।

उत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र–1

संख्याः 2024–ए.एम.वी– सी एंड डब्लू–ईनिविदा–32 दिनांक 28.11.2024

विषयः निविदा प्रपत्र संख्या 2024-ए.एम.वी- सी एंड डबलू-ईनिविदा-32 का शुद्धि पत्र।

सन्दर्भः निविदा सूचना संख्या 2024-ए.एम.वी- सी एंड डबलू-ईनिविदा-32 दिनांक 21.11.2024 खुलने की तिथि 16.12.2024

कार्य का नामः एल.एच.बी. कोच बोगी कनेक्शन ओपनिंग, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ एयर प्रेशर पाइप्स इन एल.एच.बी. एन्ड हाइब्रिड कोचेस, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ फूटस्टेप ऑफ एल.एच.बी. एन्ड आई.सी.एफ. कोचेज, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ स्क्रू कपलिंग अलोंग विथ इट्स कंपोनेंट्स एन्ड सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एल.एच.बी. टूल्स।

| S. No. | Clause | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Number | 2024-AMV-C and W-Etender-32 | 2024-AMV-C and W-Etender-34 |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है। 3700/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2024 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 13402024 दिनांक 29.11.2024 | | | |
| 2 | कार्य का नाम | 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर रायबरैली के अनुभाग में सीटीआर (एस) = 1.238 टीकेएम, टीआरआर (एस) = 8.207 टीकेएम, टीएसआर (एस) = 15.936 टीकेएम और टीबीआर = 4.253 टीकेएम का कार्य। | | |
| | | 2 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अनुभाग में सीटीआर(एस) = 5.839 टीकेएम, टीएफआर = 102.612 टीकेएम और टीबीआर = 10.196 टीकेएम का कार्य। | | |
| 3 | अनुमानित लागत | 1 | Rs. 3,68,80,729.26 | 2 | Rs. 3,28,45,763.01 |
| 4 | धरोहर राशि | 1 | Rs. 3,34,400.00 | 2 | Rs. 3,14,200.00 |
| 5 | कार्य समापन की अवधि | 1 | स्वीकृत पत्र की तिथि से 10 माह | | |
| | | 2 | स्वीकृत पत्र की तिथि से 10 माह | | |
| 6 | निविदा डालने का प्रारंभ | 09.12.2024 | | | |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.12.2024, 15:00 बजे | | | |
| 8 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3699/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खेल खेलने का जज्बा ही आपको खिलाड़ी बनाता है: नवदीप

- पढ़ाई के साथ खेलकर आप अपने देश का नाम रोशन कर सकते: अजीत
- दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल दिवस पर आये थे नवदीप और अजीत सिंह

वहाज अली निहाल



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शनिवार को पधारे पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और अजीत सिंह के स्कूल आगमन पर स्कूल के बैंड ने मार्च पास्ट के साथ जोरदार स्वागत कर उनकी अगवानी की। विद्यालय परिसर में उपस्थित अभिभावकों की भीड़ ने दोनो ही खिलाड़ियों का तालियां बजाकर हाथ हिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया तो दोनो खिलाड़ियों ने भी भी स्कूल के भव्य मंच से हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। एसएमजीआई एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने दौनो पैरालंपियन खिलाड़ियों का पूरे डीपीएस परिवार की तरफ से स्वागत करते हुए कहा कि, आज आपके विद्यालय आगमन से हम बेहद ही गौरवान्वित है। स्कूल की विशिष्ट उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, मुझे बेहद ही खुशी है कि, हाल ही मैं CBSàß खेलो इंडिया गेम्स में हमारे विद्यालय के बच्चों ने 60 मेडल जीते है और मुझे पूरी उम्मीद भी है कि, इन्हीं बच्चों में से कोई बच्चा 2036 में भी भारत में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में भी जरूर प्रतिभाग करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे की सफलता भी तभी पूर्ण मानी जाती है जब दुनियां में आपके माता पिता आपके नाम से पहचाने जाते है। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मंच से दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ जिसके बाद विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और इसी क्रम में सीनियर गर्ल्स ने शानदार ग्रुप डांस प्रस्तुत करते हुए गणेश वंदना, शिव तांडव, हरे राम हरे कृष्ण एवम स्वेग से करेंगे सबका स्वागत पर सबकी तालियां बटोरी। अन्य प्रस्तुतियों में खेलों इंडिया खेलो, शाबाशियां, स्पोर्ट्स ट्रिब्यूट पर बच्चों ने अपनी बेहद शानदार प्रस्तुति दी। अगले क्रम में ताईक्वांडों का भी डिमोंस्ट्रेशन हुआ और मुख्य अतिथियों द्वारा टॉर्च सेरेमनी के साथ खेलों की भव्य शुरुवात की गई। बच्चों द्वारा विभिन्न हाउस के माध्यम से बेहद ही अनुशासित मार्च पास्ट के साथ अतिथियो को सलामी भी दी गई। अगले क्रम में फ्लैग होस्टिंग दिल्ली पब्लिक स्कूल के सॉन्ग के साथ संपन्न हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने पुरुस्कार वितरण में खेल के विभिन्न विजेता बच्चों को मंच से सम्मानित किया और बच्चों को खेल से संबंधित जरूरी टिप्स भी दिए। मुख्य अतिथि रहे पेरिस, 24 ओलंपिक के गोल्ड मेडल विजेता पैरालंपियन खिलाड़ी नवदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि, 2036 में भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करेगा इसलिए तैयार रहिए और पूरे मनोयोग से खेलिए बस आपके अंदर खेल खेलने और जीतने का जज्बा जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि, जब जीतने के बाद आपके पीछे भारत देश का तिरंगा झंडा लगा होगा तो आपको और आपके माता पिता को बेहद ही खुशी होगी। इसी क्रम में जनपद इटावा के मूल निवासी पेरिस 24 ओलंपिक के सिल्वर मेडल विजेता पैरालंपियन खिलाड़ी अजीत सिंह ने कहा कि, इटावा में भी बेहतरीन खेल प्रतिभाएं मौजूद है डीपीएस, इटावा भी ऐसी ही प्रतिभाओं को एक बेहतर मौका दे रहा है। मैं चाहता हूं कि, हमारे इटावा से भी 2036 में भी कोई न कोई खिलाड़ी मेडल लेकर अवश्य आए उन्होंने सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को पूरा सपोर्ट करने की अपील की। इसी के साथ अतिथियों द्वारा खेलों के शुभारंभ की आधिकारिक घोषणा करते हुए सभी खिलाड़ियों को अनुशासन और आपसी प्रेम सद्भाव की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसएमजीआई, डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरपर्सन डॉ.प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह, सीबी एसई सिटी कोर्डिनेटर प्रिंसिपल संत विवेकानंद डॉ आनंद, प्रबंध निदेशक मदन हॉस्पिटल डॉ विकास यादव, डायरेक्टर फार्मेसी कालेज डॉ उमाशंकर शर्मा, निदेशक नर्सिंग कालेज डॉ शशि शेखर त्रिपाठी, संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी भिंड की निदेशक डॉ गीता रूडी, डीपीएस एडमिन डॉ सीमा त्रिपाठी, एसएमजीआई के रजिस्ट्रार परविंदर सिंह सहित एसएमजीआई के सभी स्कूलों और कॉलेजों के डायरेक्टर , प्रधानाचार्य साहित इटावा सहोदय स्कूलों के प्रिंसिपल और विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का जबरदस्त अभिवादन किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा वेंडर डेवलपमेंट मीट 2024 का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना ने 29 नवम्बर 2024 को अपने वेंडर समुदाय के साथ सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से वेंडर डेवलपमेंट मीट 2024 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय एमएसएमई वेंडर्स के लिए विशेष वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम था। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय प्रशासनिक भवन ऑडिटोरियम में हुआ, जिसमें विभिन्न सरकारी संगठनों और मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह मीट एनटीपीसी सिंगरौली की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है कि वह अपने वेंडर्स के साथ मजबूत, समावेशी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और एनटीपीसी गीत से हुआ। इसके बाद विनायक कुमार बंसोड, विभागाध्यक्ष सी.एंड.एम ने उपस्थित सभी जनों को कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। तत्पश्चात् कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर एल. के. बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना, तथा जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक, ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस ने उद्घाटन संबोधन दिया जिसमें उन्होने सभा में उपस्थित सभी जनों को एक साथ मिलकर आगे बढ़ कर राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वेंडर्स के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें एमएसएमई, एस.सी./एस.टी. और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित लाभ शामिल थे। खासतौर पर, एमएसएमई विभाग, सरकारी एस.सी./ एस.टी. हब, एनएसआईसी, और एनटीपीसी की विभिन्न पोर्टल्स के बारे में जानकारी दी गई। इस औपचारिक बैठक में एनटीपीसी पेमेंट पोर्टल का परिचय, ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म का परिचय, जेपनिक पोर्टल की जानकारी, तथा जेम पोर्टल (गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस) का परिचय आदि मुख्य प्रस्तुतियों के रूप में तमाम उपस्थित वेंडर्स के साथ साझा की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य वेंडर्स को उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं और पोर्टल्स के बारे में जागरूक कराना था। इस दौरान एमएसएमई कार्यालय, वाराणसी से आए सहायक संचालक के रूप में श्री राजेश चौधरी व वीरेंद्र राणा ने एमएसएमई और एस.सी./ एस.टी. वर्ग के उद्यमियों के लिए विशेष योजनाओं पर प्रकाश डाला और उन्हें लाभ उठाने के तरीके बताये। कार्यक्रम के अंत में खुली चर्चा (ओपेन डिस्कशन) की गई, जहाँ वेंडर्स ने अपने सवाल पूछे और अधिकारियों से जवाब प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन विनायक कुमार बंसोड, विभागाध्यक्ष सी.एंड.एम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, और सभी उपस्थित गणमान्य अधिकारियों और वेंडर्स के लिए लंच की व्यवस्था की गई।

# यातायात माह नवंबर 2024 का समापन

- इस वर्ष सड़क दुर्घटना में कमी आई है: एस एस पी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में यातायात माह नवम्बर 2024 के समापन कार्यक्रम में पहुंचकर द्वीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। क्रार्यक्रम के प्रारम्भ में राष्ट्रगान का गायन किया गया। यातायात माह के दौरान जन-जागरुकता कार्यक्रम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने वाले अधिकारी/ कर्म0गणों को सम्मानित किया गया तथा रंगा-रंग कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही थी लेकिन इटावा पुलिस के सहयोग से विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सडक दुर्घटना में कमी आयी है साथ ही बताया कि यातायात दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर वाहन चलायें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करे और वाहन संबंधी सभी पेपर रखे। टैम्पों चालक ओवर लोड सवारियां न भरें। वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें साथ ही बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम सामाप्त के बाद सभी लोगो द्वारा राष्ट्रगान का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री सुबोध गौतम एवं समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में महिला गंभीर, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** बीते डेढ सप्ताह बाद सड़क हादसे में घायल महिला का जहां कानपुर में इलाज चल रहा है तो वहीं महिला के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाईक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी मोहम्मद मुर्तजा पुत्र मोहम्मद मुस्तफा ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 19 नवम्बर को उसकी मां सलमा शेखचांद बाबा के मजार से घर लौट रही थी तभी तेजरफ्तार बाईक सवार यूपी 78एचसी 6552 ने लापरवाही से चलाते हुए पेट्रोल पंप के निकट उसकी मां को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल, फिर सदर अस्पताल और अब कानपुर में इलाज चल रहा है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पान कुंवर में सीबीएसई द्वारा स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को सीबीएसई द्वारा शिक्षकों के लिए स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में शिक्षकों को स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। सीबीएसई द्वारा इस सेमिनार के लिए लखनऊ से मैडम मांडवी त्रिपाठी और हेमा कालाकोटी को बतौर रिसोर्स पर्सन नियुक्त किया गया। उन्होंने प्रभावशाली तरीके से अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। सीबीएसई डीटीसी, डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने भी इस सेमिनार में भाग लिया और रिसोर्स पर्सन द्वारा दिए गए प्रभावशाली प्रशिक्षण के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, सीबीएसई अपने शिक्षकों को विभिन्न विषयों पर समय-समय पर ट्रेनिंग देकर उन्हें अपडेट रखने का हर संभव प्रयास करता है। शिक्षकों ने इस सेमिनार को अत्यंत उपयोगी बताया और रिसोर्स पर्सन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने व्यावहारिक और प्रासंगिक जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही, बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आयोजनकर्ता डॉ. कैलाश चंद्र यादव का धन्यवाद किया। सेमिनार को सफल बनाने में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के समस्त परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## किसान यूनियन की मांगों में छाया रहा खाद बीज का मुद्दा

**मौदहा हमीरपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जिसमें किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है।जिसे तहसील के अधिवक्ताओं का पूरा समर्थन मिला और वकील स्वयं प्रदर्शन में शामिल हो गए। गैर राजनीतिक संगठन भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में लगभग एक सैकड़ा किसानों ने उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में आगामी नौ दिसम्बर को होने वाली किसान पंचायत को तहसील परिसर में जगह उपलब्ध कराने के साथ ही किसानों को खाद, बीज उपलब्ध कराने, नहरों में टेल और माईनरों तक पानी पहुंचाने कम से कम बीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सहित तहसील में खसरा और खतौनी शुल्क का ब्योरा विण्डो पर चस्पा करने और मौदहा सब्जी मंडी में किसानों से की जाने वाली अवैध वसूली रोकने की मांग की है।

## खाद के बाद अब बीज के लिए लगी लाईनें

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** अभी तक खाद के लिए लम्बी लाईनें अखबारों की सुर्खियां बन रही थीं लेकिन अब बीज लेने के लिए भी किसानों को लाईनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। कस्बे के भारत संचार निगम लिमिटेड के आफिस के बगल में बने सरकारी बीज खरीद केंद्र में सुबह से ही किसानों की लम्बी लाईनें लगने लगी है।हालांकि इस दौरान सबसे अधिक मांग गेहूं के बीज की चल रही है। इस सम्बंध में केंद्र प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मटर, मसूर और गेहूं का बीज उपलब्ध है लेकिन गेहूं के डीज की मांग अधिक है जिसके चलते किसानों को एक बोरी जो चालीस किलो की है दी जा रही है जिसे जैविक कल्चर मिलाकर एक हजार रुपये में दिया जा रहा है क्योंकि जैविक कल्चर खाद की कमी को काफी हद तक पूरी करने का काम करता है।बताते चलें कि गेहूं का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण किसान सरकारी बीज भण्डारण से बीज खरीद रहे हैं जिसके चलते बीज भण्डार में किसानों की भीड़ बढ़ रही है।

# नुक्कड़ नाटक ने विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन में रचनात्मकता और शिक्षा को उजागर



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** नवप्रवर्तन और ज्ञानार्जन पर केंद्रित मासिक कोर वैल्यू को मनाने के भाग के रूप में, भारत के सबसे बड़े थर्मल पावर स्टेशन विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन के रोज़ गार्डेन में एक बेहतरीन ÷नुक्कड़ नाटक÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने विभिन्न कार्यों में नवाचार और शिक्षा को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। नुक्कड़ नाटक में 8 टीमों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई, जिसमें लगभग 60 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। ये टीमें विभिन्न विभागों जैसे प्रचालन, ईएमडी, सुरक्षा, सी एंड आई, अस्पताल, ईईएमजी और अन्य का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। कार्यक्रम का विषय ÷प्लांट गतिविधियों से सीखना÷ था, जिसे प्रभावी रूप से आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से व्यक्त किया गया। प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया और प्लांट परिसर के भीतर सुरक्षा और दक्षता के बारे में महत्वपूर्ण संदेश दिए। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख ई सत्य फनी कुमार (कार्यकारी निदेशक), डॉ. बी. सी. चतुर्वेदी (मुख्य महाप्रबंधक-मेडिकल), संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक-प्रचा. एवं अनु.), राजशेखर पाला (महाप्रबंधक-प्रचा.) ए. जे. राजकुमार (महाप्रबंधक-अनुरक्षण और राख प्रबंधन), अतिन कुंडू (महाप्रबंधक-प्रोजेक्ट) डी. के. अग्रवाल (महाप्रबंधक-सी एंड एम) राकेश अरोड़ा (मा.सं. प्रमुख) और विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही। उनके उत्साहवर्धन और समर्थन ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को प्रेरित किया और इस अवसर को महत्वपूर्ण बना दिया। कोर वैल्यू चैम्पियन सुमन कुमार सिंह (एजीएम, प्रचा.) के मार्गदर्शन में और अनिल कुमार तिवारी (डीजीएम, प्रचा.) के समर्थन से इस कार्यक्रम ने ठेका श्रमिकों को रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को जोड़ने का अनोखा अवसर प्रदान किया। एस. एस. चमका, बी. जनार्दन और राज भारती की विशेष कोशिशों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर प्रतिभागी को मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनकी उत्साही भागीदारी, प्रयास और रचनात्मक कहानी सुनाने के लिए सराहा गया, जिससे यह कार्यक्रम एक यादगार शिक्षा अनुभव बन गया। कार्यक्रम का समापन सुमन कुमार सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया, जिसमें उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों, दर्शकों और आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। यह पहल नवाचार और शिक्षा को एक साथ मिलाकर कार्यस्थल पर सुरक्षा और दक्षता की भावना को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट उदाहरण था।

# कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 04 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं कृष्ण जी श्रीवास्तव, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), जगत पाल राम, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), परमानंद वर्मा, अधिकारी/ एसएलपीएस (रसायन) एवं अमर सिंह, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### नौ जुआरी चढे पुलिस के हत्थे

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में सजने वाले जुए के फड़ो पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है जिसके चलते पुलिस ने नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कस्बे के बांदा बस स्टैंड के निकट लम्बे समय से जुए के फड़ चल रहे थे जिसपर शुक्रवार शाम कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर मोहम्मद साबिर, बिल्लू, मोहम्मद अरशद,याकूब अहमद, रईस,कमरुद्दीन, इमरान,समीर और नौशाद को गिरफ्तार किया है बाकी जुआरी मौके से भागने में सफल हो गए।पकड़े गए जुआरियों के पास से जामा तलाशी और मालफड़ सहित लगभग पच्चीस हजार रुपये से अधिक बरामद कर सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### नाबालिग को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** घर में अकेली नाबालिग को गांव का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया, पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी बबलू पुत्र तिजोला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते दो दिन पहले वह जरूरी काम से खन्ना गया था और गहबरा चौकी में उसकी नाबालिग पुत्री रोहिणी अकेले था तभी रीवन निवासी रवि पुत्र लक्ष्मण उसकी झुग्गी में आ गया और उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया।पीड़ित ने बताया कि रिश्तेदारी में सभी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम छानी बुजुर्ग निवासी दौलत सिंह पुत्र कल्याण सिंह ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात गांव के अभय सिंह,रामसिंह और उनका जीजा करीब दो बजे रात में उसके घर आ गए और दरवाजा तोड़ दिया तथा गाली गलौज और उसके साथ में परिजनों से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति को बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। जनपद में सही ढंग से कार्य न करने वाली /निष्क्रिय 21 आशाओं को जिलाधिकारी ने बर्खास्त करने /हटाने के निर्देश दिए। कहा कि इस प्रकार के अन्य कार्मिकों का भी चिन्हांकन कर उन पर भी कार्यवाही किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में शिथिलता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में जो भी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं उनसे संबंधित बोर्ड अस्पताल परिसर में लगवाए जाए तथा उसमें यह भी अंकित किया जाए कि यदि किसी के द्वारा उक्त सेवाओं के लिए पैसा आदि की मांग की जा रही है तो वह मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं यथा शत प्रतिशत टीकाकरण, कुपोषण मुक्त जिला , एनीमिया उन्मूलन आदि के लिए एक व्यापक प्लान बनाकर उसके अनुसार कार्य किया जाए तथा इन पैरामीटर में शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित किया जाय। सभी एमओआईसी द्वारा प्रत्येक माह आशा,एएनएम आदि के साथ बैठक कर उनको विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में प्रत्येक माह का लक्ष्य दिया जाय तथा उनके कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना ,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेगनेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग, संस्थागत प्रसव आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि मां एवं नवजात ट्रैकिंग पोर्टल पर शत प्रतिशत डेटा फीड किया जाय। शत प्रतिशत जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाय। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया न हो इसके लिए नियमित रूप से आयरन की दवाई दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यो /विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए। गर्भवती महिलाओं ,बच्चों के टीकाकरण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर माइक्रोप्लान बनाकर 15 दिसम्बर तक शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए।

## बेरोजगारों को लूट कर अमीर बन रहे कबूतरबाज

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय बढ़ती बेरोजगारी का लाभ उठाकर कबूतरबाज बेरोजगारों का शोषण कर रातोंरात अमीर बन रहे हैं, जबकि बेरोजगार युवक इनके माध्यम से विदेशों में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतरबाजों का इतना मजबूत नेटवर्क फैला हुआ है कि जैसे ही उनके पासपोर्ट की जांच कोतवाली में आती है इन कबूतरबाजों को उस युवक की जानकारी हो जाती है।और फिर यह कबूतरबाज अपने गुर्गो के माध्यम से बेरोजगार युवकों को अपने जाल में फंसाने का काम शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं बेरोजगार युवक का पासपोर्ट आते ही कबूतरबाज विदेशों में अच्छी नौकरी का झांसा देकर इनका पासपोर्ट और लम्बी थक्रम जमा करा लेते हैं उसके बाद कभी मेडिकल तो कभी इण्टर व्यू के नामपर देश के कोने कोने में घुमाने के बाद कहीं जाकर विदेश तो भेज देते हैं लेकिन जब बेरोजगार युवकों को विदेशों में एग्रीमेंट के आधार पर नौकरी, वेतन और सुविधाएं नहीं मिलती हैं तो वह बेरोजगार युवक इनसे सम्पर्क करते हैं जिसके बाद फिर से घर वापसी के नाम पर लाखों रुपये लिए जाते हैं।

# सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को डाला के रामलीला मैदान में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने आयोजित समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर हम सभी यहां कुछ सुनने व जाने के लिए आये हैं, कुछ लोग आत्मसात भी करेंगे, किन्तु जैसे ही लोग रोड पर जाते हैं गाड़ी की स्पीड बढ़ जाती है जिस कारण आये दिन दुर्घटना की घटना भी सुनने को मिलता रहता है, इसलिए हम सभी को इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि हम यातायात नियमों का पालन करें, यात्रा निर्धारित समय से 10 मिनट पहले आरंभ कर दें, जिससे कि ओवर स्पीड में गाड़ी को चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी आप निर्धारित समय में कार्यालय, बस व रेलवे स्टेशन व हेलीपैड पर पहुंच सकेंगें, उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों के पालन हेतु विद्यालयों में बच्चों को प्रार्थना के समय बच्चों को यातायात नियमों के पालन करने की जानकारी दी जाये, युवा वर्ग के बच्चों को हाईस्पीड में गाड़ी चलाने की विशेष रूचि रहती है, जिससे कि ज्यादातर दुर्घटनाओं में युवा वर्ग ही घायल होते हैं, इसलिए विद्यालयों में यातायात नियमों के पालन के प्रति विशेष जानकारी दी जाये, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, नशे की हालत में वाहन कदापि न चलायें, नशे की हालत में वाहन चलाने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, दुर्घटना होने पर एक पक्ष ही नहीं बल्कि दोनों पक्ष दुर्घटना के आगोश में आ जाते हैं, यातायात नियमों के पालन हेतु लोगों में भी जागरूकता पैदा की जाये, जिससे लोग यातायात नियमों का पालन खुद करने के साथ ही आम जनता को भी जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित कर सकें।

## डीएम ने इंको प्वाइंट का किये औचक निरीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज पर्यटन विकास के मद्देनजर इंको प्वाइंट का स्थलीय निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इंको प्वाइंट पर हो रहे निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो मौके पर निर्माण व मरम्मत का कार्य नहीं हो रहा था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता आर.ई.डी. को निर्देशित करते हुए कहा कि इंको प्वाइंट के निर्माण व मरम्मत का कार्य को अति शीघ्र व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पर्यटन विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए इंको प्वाइंट को पर्यटन के रूप में विकसित करते हुए पर्यटको को आकर्षित करने के साथ ही जिले के वन, पहाड़ तथा सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का विकास कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन चुका है यू.पी.



- सीएम ने किया 209 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास
- 1068 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 85 भूखंडों का आवंटन, पांच निवेशकों को सीएम के हाथों मिला आवंटन प्रमाण पत्र
- दो दिवसीय ट्रेड शो का सीएम ने किया उद्घाटन, कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को दिए सर्टिफिकेट
- निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का सीएम के हाथों हुआ शुभारंभसब
- मुख्यमंत्री ने दस निवेशकों को 300 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया
- डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार की गारंटी

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया, गुंडाराज और भ्रष्टाचार पर किए गए प्रहार का ही परिणाम है कि आज यहां खूब निवेश तो आ ही रहा है, युवाओं के लिए रोजगार भी लगातार बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देकर निवेश प्राप्त करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। यूपी में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन चुका है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 35वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह में मुख्यमंत्री ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 209 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 85 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। गीडा स्थित नाइलिट कैम्पस से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ किया। साथ ही प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत दस निवेशकों को कुल 300 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव का प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। समारोह के दौरान सीएम ने गीडा में आयोजित दो दिवसीय ट्रेड शो का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (कारोबारी सुगमता), शानदार रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी और उद्योगों की मांग के अनुरूप सुदृढ़ लैंड बैंक के चलते आज प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर निवेश के धरातल पर उतरने का मतलब है डेढ़ करोड़ (एक सौ पचास लाख) नौजवानों को रोजगार की गारंटी। उन्होंने कहा कि यूपी के हर जिले में बेहतरीन माहौल बना है। प्रदेश में लगातार निवेश आ रहा है। यह सब सार्थक प्रयासों से संभव हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश ने 2028-29 तक एक ट्रिलियन डॉलर योगदान देने का संकल्प लिया है।

इस संकल्प को पूरा करने के लिए विकास, रोजगार और निवेश भी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य या उद्योग किसी भी क्षेत्र में किया गया निवेश महत्वपूर्ण है। पूंजी छोटी-बड़ी हो सकती है लेकिन प्रदेश सरकार निवेश का साहस करने वाले सभी निवेशकों का अभिनंदन करती है। उन्होंने कहा कि हर निवेश विकास का एक मॉडल है।

### पूर्वी यूपी के विकास का प्रमुख स्तम्भ बनकर उभरा गीडा

सीएम योगी ने कहा कि आज गीडा पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का प्रमुख स्तम्भ बनकर उभरा है। पहले यहां उद्योगों के लिए जमीन नहीं मिलती था, आज 800 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और 5500 एकड़ में धुरियापार का औद्योगिक कॉरिडोर बन रहा है। विस्तृत लैंड बैंक, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और शानदार कनेक्टिविटी के साथ यहां निवेश का बेहतरीन माहौल बन गया है। उन्होंने इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड, गैलेंट समूह, अंकुर उद्योग, वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरी, ज्ञान डेयरी, तत्वा प्लास्टिक आदि उद्योगों का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां पहले कोई निवेश नहीं करना चाहता था, वहां आज निवेश की झड़ी लग गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए गीडा में नाइलिट का सेंटर भी चल रहा है।

### झांसी-बुंदेलखंड में बना रहे 36 हजार एकड़ का इंडस्ट्रियल टाउनशिप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में उद्योग अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा तक ही सीमित नहीं रह गए। हर जिले में उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने बताया कि झांसी-बुंदेलखंड में सरकार नोएडा की तर्ज पर 36 हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बना रही है। कल्पना करिए कि इससे कितने लाख युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि वो दिन लद गए जब यूपी का नौजवान नौकरी के लिए देश और दुनिया का बाजारों में जाता था। अब उसके सामने पहचान का कोई संकट नहीं है, अब उसे घर के समीप ही रोजगार और नौकरी मिल रही है।

### यूपी के औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के शिल्पकार हैं सीएम योगी: नंदी



गीडा के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के सूत्रधार व शिल्पकार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम सभी ने उत्तर प्रदेश को बदहाली के अतीत से खुशहाली के नए दौर में प्रवेश करते देखा है। श्री नंदी ने कहा कि सीएम योगी की अगुवाई में समाज का प्रत्येक वर्ग, जनपद परिवर्तन का साक्षी बना है। आज उनके मार्गदर्शन में यूपी की पहचान उस संगम के रूप में हुई है जहां सांस्कृतिक, आर्थिक और औद्योगिक प्रगति का मिलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के सतत मार्गदर्शन में गीडा औद्योगिक विकास के पथ पर बढ़ते हुए नित नई उपलब्धियों को हासिल कर रहा है।

# भाजपा सरकार पर अत्याचार का लगाया आरोप

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर अत्याचार का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने एक बयान में कहा कि एक पुलिस अधिकारी की भाषा में ब्राह्मणों के प्रति जो दुर्भावना है वह भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार की मंशा दिखाती है। भाजपा सरकार में जाति विशेष के लोगों को छोड़ कर जिस तरह का रवैया प्रदेश के दूसरे लोगों के साथ अपनाया जा रहा है वह बिल्कुल सामने है। प्रदेश में ब्राह्मणों को निशाना बना कर मारा जा रहा है और हत्याएं हो रही हैं। सरकार अपराधियों को बचा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन ब्राह्मणों ने भाजपा को वोट दिया आज उन्हीं ब्राह्मणों पर सत्ता में बैठे भाजपाई लोग अत्याचार कर रहे हैं।

# भगवान बुद्ध के उपदेश आज भी विश्व शांति के लिए और अधिक प्रसांगिक है: केशव मौर्य

- भगवान बुद्ध के शांति का मार्ग आज भी दुनिया को प्रेरणा दे रहा
- भगवान बुद्ध ने हमेशा अपने संदेशों में शांति का मार्ग अपनाने पर जोर दिया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश शांति का मार्ग अपनाने पर जोर देते हैं, उनके उपदेश आज की तनावभरी जिंदगी तथा विश्व शांति के लिए और अधिक प्रसांगिक है।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री न केवल शांति का संदेश दे रहे हैं बल्कि उस पर अमल भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया ने युद्ध दिया और भारत ने बुद्ध दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जहां तथागत के शिष्य होंगे वहां शांति होगी, विपश्यना होगी। उन्होंने कहा, प्रत्येक परिवार में भगवान बुद्ध का एक अनुयायी होना चाहिए। अगर शांति, विकास, रोजगार चाहिए तो बुद्धं शरणं से उत्तम कोई दूसरा मार्ग नहीं है। केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को लखनऊ की ग्राम पंचायत मवई पड़ियाना स्थित शाक्यमुनि बुद्ध विहार एवं भिक्षु प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित श्रामेरण प्रशिक्षण शिविर एवं धम्म देशना (मेडिटेशन) के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध, त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का पर्याय हैं। आज पूरा विश्व महात्मा बुद्ध के विचारों पर चलने की अपील कर रहा है। पूरा संसार भारत को शांतिप्रिय एवं सद्भावना का दूत मानता है। तथागत भगवान बुद्ध के जीवन और दिखाए गए सत्य, अहिंसा, प्रेम व करुणा के मार्ग से 'विश्व- शांति एवं राष्ट्र-निर्माण' की प्रेरणा दुनिया को हमेशा मिलती रहेगी। मौर्य ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कौशाम्बी और संकिसा का निरन्तर विकास कर रही है। कौशाम्बी में विपश्यना केन्द्र निर्माण की तैयारी प्रगति के अंतिम चरण में है। इसके अलावा मठ और स्तूपों के विकास के साथ-साथ पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

# इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक एवं उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन मंत्री ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक भव्य समारोह में इंडियन बैंक की ओर से यूपी एसआरटीसी के कर्मचारियों के लिए तैयार किए गए विशेष वेतन पैकेज के लिए औपचारिक रूप से एमओयू पर किया हस्ताक्षर किया गया। यूपी एसआरटीसी की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने तथा इंडियन बैंक की ओर से कार्यपालक निदेशक बृजेश कुमार सिंह ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर कर एक दूसरे को एमओयू की प्रति प्रदान की। इस कार्यक्रम में मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक यूपी एसआरटीसी, चंद्र भूषण सिंह, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन विभाग, प्रधान सचिव ङ्क परिवहन एल. वेंकटेश्वरलु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंडियन बैंक की ओर से मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (मेरठ) सुधांशु गौड़, क्षेत्र महाप्रबंधक (इलाहाबाद), नवीन श्रीवास्तव, अंचल प्रबंधक (लखनऊ) प्राणेश कुमार एवं बैंक के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे। इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक बृजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश भारत में सबसे तेज गति से विकास के पथ पर अग्रसर राज्य है। इसे स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में इंडियन बैंक भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हमेशा उत्साहित रहा है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के दवीयपक्षीय निष्पादन से हम अपने ग्राहकों को डिजिटल ग्राहक सेवा उपलब्ध करवाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं। इससे हमारा उत्साह और बढ़ा है। आगे भी हम राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को ऐसी ही डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए उत्सुक हैं। सिंह बताया कि इसके तहत यूपी एसआरटीसी के कर्मचारियों को खाते के साथ अधिकतम 1 करोड़ से लेकर न्यूनतम 2 लाख तक का बीमा कवर भी प्रदान किया जा रहा है जिसमे एटीम कार्ड और लॉन्ज एक्सेस के साथ कई निःशुल्क सेवाएँ भी प्रदान की जाएगी। 1 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर इंडियन बैंक द्वारा विभिन्न राज्यों गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक में राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए डिजिटल उत्पाद की सेवा बैंक द्वारा उपलब्ध कारवाई जा रही है। उत्तर प्रदेश में संरचनात्मक निर्माण से जुड़े मजदूरों के लिए उपकार संग्रहण, गन्ना मिल के मजदूरों लिए वेतन पैकेज, आई आई टी कानपुर में इंड स्परींग बोर्ड आदि प्रदेश को प्रदान की जा रही हमारे ऐसे ही डिजिटल उत्पाद के नाम हैं जहां डिजिटल होने सभी लाभ ग्राहकों में मिल रहे बिना किसी मस्सकत के आसानी से प्राप्त हो रहे हैं। कार्यपालक निदेशक ने कहा कि मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेला में महिला तीर्थ यात्रियों के लिए बैंक द्वारा 600 अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जा रही है। सिंह कि व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देना इंडियन बैंक की परंपरा रही है।

# जीडीपी में लगातार हो रही गिरावट देश के लिये चिंताजनक : तिवारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने जीडीपी में लगातार हो रही गिरावट को देश की साख के लिए चिंताजनक बताया है। श्री तिवारी ने कहा कि पिछले सात तिमाही में जीडीपी का सात प्रतिशत की जगह घटकर 5.4 के मानक पर पहुंचना मोदी सरकार की अर्थनीति की खामियां उजागर करता है। आर्थिक क्षेत्र में मंदी को लेकर पिछले 18 महीने में अर्थव्यवस्था चौपट होने के लिए मौजूदा केन्द्र की भाजपा सरकार सीधे तौर पर दोषी है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की कमजोर आर्थिक नीतियों से डॉलर के मुकाबले रुपये का रोज कमजोर होना बेहद चिंताजनक है। केन्द्र सरकार की अपरिपक्वता की वजह से सकल घरेलू उत्पाद के क्षेत्र में कमजोरी आ रही है। खाने-पीने की आम आदमी की जरूरत की चीजों की महंगाई चरम पर है। रुपये की साख दिनों-दिन घटना, देश के विदेशी मुद्रा भण्डारण में लगातार गिरावट के साथ राजकोषीय घाटे में वृद्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खोखले दावों को बेनकाब करता है। अर्थव्यवस्था के चौपट हालात को लेकर मोदी सरकार को अब देश से क्षमायाचना करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के संभल में विपक्षी नेताओं के दौरे को रोकने पर कहा कि आखिर सरकार और जिला प्रशासन इस प्रतिबंध से कौन सी सच्चाई छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। अडानी मुद्दे पर भी सरकार का नजरिया जनता के बीच दाल में कुछ काले के अंदेशे को लगातार बढ़ाता जा रहा है। केन्द्र सरकार देश की प्रतिष्ठा बहाल रखने के लिए विपक्ष की अडानी समूह के रिश्वतखोरी मामले में जेपीसी गठन की मांग को अनदेखा करने से बाज आए।

# सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे आयोजित हुआ। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में विभिन्न अनुभागों की कुल 63 फाइलों का निस्तारण किया गया।। लविप्रा सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण में विभिन्न प्रकरणों से संबंधित लम्बित फाइलों के निस्तारण के लिए शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे आयोजित किया गया। सभी विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, लिपिक व अभियंतागण अपने अनुभाग की लम्बित फाइलों के साथ सुबह 10:30 बजे मीटिंग हॉल में जमाए हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष ने खुद लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए फाइलों पर तुरंत निर्णय लिया और कार्रवाई कराई। इस दौरान सभी लम्बित फाइलों पर शत-प्रतिशत कार्रवाई करते हुए कुल 63 फाइलों का निस्तारण किया गया। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में रिफण्ड के 8, रजिस्ट्री के 14, फ्री-होल्ड के 17 और नामांतरण की 24 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

### नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाया



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अर्जन और अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को मोतीझील के पास अभियान चला नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाया। इस दौरान नजूल भूमि पर अनाधिकृत रूप से संचालित कबाड़ बाजार को हटा कर लगभग 2 बीघा जमीन खाली करायी गयी। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ऐशबाग योजना के भदेवां में मोतीझील से सटी नजूल भूमि खसरा नम्बर 209 पर मोहम्मद यूसुफ सहित अन्य लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा था। उपाध्यक्ष ने मोतीझील के निरीक्षण के दौरान नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये थे, जिस पर शनिवार को अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चला कार्रवाई की। इस दौरान नजूल अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार हेमचन्द्र तिवारी व उनकी टीम ने 2 जेसीबी से अवैध अतिक्रमण ध्वत्त कर कब्जेदारों को हटाया। अभियान में लगभग 2 बीघा जमीन खाली करायी गयी। आस-पास कुछ अवैध झुग्गी-झोपड़ी भी बनी हैं, उन्हें भी जल्द अभियान चला कर हटवाया जाएगा।

### दीप प्रज्वलन और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**लखनऊ।** एरा कॉलेज ऑफनर्सिंग, एरा यूनिवर्सिटी में 29 नवंबर, 2024 को दीप प्रज्वलन और शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। डॉ. मंजू छुगानी, प्रोफेसर रुफैदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग के कुल 240 प्रथम वर्ष के छात्रों ने इस भव्य समारोह में भाग लिया, जिसमें उन्होंने दीप प्रज्वलित किया और नाइटिंगल शपथ ली। एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एरा यूनिवर्सिटी की प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) प्रिसिला सैमसन ने अतिथियों का स्वागत किया और दीप प्रज्वलन समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. (डॉ.) अब्बास अली महदी, माननीय कुलपति, एरा विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशियों को बधाई दी और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कुशल नर्सों को तैयार करने में अग्रणी के रूप में एरा कॉलेज ऑफनर्सिंग की भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) मंजू छुगानी ने बधाई दी और स्वास्थ्य सेवा टीम के सदस्यों के रूप में नर्सों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक प्रेरक संदेश दिया।

### ईसाले सवाब के लिए मजलिस मंगलवार को

**लखनऊ।** पब्लिक एजूकेशनल काउसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. हुसैन मोहसिन जैदी के पिता स्वर्गीय हबीब हसन जैदी के ईसाले सवाब के लिए मंगलवार को मजलिस होगी। डॉ. हुसैन मोहसिन जैदी ने बताया कि 3 दिसम्बर को हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित बिल्कीस जहां की मस्जिद में बाद नमाज मगरिब तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस में मोहसिन सण्डीलवी, अख्तर काजमी और हसन मुस्तफा, जकी अपना कलाम पेश करेंगे। इस मौके पर होने वाली मजलिस को मौलाना सईदुल हसन नकवी खिताब करेंगे।

### महाकुम्भ 2025 के दौरान बेहतर आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से रात्रि के समय भी किया जायेगा मॉक एक्सरसाइज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पी.वी.एस.एम, ए.वी.एस.एम, वी.एस.एम, (से.नि.) की अध्यक्षता में आज 30 नवम्बर, 2024 को जनपद प्रयागराज में मेला प्राधिकरण के सभागार में महाकुम्भ-2025 के दौरान आपदा प्रबंधन की विभिन्न कार्यवाहियों की समीक्षा हेतु आयोजित होने वाले टेबलटॉप एक्सरसाइज एवं मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों पर विभिन्न विभागों/एजेंसियों के साथ चर्चा हेतु व्तपमदजंजपवद दक ब्ववतकपदंजपवद ब्वदमितमदबम बैठक आहूत की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महाकुम्भ श्री राजेश द्विवेदी, आई.पी.एस., अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रयागराज के साथ जनपद के अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, अग्निशमन विभाग, पुलिस यातायात, संचार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभागों के अधिकारी तथा एन.डी.आर.एफ., एस.डी.आर.एफ. के साथ भारतीय रेलवे एवं भारतीय सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही एवं समन्वय ब्रिगेडियर अजय गंगवार, वरिष्ठ सलाहकार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने बताया कि महाकुम्भ-2025 के दौरान बेहतर आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए इंटीग्रेटेड रिस्पांस की आवश्यकता है। सभी विभाग अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहें हैं और इनकी आपदा प्रबंधन योजनाएं भी तैयार हैं।

# आरडीएसओ में इनोरेल प्रदर्शनी एवं सम्मेलन-2024 का समापन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 6वीं इनोरेल और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2024, जो 28 से 30 नवंबर 2024 तक आरडीएसओ परिसर, लखनऊ में आयोजित किया गया। सफलता के साथ संपन्न हुआ। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम रेलवे क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों को एक तटस्थ मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जहां व्यावसायिक नेटवर्किंग, तकनीकी प्रगति और भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार के विस्तार पर जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन आरडीएसओ के महानिदेशक, उदय बोरवणकरने 28 नवंबर 2024 को किया। महानिदेशक/आरडीएसओ ने 50 से अधिक कंपनी स्टालों का दौरा किया और भारतीय रेलवे में अपनाई जा सकने वाली नवीनतम तकनीकों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक रेलवे और उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और रेलवे प्रौद्योगिकियों में प्रगति का अनुभव किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों, विक्रेताओं और आम जनता ने भाग लिया, जो व्यावसायिक अवसरों और तकनीकी सहयोग की संभावनाओं का पता लगा रहे थे। इस दौरान कई व्याख्यान और चर्चाएं आयोजित की गई, जिनमेंसॉफ्टवेयर और सेंसर आधारित स्थिति निगरानी एवं भविष्यवाणी रखरखावऔररोलिंग स्टॉक में तकनीकी प्रगति और नवाचारजैसे विषय शामिल थे। समापन दिवस, 30 नवंबर 2024 को, प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, जैसेसंजय कुमार पंकज/ एएम (पीयू) और एएम (एमई) और उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आरडीएसओ, ने प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और सहयोग के नए अवसरों का पता लगाया। इस कार्यक्रम में छात्रों, परिवारों और पेशेवरों की बड़ी उपस्थिति देखी गई, जिसने इसकी सफलता को और बढ़ा दिया। महानिदेशक/ आरडीएसओ, उदयबोरवणकर, ने कार्यक्रम के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसने रेलवे क्षेत्र में नवाचार, उद्योग सहभागिता और उद्यमशीलता विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# किंडरगार्टन क्रिकेट एंड साकर मैच में टाइगर व डॅव टीम ने बाज़ी मारी




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बच्चों एवं युवाओं में शारीरिक एवं मानसिक विकास को विकसित करने के उद्देश्य से आज राइम एंड रिदम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा सेक्टर-के-614 आशियाना, लखनऊ स्थित खेल प्रांगण में आयोजित किंडरगार्टन क्रिकेट एंड सॉकर मैच टाइगर व डॅव टीम ने बाज़ी मारी। कोयल सक्सेना के संयोजन एवं बलराम सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित किंडरगार्टन क्रिकेट मैच में बालक वर्ग में लॉयन, टाइगर, चीता और पैंथर टीमों ने मैच खेला, जिसमें टाइगर टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की, इसी तरह बालिका वर्ग के किंडरगार्टन सॉकर मैच में ईगल और डॅव टीम ने सॉकर मैच खेला, जिसके अंतर्गत डॅव टीम विजेता रही।

समारोह में मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा सक्सेना, विशिष्ट अतिथि पूजा मल्होत्रा और आयुषी अवस्थी ने सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एकता वोगरा, विधिका दास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बालिका सीनियर वर्ग में दृष्टि शर्मा ने लगायी हैट्रिक

- मेजर जनरल शबीह हैदर व सैयद रफत ने किया सम्मानित
- यूनिटी कालेज ऐनुअल स्पोर्ट्स -डे 2024



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कायम अब्बास जैदी ने यूनिटी कालेज के एनुअल स्पोर्ट्स-डे में बीते दो सालों की तरह इस बार भी शनिवार को लगातार तीसरे साल चैम्पियन होने के साथ इस बार भी सीनियर अण्डर-19 वर्ग में 100, 200, 400 मीटर दौड़, शॉटपुट व 4 गुणे 100 रीले में स्वर्ण पदक लगाकर पांच स्वर्ण सहित हैट्रिक लगायी। कायम अब्बास जैदी के प्रदर्शन को देख सैकड़ों की तादात में मौजूद लोगों ने तालियों से हौसला बढ़ाया। वहीं सीनियर अण्डर-19 बालिका वर्ग में दृष्टि शर्मा ने 1500 मीटर, 800 मीटर, 400 मीटर दौड़ के अलावा डिसकस थ्रो में हैट्रिक सहित 4 स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं जूनियर वर्ग में अयान हैदर और अनाया फात्मा ने क्रमशः 1500 और 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीते। इस मौके पर कालेज के छात्र हुसैन मेहदी को ताइक्कांडो एसजीएफआई में चयन होने पर भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मेजर जनरल शबीह हैदर नकवी, जनरल स्टाफ और विशिष्ट अतिथि डॉ सैयद रफत जुबैर रिजवी, अंतरराष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ताइक्कांडो कोच ने कार्यक्रम की शुरूआत बहु-धर्म प्रार्थना और रंगीन गुब्बारे हवा में छोड़ने के साथ की। इस मौके पर कॉलेज सचिव नजमुल हसन रिजवी, प्रिंसिपल दीपक मर्विन मैथ्यूज, उप प्रधानाचार्य सचिंद्र भारती, हेडमिस्ट्रेस कायनात मंसूर और प्रबंध समिति के अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद थे। अपने स्वागत भाषण में प्रिंसिपल मैथ्यूज ने समग्र उत्कृष्टता के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्तर के खेल सितारे मोहम्मद अयान, कायम अब्बास जैदी, हुसैन मेहदी और अरहम हैदर के नेतृत्व में मशाल दौड़ ने खेल भावना का प्रदर्शन किया, जिसके बाद एनसीसी बटालियन और छात्र टुकड़ियों ने कॉलेज बैंड की लयबद्ध धुनों के साथ प्रभावशाली मार्च पास्ट किया।